


सूर्योदय प्रातः 6:27 सूर्यास्त संध्या 5:39 पखवाड़ा फाल्गुन कृ. पंचमी, संवत 2082 तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 11°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 06 फरवरी 2026, वर्ष : 16, अंक : 350, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,313.93 | -503.76 (-0.60%) |
| निफ्टी | 25,642.80 | -133.20 (-0.52%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 1,50,200.00 |
| चांदी | | 3000.00 |

# भारत तेजी से आगे बढ़ रहा, हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में गुरुवार को कहा कि विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा जारी रहा और कुछ देर बाद विपक्षी सदस्य बहिर्गमन कर गये।

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मोदी ने कहा, 'विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, भारत उनका समाधान दे रहा है। आज भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। आज कोई भी सेक्टर हो, सबमें भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया सम्भल नहीं पा रही है। साफ नजर आ रहा है कि दुनिया नये ऑर्डर की तरफ बढ़ रही है। खुशी की बात है सारी घटनाओं का झुकाव भारत की तरफ है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के प्रथम 25 साल पूरे हो चुके हैं। दूसरे 25 साल विकसित भारत की दिशा में सामर्थ्यवान होनेवाला है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में 09 बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं। यूरोपीय संघ




के साथ 'मदर ऑफ ऑल डील्स' हुई है। विपक्ष को जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बनायी कि कोई देश हमसे समझौते करने को आगे नहीं आता था। ये देश ऐसे ही भारत के साथ समझौते नहीं कर रहे हैं। मैं गुजरात में वाइब्रेट गुजरात समिट करता था, जिसका साझेदार देश जापान हुआ करता था।

मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी जारी रखी। सभापति ने उनसे शांत रहने और अपनी सीटों पर लौटने का अनुरोध किया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सभापति को कहा कि उम्र को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी सीट से ही नारेबाजी जारी रख सकते हैं। नारों के बीच अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य पर भरोसा जताया है और सभी क्षेत्रों के विकास का आश्वासन दिया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद से बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले चार दिनों से हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सरकार की काली करतूतों में अमेरिका के साथ समझौता करना, किसानों के हितों की बलि देना और ट्रम्प जो भी कहते हैं, उसे मान लेना तथा उनके सामने झुक जाना शामिल है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस विदेश नीति, ट्रम्प के बयान, सामाजिक न्याय ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### टीवी व केबल कम्पनियों के लिए ट्राई ने जारी किये नये नियम

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं अंतसंबंध (पता योग्य प्रणालियां) (सातवां संशोधन) नियम, 2026 जारी किये। इन नियमों का उद्देश्य ऑडिट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और सरल बनाना है।

संचार मंत्रालय के मुताबिक अब हर वितरक (डिस्ट्रिब्यूटर) को हर साल 30 सितम्बर तक ऑडिट रिपोर्ट प्रसारक को सौंपनी होगी। पहले यह प्रक्रिया कैलेंडर वर्ष पर आधारित थी, लेकिन अब इसे वित्तीय वर्ष के आधार पर किया जायेगा। यानी ऑडिट अप्रैल से मार्च तक की अवधि के हिसाब से होगा। नये नियमों में प्रसारकों को भी ज्यादा अधिकार दिये गये हैं। वह चाहें, तो ऑडिट के दौरान अपने प्रतिनिधि भेज सकते हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

### ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। वह वेनेजुएला समेत किसी भी नये आपूर्ति विकल्प के वाणिज्यिक लाभों का मूल्यांकन करने के लिए तैयार है। भारत ने दोहराया कि वह ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक बार फिर ऊर्जा जरूरतों और लाभकारी मूल्यों को निर्णय का आधार बताया। उन्होंने दोहराया कि भारत आपूर्ति में विविधता लाने का पक्षधर है। भारत की इस टिप्पणी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत रूसी तेल खरीदी बंद करने पर सहमत हो गया है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारतीय समानों पर लग रहा अतिरिक्त टैरिफ हटा लिया है। वहीं ट्रम्प ने दावा किया है कि भारत रूस से तेल खरीदी नहीं करेगा और वेनेजुएला को प्राथमिकता देगा।

## अंदर के पन्नों पर


3 आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित हुआ राज्य...

5 धनबाद मेयर चुनाव में बहुकोणीय मुकाबले के...

7 नगर निकाय आम निर्वाचन-2026 को लेकर तैयारियों की...

9 फाइलेरिया मुक्त सहरसा बनाना हमारी प्राथमिकता...

10 भारत-इंग्लैंड के बीच खिताबी मुकाबला आज...


## कार्टून कोना




# केन्द्रीय बजट में झारखंड की हुई है उपेक्षा : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा :** राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कोडरमा के लोकाई में कहा कि इस बार के केन्द्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा की गयी है। खनिज मामलों में धनी राज्य झारखंड यदि इन संसाधनों को दूसरे राज्यों में भेजने पर पांबदी लगा दे, तो देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जायेगी।

श्री सोरेन ने झामुमो में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए एक और कड़ी जोड़ रहा है। एक लम्बे समय के बाद अलग अपना राज्य बना। 25 साल का यह झारखंड प्रदेश बिहार के एक कोने में बसता था, नतीजा झारखंड प्रदेश कई मायनों में पिछड़ा रहता था।

आजादी के लिए भारत देश को कितना संघर्ष करना पड़ा, वह आप सबको पता है। कितने लोग जेल गये, ना जाने कितने लोग देश के लिए कुर्बान हो गये। ठीक उसी प्रकार जब यह भारत देश आजादी का सपना भी नहीं देखा था, उससे कई वर्षों आगे से झारखंड में यहां के आदिवासी मूलवासी अंग्रेजों से लोहा लेते रहे। हजारीबाग जेल से लेकर झारखंड के हर कोने के जेल झारखंड के आन्दोलनकारियों से भरा पड़ा था, तब यह राज्य मिला। यह ऐसा राज्य है, जिसने सदियों से सिर्फ देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कोयला, लोहा, अबरख; सबकुछ हम लोगों ने दिया। हमारी खनिज सम्पदा से दिल्ली, मुम्बई, गुजरात चमकते रहे। हम लोग अंधकार में, गरीबी में रहने को मजबूर हुए और योजनाबद्ध तरीके से झारखंड को गरीब राज्य बनाने का काम किया गया। देश के आजाद होने के बाद कारखाने उद्योग लगे, लेकिन दुर्भाग्य उसका लाभ हमारे झारखंड के भाइयों को नहीं मिला। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## कोडरमा के लोकाई क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा

■ अब झारखंड बदल रहा है, झारखंड को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का हमने काम किया

### शालिनी गुप्ता ने सैकड़ों समर्थकों संग थामा झामुमो का दामन

**मुख्यमंत्री** के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं की गयी थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही। सभा के दौरान विधानसभा की पूर्व स्वतंत्र प्रत्याशी रह चुकी शालिनी गुप्ता ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंच पर शालिनी गुप्ता को अंगवस्त्र प्रदान कर पार्टी में शामिल कराया। उनके पार्टी में शामिल होने पर झामुमो कोडरमा जिला समिति ने नवागंतुक सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज के इलाकों से हजारों की संख्या में लोग जनसभा में पहुंचे।

## राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को मिलेगी पेंशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार को हुई बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गयी। इनमें से दो प्रस्तावों को कैबिनेट ने स्थगित कर दिया है। इनमें से एक प्रस्ताव 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में बैठनेवाले छात्रों को उम्र सीमा में छूट देने से सम्बन्धित था। गुरुवार को कैबिनेट की बैठक से सम्बन्धित फैसलों की ब्रीफिंग राज्य में हो रहे निकाय चुनाव के कारण लगे आचार संहिता के कारण नहीं की गयी।

सूत्रों के अनुसार कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने उम्र सीमा में छूट के लिए अगस्त 2023 का प्रस्ताव दिया था। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इस प्रस्ताव को स्थगित रखने की बात कही गयी।



सूत्रों के अनुसार कितने वर्षों की उम्र सीमा में छूट दी जाये, इसे लेकर सरकार के शीर्ष स्तर पर अभी सहमति नहीं बनी है। इसीलिए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि 11 वीं से 13 वीं जेपीएससी की परीक्षा में उम्र सीमा का कट ऑफ डेट अगस्त 2017 था।

छात्र 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में कट ऑफ डेट अगस्त 2018 की मांग कर रहे हैं। इस स्थिति में सरकार के लिए कट ऑफ डेट क्या रखा जाना चाहिए, इस पर फिर से विचार किया जायेगा।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धाओं में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को पेंशन देने के फैसले को नये सिरे से रिस्ट्रक्चर किया है। अब अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रत्येक महत्वपूर्ण खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को पेंशन मिलेगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री आज करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' अपने नवें संस्करण के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे आयोजित किया जायेगा। इस वर्ष यह कार्यक्रम पहली बार देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार 'परीक्षा पे चर्चा 2026' का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन तथा शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया मंचों पर किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वेव्स ओटीटी, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो, जी फाइव, सोनी लिव और स्पॉटिफाई पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा।

## राज्यसभा में सत्तापक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक

# कांग्रेस को 'अबोध बालक' ने बनाया बंधक : जेपी नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को शुरू होते ही सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सभा की शुरुआत में जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोका जा रहा है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा से जुड़े मामलों पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जा सकती। रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों से सदन के नियमों और परम्पराओं का पालन करने की अपील की। रिजिजू ने कहा, 'सदन के सभी सदस्य प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिए इंतजार कर रहे हैं। अगर कांग्रेस सदस्य उनका भाषण ● शेष पृष्ठ 11 पर



## चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षकों से कहा...

# सुनिश्चित करें पारदर्शी चुनाव

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों में केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले सामान्य, पुलिस तथा व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। यहां के भारतीय निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में गुरुवार से शुरू यह दो दिवसीय बैठक तीन चरणों में होगी। आयोग के अनुसार कुल 1,444 अधिकारियों को ब्रीफिंग के लिए बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने केन्द्रीय पर्यवेक्षकों को सम्बोधित किया। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## अवैध कोयला खदान में विस्फोट के बाद लगी आग


**असम के कई मजदूरों की मौत**

**शिलांग :** मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक अवैध कोयला खदान में गुरुवार को विस्फोट के बाद अचानक आग लग गयी। इस हादसे में कई मजदूरों के मारे जाने की सूचना है, जबकि तीन की पहचान कर ली गयी है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की एक टीम गुवाहाटी से रवाना हो गयी है। माना जा रहा है कि हादसे में मारे गये सभी मजदूर असम के थे। यह विस्फोट खदान के अन्दर हुआ, जिससे साइट पर काम कर रहे मजदूरों को गम्भीर चोटें आने और आग के चलते उनकी मौत हो गयी।

# हाथियों के झुंड ने एक परिवार के तीन सदस्यों को कुचल कर मार डाला

निर्मल महाराज

**बोकारो :** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के महुआ टांड थाना क्षेत्र के जंगल स्थित बसा बड़की पुन्नू गांव में गुरुवार की अल-सुबह 03 बजे पांच हाथियों के झुंड ने घर में घुस कर एक परिवार के पति, पत्नी समेत तीन सदस्य को कुचल कर मार डाला। बोकारो जिला वन अधिकारी संदीप सिंदे ने बताया कि इस घटना में 01 व्यक्ति गम्भीररूप से घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि हाथियो के झुंड भोजन की तलाश में सुबह 03 बजे गांव के गंगवा करमाली के घर के आंगन में घुस गया।



गंगवा करमाली गजराजों के झुंड का आतंक देख अपनी जान बचा कर भागने की कोशिश की, तो हाथियों ने उसे सूंड से पकड़ा और कुचल कर मार डाला। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### उपायुक्त ने जताया शोक

**उपायुक्त** अजय नाथ झा ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उपायुक्त ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहन सहानुभूति प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

## ममता सरकार ने किया बड़ा एलान

# माध्यमिक पास बेरोजगारों को भत्ता, डीए में बढ़ोतरी और सिविक वॉलंटियरों के वेतन में इजाफा

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व गुरुवार को अपना आखिरी अंतरिम बजट पेश किया। राज्य की वित्त राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा प्रस्तुत इस बजट में आम लोगों, सरकारी कर्मचारियों, बेरोजगार युवाओं और सामाजिक सेवा से जुड़े कर्मियों के लिए कई अहम घोषणाएं की गयीं।

बजट का सबसे बड़ा आकर्षण माध्यमिक पास बेरोजगार युवाओं के लिए नयी भत्ता योजना रही। 'बांग्ला युव साथी' नाम की इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के माध्यमिक उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रति माह 1500 रुपये भत्ता दिया जायेगा। यह योजना आगामी 15 अगस्त से लागू होगी और अधिकतम पांच वर्षों तक इसका लाभ मिलेगा।



महिलाओं के लोकप्रिय कल्याणकारी कार्यक्रम 'लक्ष्मी भंडार' में भी बढ़ोतरी की घोषणा की गयी है। योजना के तहत मिलनेवाली राशि में प्रति माह 500 रुपये की वृद्धि की गयी है, जो फरवरी माह से ही प्रभावी होगी। इस योजना के लिए बजट में कुल 15 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

राज्य कर्मचारियों को भी राहत देते हुए अंतरिम बजट में चार प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की घोषणा की गयी। इसके अलावा सिविक वॉलंटियर और ग्रीन पुलिस के मासिक वेतन में 1000 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है, जिसके लिए 150 करोड़ आवंटित किये गये हैं। आशा कर्मियों, आंगनबाड़ी कर्मियों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं और शिक्षा बंधुओं के भत्ते में भी 1000 रुपये प्रति माह की वृद्धि की घोषणा हुई है। आंगनबाड़ी कर्मियों और सहायिकाओं की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का भी प्रावधान किया गया है।

पेंशनभोगियों के लिए भी सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाया है। अब पश्चिम बंगाल हेल्थ स्कीम के तहत दो लाख से अधिक के इलाज खर्च पर भी 75 प्रतिशत तक ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ टीएमसी का प्रस्ताव, स्पीकर ने चर्चा से किया इनकार

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा में गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस मुद्दे पर सदन में किसी भी तरह की चर्चा की अनुमति देने से इनकार कर दिया, क्योंकि मामला फिलहाल उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा की मांग करते हुए आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव 2026 से पहले यह कवायद मतदाताओं के लिए व्यापक उत्पीड़न का कारण बन रही है। लेकिन, स्पीकर ने स्पष्ट किया कि चूंकि मामला न्यायालय में लम्बित है, इसलिए सदन में इस पर बहस नहीं हो सकती और चर्चा केवल राज्यपाल के अभिभाषण तक सीमित रहेगी। इस बीच विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने सरकार पर बिजनेस एडवाइजरी कमिटी (बीएसी) के फैसले को अंतिम समय में बदलने का आरोप लगाया।

## एक झलक

### जैक बोर्ड परीक्षा : वाणिज्य में अनुपस्थित रहा एक छात्र

**बेड़ो** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित दशवीं बोर्ड की वाणिज्य व गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में एक परीक्षार्थी ने वाणिज्य की परीक्षा में अनुपस्थित रहा। जहां प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल तीन परीक्षा केंद्रों में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में वाणिज्य में 5 और गृह विज्ञान में 126 में सभी उपस्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में वाणिज्य में 60 में 01 अनुपस्थित सरस्वती विद्या मंदिर में दोनों विषयों में कोई छात्र नहीं था। वही छात्र छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखे। परीक्षा पूर्णत: शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है। वही करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। वहीं परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व क्षेत्रीय दंडाधिकारी के रूप में राकेश रंजन की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### ट्यूलिप हेल्थ केयर ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रामगढ़** : बड़का चुंबा पंचायत भवन में गुरुवार को ट्यूलिप हेल्थ केयर, कुज्जू के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सक डॉ. रंजन कुमार ने 52 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिए। शिविर में लोगों के ब्लड प्रेशर और शुगर की निशुल्क जांच भी की गई। अवसर पर पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। आगे भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ लोगों को मिले इसके लिए प्रयास किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में मेडिकल स्टाफ छोटू गंझू, प्रकाश कुमार, विजय कुमार, रूचि साहू ने सराहनीय योगदान दिया।

### बेड़ो अनुमंडल के थानों का वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**बेड़ो** : वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन ने ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर व पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम के साथ गुरुवार को बेड़ो अनुमंडल क्षेत्र के लापुंग, नरकोपी, बेड़ो व इटकी थाना का औचक निरीक्षण किया। मौके पर भौतिक निरीक्षण करते हुए उन्होंने थाना प्रभारियों को रख रखाव को लेकर कई निर्देश दिया। मौके पर एसएसपी ने बताया की थाना में रख रखाव, साफ सफाई, सिपाहियो के रहने की व्यवस्था, थाने की वर्तमान स्थिति व केस रिवियु पर ध्यान दे रहे हैं। जिससे आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में सुधार दिखे। जो भी कमियां मिली है उसे सुधारने का निर्देश दिये हैं। अच्छे काम भी हमें देखने को मिले हैं उसके लिए पदाधिकारियों को शाबासी भी दिए हैं। मौके पर लापुंग थाना के थाना प्रभारी गोबिंद कुमार, नरकोपी थाना नागेश्वर साव, बेड़ो के थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव सभी थाना के पदाधिकारी व सशस्त्र बल उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में चोरों का मनोबल बढ़ा सरकारी स्कूल का तड़ित चालक चुराया



**रामगढ़** : भुरकुंडा में इन दिनों चोरों का मनोबल बढ़ता दिख रहा है। बीती रात चोरों ने भुरकुंडा ओपी के निकट उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा का तड़ित चालक चुरा लिया। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि सुबह विद्यालय खुलने पर छत पर लगा तड़ित चालक गायब पाया गया। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक अशोक राय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चोरी गए तड़ित चालक तांबे का था। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 से 40 हजार होगी। उन्होंने बताया कि तकरीबन डेढ़ माह पूर्व अज्ञात असमाजिक तत्वों ने विद्यालय की एक तरफ की बाउंड्री तोड़ दिया था। बताते चलें कि भुरकुंडा ओपी की चहारदीवारी और स्कूल के बीच मात्र सड़क का फासला है। बेखौफ चोरों ने चोरी को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती दे दी है।

# दहेज लेना व देना कानूनन अपराध : बेबी सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, माननीय सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव की देखरेख में अनगड़ा प्रखंड के चतरा पंचायत भवन एवं चतरा गांव में डालसा के पीएलवी के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी बेबी सिन्हा, मालती कुमारी, सुनीता कुमारी, मीना श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे। पीएलवी बेबी सिन्हा ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट,




पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर बताया एवं बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। सुनिता कुमारी ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते है। पीड़िता अगर महिला हो, तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। मीना श्रीवास्तव ने दहेज प्रथा कानून-1961 के बारे में विस्तार से बताये और कहा कि दहेज लेना और देना कानूनन अपराध है, इसमें सजा भी होती है। पीएलवी मालती कुमारी के द्वारा एमएसीटी एक्ट-1988 के बारे में जानकारी दी गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रोजेक्ट तृप्ती के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने बाल विवाह पर फोकस की। यह भी ज्ञात हो कि डालसा के सभी पीएलवी के द्वारा आगामी 14 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गयी। सभी पीएलवी ने कहा कि उक्त तिथि को व्यवहार न्यायालय, रांची में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निःशुल्क निस्तारण करा सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं विवाह से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस भेजे। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किये।

### रामगढ़ में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब की भट्ठियों को किया ध्वस्त

## 500 किलो जावा महुआ और 40 लीटर शराब बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : सहायक आयुक्त उत्पाद अरविन्द कुजूर के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने रामगढ़ थाना क्षेत्र में सघन अभियान चलाया है। जिसके अंतर्गत कांकेबार, गोसा, रानी बागी कई अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। अभियान में करीब 500 किलोग्राम जावा महुआ एवं 40 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। छापामारी अभियान में कांकेबार निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47(a) के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया। अभियान में अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेश कुमार, उत्पाद बल और प्रतिनियुक्त गृहरक्षक जवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र की हुई मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर पांडेपारा मोड़ के समीप गुरुवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे पिकअप ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार लोहरदगा बैजवाली गांव निवासी 30 वर्षीय मनोज उरांव पिता महादेव उरांव व तीन वर्षीय पुत्र मयंक उरांव की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 25 वर्षीय पत्नी सरस्वती उरांव और 5 वर्षीय अनु उरांव पिता प्रवीण भगत गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा विनीता प्रसाद ने जांच के बाद मनोज उरांव व मयंक उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अनु उरांव को प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मनोज उरांव अपने घर बैजवाली से बाइक पर पत्नी बेटा को लेकर ससुराल बेड़ो थाना क्षेत्र के कुदारखो गांव आ रहा था। इसी दौरान लोहरदगा की ओर से आ रहे पिकअप ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे यह हादसा हुआ। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस के एसआई अनिल टोप्पो बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं एसआई अनिल टोप्पो ने बताया कि गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा जाएगा। इधर घटना के बाद पत्नी सरस्वती उरांव सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### भव्य कलश यात्रा से शिवमय हुआ तोरपा क्षेत्र

**खूंटी** : तोरपा प्रखंड के बासकी गांव में नवनिर्मित नर्मदेश्वर शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर गुरुवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बासकी सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। कलश यात्रा में सबसे आगे नौ कन्याएं सिर पर पवित्र कलश धारण कर चल रही थीं। उनके पीछे सैकड़ों महिलाएं और श्रद्धालु छह किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए तोरपा स्थित छाता नदी छठ घाट पहुंचे। नदी तट पर गंगा पूजन एवं अन्य वैदिक अनुष्ठानों के बाद कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद यात्रा कर्रा रोड, मेन रोड, तोरपा मिशन और तपकरा रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते रहे। इस अवसर पर बनारस से पधारे विद्वान आचार्यों के सानिध्य में वेदी पूजन, पंचांग पूजन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान देने वाले राजेंद्र सिंह सपत्नी मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। गांव को झंडे-पताकाओं से सजाया गया है तथा अनुशासन और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने आपसी सहमति से महोत्सव की अवधि में मांसाहार और मदिरा सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

## विधायक मद से सवा एक करोड़ रुपये के चेक डैम व उप स्वास्थ्य केन्द्र का हुआ शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजेश कच्छप ने वृहस्पतिवार को कुच्चू पंचायत में दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें कुच्चू के पहान डूबा नाला पर 81 लाख रुपए की लागत से एकल चेक डैम निर्माण कार्य और कुच्चू ग्राम में 55 लाख रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा तथा स्थानीय निवासियों को घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा, ह्लइस चेक डैम के निर्माण से न केवल क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि हमारे किसान भाइयों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल भी उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, उप स्वास्थ्य केंद्र के बनने से हमारे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सामान्य उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और हर चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरा लक्ष्य है। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों को इन योजनाओं की बड़ी सौगात देते हुए कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार, जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि (खेल विभाग) आशीष मुंडा, ऊर्जा विभाग से छोटेलाल महतो, खाद्य विभाग से अजय करमाली, खनन विभाग से सफीक अंसारी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र बेदिया, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, उपाध्यक्ष जोन तिग्गा, युवा अध्यक्ष विशाल स्वांसी, महासचिव साकिर अंसारी, कांग्रेस नेत्री देवकी कुमारी, अनिता देवी, ममता देवी, मुखिया शाहदेव बेदिया, पंचायत अध्यक्ष नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी युवा संतोष कच्छप सहित कृष्णा महली, बिहारी मुंडा, रोहित नायक, राज पांडे, निर्मल करमाली, विनोद बेदिया, विजय खलखो, भोला करमाली, शुभम बेदिया, जयशंकर पहान, बालेश्वर भोगता, बबलू राम, दीपक राम आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी में सीबीएसई कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक सत्र का औपचारिक समापन करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, शिक्षक सत्यवान प्रामाणिक, रविन्द्र महतो तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक भुवनेश्वर प्रामाणिक ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की प्रभावी तैयारी हेतु महत्वपूर्ण रणनीतियां एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के मूल मंत्र साझा करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायक, उत्साहपूर्ण एवं भावनात्मक रहा। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लापुंग के बाबा वनखंडी धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर कमेटी गठित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग** : लापुंग प्रखंड के पबीरा स्थित बाबा वनखंडी धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में महा शिवरात्रि पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें पहले दिन 14 दिसंबर की शाम हवन अनुष्ठान के साथ अखंड हरी कीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा । वहीं 15 दिसंबर को महाशिवरात्रि मेला का आयोजन होगा। इस दिन पहाड़ के ऊपर गुफाओं में विराजमान भगवान भोलेनाथ की पुजा अर्चना किया जाएगा। पुजा अर्चना के बाद भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं 16 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ तीन दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन होगा । वहीं महाशिवरात्रि मेला के सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर बिरंची महतो, उपाध्यक्ष अजय साहु, सचिव भुगलू मुंडा,उप सचिव रामदेव मुंडा व कार्तिक मुंडा कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप मुंडा व राजकिशोर मुंडा का चयन किया गया। वहीं संरक्षक में ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा, योगेंद्र मुडा, मादी मुंडा व दीपक मुंडा का चयन किया गया।

## कृष्ण बल्लभ उच्च विद्यालय के 1996 बैच के छात्रों का हुआ मिलन समारोह




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : रामगढ लारी स्थित कृष्ण बल्लभ उच्च विद्यालय के 1996 बैच के छात्रों का मिलन समारोह गुरुवार को पतरातू डैम में हुआ। बाल सखाओं से मिलकर सभी अभिभुत थे। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर किया गया। तत्पस्यात मित्रों के समूह द्वारा सामूहिक भोज, अंतराक्षरी, व नौका विहार जैसे कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस दौरान सबों ने अपने बचपन की खट्टी मीठी यादों को साझा कर भाबुक भी हुए. अंत में सभी ने एक दूसरे के सफल जीवन की कामना की। बता दें की मिलन समारोह में छात्रों के परिवार व बच्चे भी शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिओध करमाली, दिलीप कुमार, विनोद करमाली, अनिल कुमार महतो, ब्रह्मदेव करमाली, सुरेश महतो, अरुण प्रसाद, कृष्णा कुमार, अजय कुशवाहा सुरेश महतो, राजेश महतो आदि की

## बेड़ो के केशा में आज से बहेगी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की गंगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के केशा गांव स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर पूरे मंदिर परिसर में तैयारी पूरी हो चुकी है। महायज्ञ को लेकर पूरे गांव में साफ सफाई के साथ मंदिर परिसर यज्ञ मंडप को सजाया गया है। यहां पूरे गांव के लोग त्रिदिवसीय दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को प्रातः सात बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा से होगा। वहीं दो बजे से पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश किया जाएगा और शाम में संध्या कालीन आरती होगी। 7 फरवरी दिन शनिवार को सभी देवी देवताओं का आह्वान पूजन, सर्ववेदी प्रतिष्ठा, प्रतिमा का जलाधिवाश, अन्नादिवास, फलाधिवाश, पुष्पाधिवास व संध्या



कालीन आरती होगी। 8 फरवरी को सर्ववेदी पूजन, नेत्रदान, महास्नान, अंगन्यास, प्रतिमा का नगर भ्रमण, शय्याधिवास, शिखर न्यास, हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संध्या कालीन आरती एवं संध्या 6 बजे से 12 घंटा का अखंड हरी कीर्तन 9 फरवरी दिन सोमवार पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं यज्ञ के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ध्रुव मिश्रा, अरविंद पांडेय, कामेश्वर पाठक व सोनू पंडा और उनके सहयोगी। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर राजेंद्र सिंह, जगदीश गोप, मनोज सिंह, विजय गोप, रितेश साहू, गोविंद भगत, संदीप गोप, मनोज लोहरा, अरुण प्रताप सिंह, सत्यनारायण साहू, रंजन प्रसाद, शिवम सिंह, अनिल साहू, सजंय सिंहरमेश साहू, संजय साहू, कमलेश गोप, दीपक साहू, बबलू गोप,रामनाथ गोप, पवन उरांव, कृष्णा गोप, शंकर गोप, राहुल साहू, दिनेश सिंह, कुंदन साहू,करन गोप, बजरंग सिंह, शंकर राम, कमलेश गोप, विकास साहू,पंकज सिंह, महेंद्र गोप,उमेश सिंह सहित ग्राम वासी लगे हुए है।

### सिल्ली थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बैठक, तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा



**सिल्ली** : सिल्ली थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में आगामी महाशिवरात्रि पूजा के आयोजन को लेकर थाना प्रभारी अध्यक्षता में कमेटी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा को श्रद्धा, नियम एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट जलाभिषेक की व्यवस्था, पूजा सामग्री की उपलब्धता, श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण को सुचारू, व्यवस्थित एवं सभी तक समान रूप से पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मंदिर कमेटी एवं स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ महाशिवरात्रि पूजा को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिम्मेदारियों का बंटवारा करते हुए प्रशासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करने एवं पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर सहमति बनी।

## विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रामगढ़ में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदर अस्पताल, रामगढ़ के परिसर में दीप प्रज्वलन कर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ. नवल कुमार ने की। इस अवसर पर जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ. तुलिका रानी एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान एनसीडी के अंतर्गत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग सहित सामान्य कैंसर, ओरल, स्तन और सर्वाइकल कैंसर के बारे में आमजनों को विस्तृत जानकारी दी गई। उद्घाटन समारोह में उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़, चिकित्सक पदाधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले के सभी ऑपरेशनल



आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के साथ-साथ विभिन्न स्तरों पर एक सप्ताह तक विशेष कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्तन, सर्वाइकल एवं ओरल कैंसर की जांच की जाएगी। साथ ही जिले के स्वास्थ्यकर्मियों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार सहित सभी संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# छात्राओं ने विज्ञान-कला प्रदर्शनी में दिखायी प्रतिभा

## ■ समस्याओं का समाधान करने और नये अवसरों को खोजने में मदद करता है साइंस : आलम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची माली टोला चौक हिंदपीढ़ी के जिक्रा अरेबिक स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक क्षमता विकसित करना था। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं ने अपने मॉडलों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्काउड इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल शादान आलम ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किये। इनमें एआई रोबोट, इलेक्ट्रोलिसिस ऑफ वाटर,



माइक्रोस्कोप, भारतीय त्योहार, ज्वालामुखी, मानव नेत्र, जल शुद्धीकरण प्रणाली, सोलर सिस्टम और रक्त परिसंचरण तंत्र जैसे आधुनिक व वैज्ञानिक मॉडल शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और वैज्ञानिक महत्त्व को सरल भाषा में समझाया। मुख्य अतिथि शादान आलम ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सलाह देते हुए कहा, ह्यकड़ी मेहनत, समर्पण, और उत्साह के साथ आगे बढ़ें। कभी हार न मानें और हमेशा नयी चीजें सीखने के लिए तैयार रहें। साइंस सिर्फ एक विषय नहीं है, यह एक दृष्टिकोण है। जो हमें समस्याओं का समाधान करने और नए अवसरों को खोजने में मदद करता है। विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए ऐसी गतिविधियां आवश्यक हैं। प्रयोग और मॉडल के माध्यम से सीखने से बच्चों की समझ मजबूत होती है। स्कूल के निदेशक हाफिज अबुल कलाम ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान और तकनीक का है। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दशार्ता है। जिक्रा अरेबिक स्कूल में सीबीएसई पैटर्न पर दसवीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्शी सबा ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल किताबी ज्ञान से सम्भव नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ विज्ञान, कला और रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता से ही बच्चों की प्रतिभा निखरती है। विशिष्ट अतिथि मास्टर उस्मान, फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी के तनवीर आलम, कमर सिद्दीकी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को व्यावहारिक, वैज्ञानिक और नवाचारी शिक्षा प्रदान करना है। प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों के कार्यों को देखा। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य और गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति ने नीमडीह लाली पंचायत के रहनेवाले दुर्योधन मुंडा की सहायता की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नामकोम** : रविवार को समय 6 बजे शाम में पीड़ित अपने बारी से लौटने के क्रम में रास्ते पर अचानक जंगली हाथी से मुठभेड़ होने पर घायल हुई थी, इस दुखद परिस्थिति में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति द्वारा नीमडीह लाली पंचायत के रहनेवाले दुर्योधन मुंडा, उनकी धर्म पत्नी डोमबारी मुंडा, पिता स्वर्गीय मनीराम मुंडा को 2 बोरी चावल, 3 केजी मसूर दाल व 1 केजी सरसों तेल उनके इस दुःख की घड़ी में, उनके परिजनों के समक्ष दिया गया, साथ ही उनके परिजनों को अन्य कोई भी कार्य में हर संभव मदद करने का समिति की ओर से आश्वासन दिया गया! समिति के साथ साथ जेएमएम के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष चाम्मू बेक का भी सहयोग रहा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, सचिव नन्हें कच्छप ,नीमडीह स्कूल के शिक्षक डेबिट लकड़ा,ग्राम प्रधान सह सक्रिय सदस्य लक्ष्मण लकड़ा, झारखंड आन्दोलन कारी अमर कुमार महतो, धनेश्वर प्रसाद, नंद कुमार लकड़ा, सोमरा स्वांशी, रंजित मुंडा, सोमा मुंडा , सुनीता देवी, अर्जुन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, बुधराम मुंडा, संजय मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### पछुआ हवाओं के कारण नियंत्रण में तापमान, अनचाहे गर्मी से राहत

**रांची** : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पछुआ हवाओं के कारण तापमान नियंत्रण में है। तापमान नहीं बढ़ने से लोगों को दिन में लगनेवाली अनचाही गर्मी से राहत मिल रही है। बावजूद इसके अभी भी दिन में गर्म कपड़े पहनने से भारी गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि इन दिनों सुबह और रात में भारी कनकनी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने शुक्रवार से राज्य भर में सुबह में हल्के दर्जे का कुहासा और बाद में मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की है। गुरुवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान 9.7 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मानसिक बादल छाए रहे और मध्यम दर्जे की ठंडी हवाएं चली। हवा चलने से दोपहर में भी अपेक्षित गर्मी महसूस नहीं हुई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम 13.4 डिग्री, जमशेदपुर 30.1 डिग्री और 15.7 डिग्री, डालटनगंज में अधिकतम 27.1 डिग्री और 11.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### नाबालिग की हत्या का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**रांची** : पुलिस ने नाबालिग जसीम मंसूरी की हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर सिटी एसपी पारस राणा के नेतृत्व में गठित टीम ने मुख्य आरोपित शाहिद अंसारी को गिरफ्तार किया। अवैध संबंध का विरोध करने पर नाबालिग जसीम मंसूरी की हत्या कर दी गयी थी। उल्लेखनीय है कि पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर इलाके में बन रहे चार मंजिला अपार्टमेंट से बुधवार को नाबालिग का शव बरामद किया गया था। मृतक जसीम मंसूरी रांची के पंडरा थाना क्षेत्र के मुस्लिम मोहल्ले का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार वह दो फरवरी से लापता था। परिजनों ने पुंदाग ओपी में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार को परिजन उसकी तलाश करते हुए पुंदाग इलाके के उस निर्माणाधीन अपार्टमेंट पहुंचे, जहां ऊपरी मंजिल के पास उसका शव पड़ा मिला।

### गोल्डन आवर में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सहायता देनेवाले को मिलेगा 25 हजार का इनाम

**रांची/खूंटी** : जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) हरि शंकर बारीक के निर्देश पर गुरुवार को जिला परिवहन कार्यालय की ओर से इंपीरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक कर दुर्घटनाओं में कमी लाना था।
इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित व?यक्ति को गोल्डन आवर के भीतर सहायता पहुंचाने पर राह वीर योजन के तहत 25 हजार रुपये पुरस्कार देने का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील किया कि वे दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आएं और स्वयं के साथ-साथ अपने परिजनों एवं मित्रों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। साथ ही अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटनाओं में मुआवजा के प्रावधान की जानकारी देते हुए जरूरतमंदों को आवेदन करने में सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पर्वतारोही दल से आए जितेंद्र प्रताप ने हेलमेट के सही उपयोग, सुरक्षित वाहन संचालन और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ओवरस्पीडिंग और स्टंट जैसे खतरनाक व्यवहार से बचने की सलाह देते हुए कहा कि लापरवाही न केवल स्वयं के लिए बल्कि अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है।

---

आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय अंतर विभागीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# 2029 तक झारखंड को फाइलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य : डॉ. इरफान अंसारी

- झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के बढ़ते कदम
- राज्य में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- सूबे में 11 से 26 फरवरी तक घर-घर जाकर खिलायी जायेगी फाइलेरिया की दवा
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने फाइलेरिया मुक्त झारखंड के संकल्प को लेकर एक साथ 14 जिलों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना
- 10 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगा अभियान, 10 फरवरी को बूथ पर खिलायी जायेगी फाइलेरिया की दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने गुरुवार को आईपीएच सभागार से फाइलेरिया रोधी दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान छोटा नहीं होता है। अभियान, कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जाता है कि यह अभियान आपके स्वास्थ्य के लिए ही है, आपको जागरूक करने के लिए है। बिना आपके सहयोग से हम कार्यक्रम को सफल नहीं बना सकते हैं, इसलिए आप दवा जरूर खायें। इसमें कोई नुकसान नहीं है, बल्कि यदि आपके अन्दर फाइलेरिया के जीवाणु हैं, तो वे मर जायेंगे। डॉ. इरफान अंसारी आईपीएच सभागार नामकुम में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विभागीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. इरफान अंसारी ने 14 जिलों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**फाइलेरिया मुक्त झारखंड बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के बढ़ते कदम**
डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड को 2029 तक फाइलेरिया मुक्त राज्य बनाने का हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम आगे बढ़ चुके हैं। खूंटी जिला को हमने फाइलेरिया मुक्त बनाने में सफलता पायी है। अगस्त 2025 में राज्य के 09 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया था और अब 2026 में 10 फरवरी से 26 फरवरी तक यह अभियान राज्य के 14 जिलों (रांची, गुमला, गिरिडीह, बोकारो, साहिबगंज, पाकुड़, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा, रामगढ़, सिमडेगा, धनबाद और लोहरदगा) में चलाया जायेगा, जहां 10 फरवरी को बूथ में और फिर 11 फरवरी से 26 फरवरी तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी।

**फाइलेरिया उन्मूलन में सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें**
डॉ. इरफान अंसारी ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों से भी फाइलेरिया दवा देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को ईमानदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। सहिया, जेएसएलपीएस की बहनें, एएनएम, सीएचओ सभी के सहयोग और समर्थन की आवश्यकता है, तभी हम इस बीमारी से निजात पा सकेंगे।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार हो रहे बेहतर कार्य**
डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड को देश के अग्रिणी राज्यों की श्रेणी में पहले पायदान पर लाने की दिशा में सभी प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। रिम्स-2 को बनाने की दिशा में काम जारी है। किडनी ट्रांसप्लांट हॉस्पिटल की भी शुरुआत जल्द ही होगी।

**फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जरूरी है कि सभी लोगों द्वारा दवा का सेवन**
अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि जब तक सभी एक्टिव होकर इस अभियान में नहीं लगेंगे, तब तक यह कार्यक्रम सफल नहीं होगा। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जरूरी है कि सभी लोग दवा खायें। निदेशक प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ सागर ने कहा कि हमने फाइलेरिया के उन्मूलन में बेहतर काम किया है। आगे भी बेहतर करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। दवा का सेवन सभी कोई करें कोई भी समुदाय इससे ना छूटे इसे सुनिश्चित किया जायेगा। स्टेट को-ऑर्डिनेटर शाज्ञा सिंह ने फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कैसे हमलोग फाइलेरिया से बच सकते हैं। फाइलेरिया किसी को ना हो, इसके लिए सभी लोगों को पूरे जनसमुदाय को एक साथ फाइलेरिया की दवा खिलानी है, जिससे फाइलेरिया के कीड़े सभी में एक साथ मर जाये। इससे यह होगा कि एक साथ खाने से किसी के शरीर में फाइलेरिया के कीड़े नहीं होंगे, तो सभी सुरक्षित रहेंगे। सभी स्वस्थ लोगों को सिर्फ कुछ लोगों को छोड़ कर यह दवा खानी है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आये जिला परिषद अध्यक्ष, जिला प्रमुख, मुखिया आदि ने अपने-अपने विचार रखे, सुझाव दिए कि किस प्रकार हमारा झारखंड फाइलेरिया मुक्त बन सकता है। और इस दिशा में हमलोग क्या क्या सहयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, विभिन्न जिलों से आये मुखिया, प्रमुख, सहिया एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

---

झारखंड नाम के सूत्रधार और नागपुरी के शिखर पुरुष लाल रणविजय नाथ शाहदेव की जयन्ती पर उमड़ी साहित्यकार, कलाकार की भीड़

# 'जीवन, संघर्ष और रचनात्मक योगदान' पर हुआ विमर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झारखंड आंदोलन के प्रखर वैचारिक स्तंभ, राजनीतिज्ञ और कालजयी साहित्यकार स्व. लाल रणविजय नाथ शाहदेव की जयंती आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राज्य की कला, साहित्य और अकादमिक जगत की विभूतियों ने उन्हें एक ऐसे महानायक के रूप में याद किया, जिन्होंने कलम और वैचारिक संघर्ष के समन्वय से झारखंड को उसकी पहचान दिलाई।

**'वनांचल' नहीं 'झारखंड' ही रहेगी पहचान**
मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीपीएमयू के कुलपति डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा, शाहदेव जी का सबसे बड़ा योगदान राज्य का नामकरण है। विश्वविद्यालयों में इनसे संबंधित और भी अनुसंधान होने चाहिए। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विभाग के समन्वयक विनोद कुमार ने देते हुए कहा की उनकी स्मृतियां आज भी नागपुरी साहित्य में जीवित हैं। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने भावुक होते हुए कहा कि शाहदेव जी के गीतों में शोषण के विरुद्ध जो तड़प थी, उसी ने जन-आंदोलन को ऊर्जा दी। पद्मश्री महाबीर नायक* ने उनके सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागपुरी कला संगम के माध्यम से उन्होंने लोक कलाकारों को जो मंच दिया, वह आज भी हमारी धरोहर है।

**साहित्य और शोध का संगम**
कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार षाडंगी द्वारा लिखित कविता 'लाल रणविजय नाथ शाहदेवः जीवन, संघर्ष और रचनात्मक योगदान' का स्वर उनके द्वारा पाठ किया गया। *विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश नंद तिवारी ने उनकी कृति 'नागपुरी भगवद्गीता' उनके भाषाई पांडित्य का अनूठा प्रमाण है।

**एक अटूट वैचारिक विरासत**
है। डॉ मालती वागीशा लकड़ा ने उनके संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए कहा की उनका
जन्म : 5 फरवरी 1940, पालकोट राजघराना मे हुआ।

---

# गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके रांची के प्रशिक्षु शिक्षकों ने लोकभवन झारखंड उद्यान का किया शैक्षणिक भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची के प्रशिक्षु शिक्षकों ने शैक्षणिक उद्देश्य से झारखंड लोक भवन परिसर स्थित लोक भवन उद्यान का भ्रमण किया। इस भ्रमण में सत्र 2025-27 एवं 2024-26 के बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षक दीपक कुमार, अंकित पांडेय, रजनीश सिंह, कुणाल, जावेद, बिट्टू, अमन, आकृति, तनवीर चौधरी, प्रवीण कुमार, सूरज, अनमोल, देव, जावेद सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की। राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची के छात्र संसद के प्रधानमंत्री प्रशिक्षु शिक्षक प्रविंद कुमार ने लोक भवन उद्यान भ्रमण के अवसर पर कहा कि *इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से प्रशिक्षु शिक्षकों को कक्षा-कक्ष से बाहर वास्तविक जीवन और प्रकृति से जुड़कर सीखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव भविष्य में हमें संवेदनशील, जागरूक और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार शिक्षक बनने की प्रेरणा देता है। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक भवन उद्यान का भ्रमण प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने कहा कि इस उद्यान में हजारों प्रकार के पुष्पों की प्रजातियाँ उपलब्ध हैं। साथ ही फूल झाड़ उद्यान, अशोक उद्यान सहित झारखंड लोक भवन परिसर में विकसित अन्य उद्यानों की भी जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गई। इस प्रकार के भ्रमण से पर्यावरणीय चेतना एवं सौंदर्यबोध का विकास होता है।

---

# श्री श्याम मित्र मण्डल का दल सालासर बालाजी व रानीसती दादी के दरबार के लिए की अपनी यात्रा प्रारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची/सालासर/झुंझुनू** : श्री श्याम मित्र मण्डल का दल प्रातः 9 बजे मण्डल के विश्राम भवन खाटूधाम से निकल कर अपने निर्धारित कार्यक्रम सालासर बालाजी एवं रानीसती दादी के दरबार के लिए अपनी यात्रा प्रारम्भ की। मण्डल के निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में सभी श्याम प्रेमियों ने श्री सालासर बालाजी के दरबार में हनुमान जी महाराज का झण्डा शिखरबंद पर फहराया। सर्वप्रथम दल के सभी सदस्यो ने सालासर चौक से हाथों में बालाजी का झंडा लेकर जय जयकारों के साथ मंदिर पहुंच कर झण्डा चढ़ाया। बालाजी महाराज कि जय सालासर दरबार की जय हनुमान जी की जय जयकार से पूरा धाम गूंज उठा। दर्शन कर सभी ने अपनी अर्जी मनोकामना बालाजी के समक्ष रखी। इसके बाद मंदिर प्रांगण में थोड़ी देर का संकीर्तन सभी ने किया।

---

चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गयी भावपूर्ण विदाई

# बच्चों ने किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका डॉ. माया कुमार, उप- निदेशक एस के सिन्हा तथा प्राचार्या श्वेता त्रिपाठी के हाथों से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया था। बच्चों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का स्वागत गुलाब देकर उनके माथे पर तिलक लगाकर किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा पूछे गए पहेलियों को सुलझाया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के गेम्स का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशिका महोदया, उप निदेशक महोदय एवं प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किए। पूरा कार्यक्रम भावनाओं, उल्लास और गरिमा से परिपूर्ण रहा, जो सभी के लिए स्मरणीय बन गया।

---

# विजन एआई टीवी के लिए 'प्लस' कैम्पेन लॉन्च बड़ी स्क्रीन और आसान फाइनेंस की सुविधा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : भारतीय उपभोक्ताओं के लिए टीवी खरीद को अधिक आसान और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से विजन एआई तकनीक आधारित 'मेड फॉर इंडिया' प्लस कैंपेन की शुरुआत की गई है, जिसके तहत बड़ी स्क्रीन, 150 से अधिक मुफ्त नेशनल और इंटरनेशनल चैनल्स, लंबी वारंटी और सरल किस्त सुविधा एक ही पैकेज में उपलब्ध कराई जा रही है। यह ऑफर नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी और क्रिस्टल यूएचडी टीवी रेंज पर लागू होगा, जहां बिना किसी सब्सक्रिप्शन के कंटेंट देखने की सुविधा, 5 साल तक वारंटी सुरक्षा, 599 रुपये से शुरू अतिरिक्त सुरक्षा योजना, पेपरलेस प्रक्रिया के साथ शून्य प्रतिशत ब्याज वाली आसान फाइनेंस सुविधा, 7 साल तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड और सुरक्षित डेटा के लिए नॉक्स वॉल्ट जैसी तकनीक शामिल है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विपलेश डांग ने कहा कि यह पहल भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनोवेशन, भरोसा और सुविधा को एक साथ उपलब्ध कराती है, जिससे प्रीमियम टीवी अनुभव अधिक सुलभ बनता है और उपभोक्ताओं को लंबे समय तक लाभ मिलता है।

---

मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में कॉलेज के संस्थापक स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की मनी जयन्ती

# गंगा बाबू के जीवन से मिलती है प्रेरणा : डॉ. मनोज कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में कॉलेज के संस्थापक स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की 122वीं जयन्ती मनायी गयी। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से सादा जीवन उच्च विचार से कार्य करने की प्रेरणा ले कर शिक्षा के लिए काम करने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे है, यहां से पढ़े छात्र-छात्राएं बड़े बड़े पदों पर आसीन है, जो हमलोगों के लिए गौरव की बात है, पूर्व प्राचार्य जावेद अहमद ने कहा कि इस कॉलेज में 18 से 20 हजार छात्र-छात्रा पढ़ रहे है, यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं यह गंगा बाबू के प्रयास से सफल हुआ है, उनकी कार्यशैली का अनुकरण ही आज के कार्यक्रम की सफलता होगी, पूर्व प्राचार्य रणजीत सिंह की ने कहा कि जब मैं पीजी में पढ़ता था उस समय गंगा बाबू साधारण कपड़ों में मजदूरों के साथ निर्माण करवाते थे, जिसका इतना बड़ा स्वरूप हो गया, उनकी कार्यशैली अनुकरणीय है, मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट के वेद बगला, अरुण बुधिया, चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अपने उद्गार व्यक्त किए, कॉलेज के अनुभव चक्रवर्ती ने संचालन किया, महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र छात्राओं, एन सी सी के छात्रों ने, समाज के लोगों ने मालार्पण कर गंगा बाबू के सत कार्यों की चर्चा की एवम उन्हें जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मारवाड़ी सहायक समिति अध्यक्ष पवन शर्मा, चैंबर सचिव रोहित अग्रवाल, पवन मंत्री, बासुदेव भाला, महाबीर माहेश्वरी, रजनी बुधिया, माधुरी बुधिया, विश्वजीत बोस, हरबिंदर सलूजा, दिलीप सलूजा, सुरेश जैन, सतनाम कौर, संजय बुधिया, सत्येंद्र बुधिया, तुषित बुधिया, कृपाल सिंह, प्रमोद माली, डॉ आफताब जमील सहित भारी संख्या में समाज के लोग एवम छात्र छात्रा उपस्थित थे सब ने अपने अपने उद्गार व्यक्त कर सृजन शील गंगा प्रसाद बुधिया जी के वृहद सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला,मनोज रूईया एवं आयुष बुधिया ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में भरपूर मेहनत की।

---

# डीएवी नंदराज ने मनाया बोनफायर नाइट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातू ने बोनफायर नाईट मनाया। यह अपने तरह का अनूठा कार्यक्रम था; जिसमें ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने बारहवीं के छात्र-छात्राओं को हंसते, गाते-गुनगुनाते हुए शुभकामनाएं दी। इस सायंकालीन उत्सव को 4.30 बजे वैदिक संस्कृति के आधार स्तम्भ हवन-यज्ञ से शुरू किया गया। बच्चों ने अपने भावी जीवन के लिए परमपिता परमात्मा से अपने शुभ संकल्पों को पूरा करने के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद ग्यारहवीं के बच्चों ने भावभीनी बिदाई के अर्थों को संयोजित करते हुए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वाइस कैप्टन ने सभा को संबोधित किया। कुछ छात्र - छात्राओं ने सारगर्भित कविताओं का भी सस्वर वाचन किया। फन फेस्टा के अंतर्गत बच्चों ने अपने विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन किया । बच्चों ने एक सजीव नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया; जिसमें दर्शकों को बांधकर रखने, संवेदनाओं को दूसरे तक पहुंचाने की पूर्ण क्षमता समाहित थी। नृत्य, क्राउन शिरेमनी भी काफी मजेदार रहा। बोनफायर अपने आप में एक अनोखा अनुभव था जहां बच्चे रात्रि भोजन के साथ-साथ संगीत का आनन्द ले रहे थे। इस विशेष अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविप्रकाश तिवारी ने अपने संबोधन में दो स्वरचित कविता का पाठ करते हुए बताया कि जिन संस्कारों को हमने आपको दिया है। आपको हमने कुछ वर्षों तक समझाया है उसकी परीक्षा की घड़ी कल से शुरू हो जाएगी। सही दिशा में किया गया परिश्रम कभी असफल नहीं होता है। जीवन में कभी कभी हम जो चाहते हैं वह न मिल सके यह संभव है परंतु सही दिशा में किया गया कठिन परिश्रम आशा से विपरीत कुछ दूसरा और ज्यादा देकर जाता है । हम सदा साथ हैं कभी भी आप चाहें हमसे बात करें परिवार और देश का नाम रौशन करें,ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं। अंत में छात्र- छात्रा बाहर अलाव के सामने रात्रि भोजन के साथ - साथ मधुर संगीत का आनन्द लेते हुए गिफ्ट के साथ विदा हो गए।

---

# प्लेटिनम जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में एक्सआईएसएस में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

- सस्टेनेबल भविष्य के लिए गवर्नेंस की नयी कल्पना : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रॉफिट, पर्पस, और पीपल के बीच संतुलन पर बात करने जुटे देश-विदेश के प्रख्यात शिक्षाविद्




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, ने अपने प्लेटिनम जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में 'सस्टेनेबल भविष्य के लिए गवर्नेंस की नयी कल्पनाः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में प्रॉफिट, पर्पस, और पीपल के बीच संतुलन' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन गुरुवार को कैंपस में किया। इस कांफ्रेंस में भारत और विदेश से शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, नीति निमार्ताओं और विशेषज्ञों को प्रौद्योगिकी, नैतिकता, गवर्नेंस और सतत विकास के अंतसंबंधों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया गया है। सम्मेलन की शुरूआत तकनीकी प्रगति को नैतिक मूल्यों के साथ संरेखित करने के केंद्रित लक्ष्य के साथ हुई, जिसमें लोगों पर केंद्रित और स्थायी शासन मॉडल पर जोर दिया गया। सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की जेसुइट परंपरा से प्रेरित होकर, कांफ्रेंस ने ऐसे नेतृत्व दृष्टिकोणों को बढ़ावा दिया जो लाभ, उद्देश्य और सामाजिक कल्याण के बीच संतुलन बनाते हैं। अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे, निदेशक ने कहा, यह कांफ्रेंस हमारे अतीत का सम्मान करने के साथ-साथ साहसपूर्वक भविष्य पर सवाल उठाने का आह्वान है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नैतिकता, स्थिरता और मानवीय मूल्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के युग में शासन का मार्गदर्शन करें। एआई - संचालित प्रणालियों में दक्षता अक्सर सहानुभूति पर हावी हो जाती है और लाभ और उद्देश्य पूरक अनिवार्यताएं हैं, विपरीत नहीं, लेकिन हमारा ध्यान नैतिक नेतृत्व, सामाजिक न्याय और जिम्मेदार प्रबंधन शिक्षा पर होना चाहिए। फादर अजीत कुमार खेस एसजे, अध्यक्ष, एक्सआईएसएस-गवर्निंग बॉडी ने संस्थान को उसके प्लेटिनम जुबली समारोह पर बधाई दी और इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा, सच्चा शासन मानव-केंद्रित, समावेशी और नैतिक रूप से आधारित होना चाहिए, जहाँ नेतृत्व के निर्णय लोगों, संस्थानों और उन पारिस्थितिक प्रणालियों का सम्मान करें जिन पर हम निर्भर हैं। मुख्य अतिथि, प्रबीर झा, संस्थापक और सीईओ, प्रबीर झा पीपल एडवाइजरी ने दर्शकों को एक ज्ञानवर्धक संबोधन दिया और कहा, हम आज बानी दुनिया में रह रहें हैं जो भंगुर, चिंतित, गैर-रेखीय, समझने में मुश्किल है। शासन केवल अनुपालन करना नहीं, बल्कि संस्थानों की नैतिक और रणनीतिक वास्तुकला है। जिम्मेदारी के बिना विकास खोखला है, लेकिन सच्चा नेतृत्व नैतिक रूप से परिणाम प्राप्त करने, असुविधा को अपनाने और यह सुनिश्चित करने में निहित है कि प्रगति कभी भी मानवता की कीमत पर न हो। इस सेशन में आगे, सिएटल यूनिवर्सिटी, यूएसऐ के डीन एमेरिटस और इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर जोसेफ एम फिलिप्स ने इस विषय पर चर्चा की और कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्थाओं और शिक्षा को बदल रहा है, लेकिन नैतिक तर्क और जिम्मेदार शासन के बिना, शक्ति का बढ़ता केंद्रीकरण और असमानता पर इसका प्रभाव अस्थिर है।

---

पीएलवी शारदा देवी व डॉ. मालती का रहा सराहनीय योगदान

# काउंसिलिंग के बाद डालसा ने मानसिक रोगी को पहुंचायी मदद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव की देखरेख में रिनपास में कार्यरत डालसा की पीएलवी शारदा देवी ने रिनपास की साइकिएट्रिक सोशल वर्कर डॉ मालती से मिलकर स्वस्थ महिला मानसिक रोगी के घर का पता लगाया और उसके बाद संबंधित थाना से संपर्क कर उनके परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों को महिला से बात कराया गया। उसके बाद महिला के भाई को सरकारी प्रक्रिया पूरी करने के लिए महिला का आधार कार्ड, राशन कार्ड, संबंधित थाने में दर्ज एफआईआर की कॉपी के साथ ही साथ परिजनों के साथ रोगी की फोटो भी साथ लाने को कहा गया था। मानसिक रोगी का भाई सभी जरूरी कागजातों के साथ रिनपास आए और पीएलवी शारदा देवी से मिला। पीएलवी शारदा देवी ने इसकी सूचना डॉ मालती को दी इसके बाद जांच की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात महिला और उसके भाई की काउंसलिंग की गई। तत्पश्चात दो महीने की दवा देकर दो महीने के बाद मानसिक रोगी के साथ परिजनों को अस्पताल आने को कहा गया। इस कार्य के लिए परिजनों ने पीएलवी शारदा देवी और डॉ. मालती को धन्यवाद दिया।

## एक झलक

### बैजनाथ साव ने दारु थाना प्रभारी इकबाल हुसैन से की शिष्टाचार मुलकात

**दारू** : विश्व हिन्दू कल्याण फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ साव ने दारु थाना प्रभारी इकबाल हुसैन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बैजनाथ ने थाना प्रभारी को उनके संस्था द्वारा किये जा रहे जनकल्याण कार्यों के संबंध विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने थाना प्रभारी से सहयोग मांगा। थाना प्रभारी ने संगठन के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हे हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।श्री साव ने बताया कि उनके संस्था का जरुरतमंदों खासकर बेटियों की शादी, बीमार के इलाज में हरसंभव मदद दिया जाना प्रमुख कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर शामिल है।

### बनासो में ऋषि टाइल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का हुआ उद्घाटन

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत बनासो-गोमिया मुख्य मार्ग में ऋषि टाइल्स एंड ग्रेनाइट दुकान का खछब्छट प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने विधिवत पूजा अर्चना एवं फीता काटकर शुभ उद्घाटन किया। उन्होंने दुकान संचालक सुखदेव महतो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यापारिक प्रगति निरंतर बढ़ती रहे और यह दुकान बनासो सहित पूरे विष्णुगढ़ क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाए। यह नया टाइल्स एंड ग्रेनाइट दुकान खुलने से स्थानीय ग्राहकों को आधुनिक टाइलें और निर्माण सामग्रियां प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलेगा। वही दुकान संचालक सुखदेव महतो ने कहा कि मेरे पास सभी ब्रांडेड का टाइल्स ,ग्रेनाइट उपलब्ध है। ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छी सर्विस के साथ उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। इस दौरान खछब्छट जिला सदस्य टहल महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, युवा नेता नीलकंठ तुरी, टेकलाल महतो, कन्हाई महतो, सुखदेव महतो, अमृत महतो, डिलेश्वर महतो, महेंद्र महतो, ढालचंद महतो, हीरामन महतो उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरायी, युवक की मौत, दो गम्भीर घायल

**चरही (हजारीबाग)** : चुरचू थाना क्षेत्र के कुसुमडीह लारा मोड़ के पास गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान ग्राम रोमी, थाना पेलावल, जिला हजारीबाग निवासी मोहम्मद आसिफ पिता मोहम्मद अयूब के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोहम्मद आसिफ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चुरचू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेजा गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है। वहीं दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। हादसे के बाद मृतक के गांव रोमी समेत आसपास के इलाकों में शोक का माहौल व्याप्त है।

### 16 फरवरी को श्री श्याम रंगीलो फागन निशान यात्रा का भव्य आयोजन

**हजारीबाग** : अग्रवाल युवा मंच के तत्वावधान में आगामी 16 फरवरी को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण श्री श्याम रंगीलो फागन निशान यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह निशान यात्रा श्री रानी सती जी मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जायेगी। फाल्गुन माह की पावन बेला में आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। भक्त हाथों में रंग-बिरंगे निशान श्याम बाबा के जयकारों के साथ नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर करेंगे। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेगी।अग्रवाल युवा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज में धार्मिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं युवाओं में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए मंच के सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक आनंद का अनुपम संगम साबित होगा।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर उपायुक्त सख्त, अधिकारियों को दिये निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व शिक्षा अभियान सहित शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन एवं विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान शिक्षा से संबंधित नियुक्ति मामला, पोषक, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, नामांकन, विद्यालयों की आधारभूत संरचना, शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों की स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, मध्याह्न भोजन योजना, बच्चों की स्वास्थ्य जांच, आईएफए टैबलेट वितरण, चावल उठाव एवं वितरण, आधार अपडेट, निपुण भारत अभियान सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शिक्षा से संबंधित सभी मूलभूत आवश्यकताओं की समीक्षा करते हुए जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के विद्यालयों में सभी मानकों को सुदृढ़ कर जिले को राज्य में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करना होगा।उन्होंने डीएमएफटी अंतर्गत संचालित आधारभूत संरचना कार्यों को समन्वित रूप से करने की आवश्यकता बताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों का नियमित क्षेत्र भ्रमण कर समस्याओं के त्वरित समाधान एवं आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया।उपायुक्त ने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। विद्यालय कक्षों की मरम्मत, पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने, पीएम श्री विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग तथा आवश्यकता के अनुसार बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया गया। बायोमेट्रिक अपडेट एवं आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु समन्वय स्थापित कर त्वरित सुधार करने के निर्देश दिए गए। सभी बीईओ एवं बीपीओ को अपने अधीन विद्यालयों में बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत कार्यों को गंभीरता से संपादित करने तथा लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। विद्यालय भ्रमण के दौरान जय गुरुजी ऐप की जांच करने एवं स्थानीय स्तर पर स्कूलवार डेटा के लिए ऐप विकसित करने के भी निर्देश दिए गए।मध्याह्न भोजन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इस पर विशेष फोकस करने तथा बाल वाटिका की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, आईएफए टैबलेट का शत-प्रतिशत वितरण तथा पीवीटीजी क्षेत्रों के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य निगरानी पर भी जोर दिया गया।बैठक में जन चेतना केंद्र निर्माण, आईसीटी लैब की स्थापना, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेट, छात्र नामांकन एवं वोकेशनल एजुकेशन से संबंधित विषयों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त रिया सिंह, सदर एसडीओ आदित्य पांडेय, नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, डीएससी आकाश कुमार सहित सभी बीईओ, बीपीओ एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## आईटीईपी विषय पर चिन्तन-मन्थन करने जुटेंगे देशभर के विद्वान, देंगे व्याख्यान

**हजारीबाग** : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के विवेकानंद सभागार में छह फरवरी की पूर्वाह्न 10.00 से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ होगा। इसके उद्घाटनकर्ता बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रो. डॉ चंद्र भूषण शर्मा होंगे। यह जानकारी देते हुए गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ बसुंधरा कुमारी ने बताया कि विभाग के सहयोग से इंटरनल क्वालिटी एस्युरेंस सेल (आईक्यूएसी) के तहत यह राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।सेमिनार का विषय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के तहत शिक्षक शिक्षा का भविष्य है। पहले दिन विशिष्ट अतिथियों में यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कुलपति प्रो. डॉ. अनिल शुक्ला, जेएनयू में स्कूल ऑफ संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज के प्रो. डॉ. संतोष कुमार शुक्ला और दिल्ली यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन की प्रो. डॉ. वंदना सक्सेना पहले दिन अपना व्याख्यान देंगी। दूसरे दिन सात फरवरी को आईसेक्ट यूनिवर्सिटी हजारीबाग के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार नायक सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि सह वक्ता में ग्लोबल एनएक्सटी यूनिवर्सिटी मलेशिया में पदस्थापित एडुनेट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सौरभ चौधरी, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग के राजनीति विज्ञान विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. के.पी. शर्मा के अलावा प्रोक्टर प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह संबंधित विषय पर चिंतन और मंथन करेंगे।

## मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को परेशान होना न पड़े : विधायक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड के आम जनमानस के सबसे बड़े समस्या बिजली की है जिसको लेकर आम ग्रामीणों के द्वारा विधायक का रोशन लाल चौधरी के पास लगातार अपनी समस्या को रख रहे थे। जिसको विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़े गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों एवं आम ग्रामीणों की उपस्थिति में बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक किया ल। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त लो वोल्टेज और लगातार हो रही बिजली कटौती की समस्याओं का समाधान निकालना था। मौके पर आम ग्रामीणों ने एक एक कर बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं को विधायक रोशन लाल चौधरी को अवगत कराया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी मैं कई समस्याओं का निष्पादन ऑन द सपोर्ट किया और कई मामलों का निष्पादन जल्द से जल्द करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र में बिजली की दयनीय स्थिति, विशेष रूप से लो वोल्टेज और अघोषित कटौती को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बड़कागांव और केरेडारी प्रखंडों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भीषण गर्मी और खेती के समय में बिजली की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतों पर भी विधायक ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि जो भी ट्रांसफार्मर खराब हैं, उन्हें 24 से 48 घंटे के भीतर बदला या ठीक किया जाये।

## राजकमल बना विद्या भारती का उत्कृष्ट विद्यालय

- हम न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता, अपितु 21वीं सदी के कौशल के प्रति प्रतिबद्ध हैं : सुमंत कुमार मिश्रा
- यह सम्मान हमारे शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों में सीखने की ललक एवं अभिभावकों के भरोसे की देन है : सुमंत कुमार मिश्रा



**धनबाद** : विद्या विकास समिति झारखंड रांची के तत्वावधान में 28 से 31 जनवरी तक चलनेवाले प्रधानाचार्य सम्मेलन में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित किया गया। यह आयोजन झारखंड राज्य के चतरा में स्थित इंदुमती टिबरेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया था। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि को शिक्षकों का समर्पण, बच्चों में सीखने की ललक एवं अभिभावकों के भरोसे का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मान हम न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता, अपितु 21वीं सदी के कौशल के प्रति प्रतिबद्ध होने का फल मानते हैं। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि यह उपलब्धि केवल एक इमारत को नहीं मिली है, बल्कि विद्यालय के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने गये प्रभारी कमल नयन ने बताया कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित करने के पीछे विद्यालय की ढेर सारी उपलब्धियां रही। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम, विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकायों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साथ ही विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में वर्ष भर में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी इत्यादि में राजकमल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की 125वीं जयंती मनी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दारू** : देश की महान स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की 125वीं जयंती गुरुवार को सरस्वती प्लस टू उच्च विद्यालय, दारू में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी दारू रामबालक कुमार, बीडीओ हारून रशीद, सरस्वती देवी के पौत्र भैया मारुति शरण सहाय एवं भैया सुकेश सहाय तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक परितोष झा ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भैया मारुति शरण सहाय ने कहा कि सरस्वती देवी संयुक्त बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी थीं, जिन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अपने एक वर्ष के बच्चे को साथ लेकर जेल यात्रा की थी। अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इतनी महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर वर्ष 1948 में विद्यालय की स्थापना हुई, जहाँ से आज भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भैया सुकेश सहाय ने कहा कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं प्रधानाध्यापक परितोष झा ने कहा कि प्रतिदिन उनकी प्रतिमा को नमन करने से उन्हें नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में प्रीति प्रकाश, मीना नारायण, ओमप्रकाश, नंदकिशोर, मंजू देवी, मोहम्मद मोबिन सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## बजट विकसित भारत के विजन के अनुरूप : रेखा वर्मा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग, नगर पालिका क्षेत्र के, भारतीय जनता पार्टी का, संगठनात्मक बैठक, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जी की अध्यक्षता में पैराडाइस रिसॉर्ट में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष-अमरदीप यादव द्वारा की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम एवं हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे।संगठनात्मक बैठक से पूर्व केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए , केंद्रीय बजट पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा द्वारा प्रेस को संबोधित किया गया। प्रेस संबोधन में श्रीमती वर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27, विकसित भारत के विकास के अनुरूप, दूरदर्शी, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने वाला है। गरीब कल्याण एवं युवाओं का रोजगार मुखी बजट है। संगठनात्मक बैठक में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा, मंचासीन अतिथियों को अंग -वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। साथ ही बैठक के विषय बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए , श्री सिंह द्वारा विषय प्रवेश कराई गई। हजारीबाग नगर पालिका क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों, सक्रिय सदस्यों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक बैठक में वर्मा द्वारा संगठन की मजबूती हेतु, सभी कार्यकताओं को दिशा- निर्देश दी गई और यह भी कहा गया कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड है। इन्हीं कार्यकताओं के बदौलत पार्टी लोकसभा में दो सांसद से 303 संसद तक का सफर तय किया। इन्होंने आगे कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार की मनसा निकाय चुनाव को लेकर साफ नहीं है। यही वजह है कि हेमंत सरकार, दलीय आधार पर चुनाव नहीं कर रही है और ना ही ईवीएम मशीन से, जिससे निकाय चुनाव में भारी गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है। देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ता की पार्टी है, यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पद पर भी कार्यकर्ता के बीच से चुनकर बनाया जाता है। कार्यक्रम को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, प्रदेश पदाधिकारी विनय जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी के द्वारा संबोधित की गयी।

## न्युवोको ने नॉर्थ-ईस्ट गदरा पंचायत में लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**जमशेदपुर** : न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के पास नॉर्थ-ईस्ट गदरा पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर का उद्देश्य जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के आसपास के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई में मदद करना था। कैंप में आंखों, दांतों और सामान्य स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ प्राथमिक मेडिकल सलाह भी दी गई। कैम्प में मौजूद महिला डॉक्टर ने सामान्य स्वास्थ्य जांच की, जिससे महिलाओं और बच्चों के लिए आरामदायक और सुरक्षित माहौल बना रहा। जिला स्वास्थ्य विभाग की सहायक नर्स और मिडवाइफ (एएनएम) और सहिया भी टीकाकरण सेवाओं में मदद करने और जरूरी दवाएं बांटने के लिए मौजूद थीं। आयोजन में नॉर्थ-ईस्ट गडरा पंचायत के लगभग 120 लाभार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें सभी लिंग और उम्र के लोग शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद कुसुम पूर्ति, ब्लॉक प्रमुख पानी सोरेन, मुखिया जूही बेसरा, पंचायत समिति सदस्य सोमबारी पात्रो, वार्ड सदस्य बिरजू पात्रो और अरवत एनजीओ के प्रतिनिधि शामिल थे। जिला स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ अन्ना गुरिया, एएनएम और सहिया ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और हेल्थ कैंप में पूरी सक्रियता के साथ सहयोग किया।

## 101 वां उर्स मुबारक हजरत मेहराब शाह के मजार पर इस्लाम धर्मावलम्बियों ने की चादरपोशी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड में शब-ए-बारात के मौके पर 101वा उर्स मुबारक हजरत मेहराब शाह के मजार पर गुरुवार को चादर पोशी की गईं। इस अवसर पर इस्लामिया अंजुमन कमेटी द्वारा चेड़रा पंचायत से पूरे हर्षोल्लास के साथ चादर-गागर निकाली गयी, जिसमें विष्णुगढ़ के चेड़रा मुहल्ला ब्लाक रोड होकर अखाड़ा चौक, कसेरा मुहल्ला समेत प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए ताशा पार्टी की धुन पर विष्णुगढ़ के लक्ष्मण बागी स्थित मजार पर पहुंचकर सैकड़ो की संख्या में इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा चादर पोशी का रस्म अदा की गईं। उर्स के मौके पर लक्ष्मण बागी स्थित मजार पर प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय मेला का भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमे पूरे विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के अलावे दूर राज्यों से भी अपनी मुरादें मांगने एवं पूरी होने पर यहां के मजार पर चादर पोशी का रस्म अदा करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इतना ही नहीं वर्षों से इस मजार पर हिन्दू धर्म के लोग भी मुरादे पूरी होने पर चादर पोशी करने आते हैं। शुक्रवार छह फरवरी से ओलमा ए क्राम की तकरीरी कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही देर शाम से कव्वाली का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी उर्स कमिटी संयोजक सह झारखंडी एकता संघ के प्रवक्ता असगर अली खान ने दी। उन्होंने बताया कि इस उर्स मुबारक हजरत मेहराब शाह के मौके पर तीन दिवसीय मेला में बहुत दूर-दूर से इस्लाम धर्मावलंबियों के लोग अपने संसाधनों से पूरे परिवार को लेकर इस मजार पर अपनी दुआएं मांगने पहुंचते हैं। जिसमें शरबत एवं शिरनी का पूरा प्रबंध किया गया है। इसके अलावे मनोरंजन एवं खाने पीने की सभी प्रकार के दुकानें लगाई गई हैं। इस मौके पर शेख तैयब, राणा इकबाल खान, साबिर शेख -सदर, एहशान खान सेक्रेटरी, शमशुल हक, इमरान सिद्दीकी, आफताब आलम, जहीर खान-खादिम, सुल्तान हैदर -खादिम, अब्दुल वाहिद खान, अब्बास अंसारी, समीर खान, इस्लाम खान, खादिम मौलवी सुल्तान हैदर, मौलवी ऐनुल हक, जैनुल आबेदीन, मुमताज सिद्दीकी, अब्दुल जब्बार, नौशाद आलम, गुलाम रब्बानी समेत काफी संख्या इस्लाम धर्मावलंबियों के लोग शामिल थे।

## राशन गोदाम का उद्घाटन

**चुरचू** : चुरचू प्रखंड मुख्यालय में राशन गोदाम का भव्य उद्घाटन किया गया ज्ञात हो इससे पहले हजारीबाग जिला से यहां राशन आवंटन होता था लेकिन आज की तारीख से चुरचू प्रखंड में अनाज रखने का गोदाम का विधिवत्त उद्घाटन मांडू विधायक तिवारी महतो, चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी ललित राम,जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष देवकी महतो के हाथों शुभ उद्घाटन किया गया। मांडू विधायक तिवारी महतो ने कहा कि इसका शिलान्यास भी हम किए ओर उद्घाटन भी हम ही किये।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता





**हजारीबाग** : ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी में विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम एकता में विशिष्टता रही।कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान एवं जन-जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के विजेता में प्रथम पुरस्कार ऋतु कुमारी (बी.फार्मा) शिल्पी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार (संयुक्त) अंशु के. गुप्ता, कुमार पीयूष राजएवं स्तुति को तृतीय पुरस्का सागर कुमार मेहता सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार, कुमकुम मंडल (डी.फार्मा) सिया रानी (डी.फार्मा), देक्षा कुमार कुशवाहा (बी.फार्मा), ऋतु कुमारी (बी.फार्मा) शामिल है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. नीतू सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और सही जीवनशैली अपनाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। रणजीत कुमार, आसलम सर, शिल्पी कुमारी, अभिक पाल, मणिरत्नम भारद्वाज एवं निखिल कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के माध्यम से समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

# अवैध विदेशी शराब की खेप ध्वस्त, 10 लाख की शराब जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमसांडी (हजारीबाग)** : कटकमसांडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के कुशल निर्देशन एवं थाना प्रभारी कटकमसांडी की सक्रिय अगुवाई में की गई इस कार्रवाई में एक स्विफ्ट डिजायर कार से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 05 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर कटकमसांडी थाना गेट के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान BR04AA-1625 नंबर की सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन के डिक्की व सीट के नीचे छुपाकर रखी गयी ROYAL CHALLENGE एवं BLENDERS PRIDE ब्रांड की सैकड़ों बोतलें बरामद की गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश कुमार (उम्र 24 वर्ष) के रूप में हुई है। इस पूरे मामले में कटकमसांडी थाना कांड संख्या 24/26 दर्ज कर संबंधित धाराओं



के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में यह साफ तौर पर देखने को मिला कि अरढ अमित कुमार के सशक्त नेतृत्व और थाना प्रभारी की लगातार निगरानी व तत्परता के कारण अवैध शराब माफियाओं के मंसूबों पर करारा प्रहार हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की जमकर सराहना की है और इसे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। कटकमसांडी पुलिस की यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि अवैध कारोबारियों के लिए अब इस इलाके में कोई जगह नहीं है।

## शराब तस्करी पर पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**चौपारण** : प्रखंड में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने ऐसा ऑपरेशन अंजाम दिया, जिसने तस्करों की नींद उड़ा दी। गुरुवार को हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस और शराब तस्करों के बीच जो हुआ, वह किसी एक्शन फिल्म के सीन से कम नहीं था। इस पूरे साहसिक अभियान का नेतृत्व कर रहे थे चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, जिनकी सूझबूझ, तेज निर्णय क्षमता और निर्भीक नेतृत्व ने एक बड़ी शराब तस्करी को नाकाम कर दिया। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी ने बिना समय गंवाए रणनीति बनाई और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही को अवगत कराते हुए थाना गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान शुरू कराया। इसी दौरान बरही की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हुंडई एक्सेंट (जेएच13डी-3969) को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने बैरिकेडिंग तोड़ते हुए वाहन को भगाना शुरू कर दिया। इसके बाद थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साहसिक तरीके से तेज गति में पीछा शुरू किया। चतरा मोड़ पहुंचते ही पुलिस के दबाव में तस्करों को वाहन यूटर्न लेना पड़ा, लेकिन वे चौथी मोड़ होते हुए गांव की गलियों में घुस गए। भागने के दौरान तस्करों की कार ने टेंपो और मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए दहशत फैलाई और कच्चे रास्ते से मनगढ़ की ओर भागने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी की रणनीतिक घेराबंदी और ग्रामीणों के सहयोग से वाहन को आखिरकार रोक लिया गया। वाहन से उतरकर भागने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी की सख्त निगरानी में पुलिस बल ने मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू कुमार (19 वर्ष) पिता उपेंद्र यादव परसातरी थाना चौपारण जिला हजारीबाग तथा संदीप पासवान (20 वर्ष) पिता रामदेव पासवान साकिन फुलवरिया थाना नवलशाही जिला कोडरमा के रूप में हुई।

# धनबाद मेयर चुनाव में बहुकोणीय मुकाबले के संकेत, सियासी तापमान चढ़ा

अजय कुमार



धनबाद : नगर निगम के मेयर पद के लिए होने वाले आगामी चुनाव को लेकर शहर का सियासी माहौल गरमाने लगा है। इस बार का चुनाव पारंपरिक दोध्रुवीय मुकाबले से हटकर बहुकोणीय संघर्ष की ओर बढ़ता नजर आ रहा है, जिससे राजनीतिक दलों के साथ-साथ मतदाताओं की दिलचस्पी भी बढ़ गई है। चुनावी मैदान में प्रमुख राजनीतिक दलों के संभावित उम्मीदवारों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी और स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले चेहरे भी सक्रिय हो चुके हैं। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय समूहों की भूमिका भी इस बार अहम मानी जा रही है, जो अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में समर्थन जुटाने में लगे हैं। इससे मुकाबला और अधिक जटिल होता दिख रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ दलों में टिकट बंटवारे को लेकर अंदरूनी खींचतान जारी है, जबकि कई दावेदारों ने औपचारिक घोषणा से पहले ही जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वार्ड स्तर पर बैठकें, मोहल्ला भ्रमण और स्थानीय मुद्दों पर संवाद का दौर लगातार चल रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति में वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है। ऐसे में कम मतों के अंतर से भी जीत सुनिश्चित हो सकती है। यह स्थिति उन उम्मीदवारों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, जिनकी जमीनी पकड़ मजबूत है और जो स्थानीय समस्याओं को लेकर मुखर रहे हैं। इस चुनाव में शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, पेयजल संकट, सड़क और ट्रैफिक समस्या, अतिक्रमण तथा बुनियादी नागरिक सुविधाएं प्रमुख मुद्दों के रूप में उभर रही हैं। मतदाता अब सिर्फ पार्टी के नाम पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के कार्यशैली, छवि और जनसरोकारों को ध्यान में रखकर फैसला करने के मूड में दिख रहे हैं। कुल मिलाकर, धनबाद का मेयर चुनाव इस बार कड़े, रोचक और निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रहा है। बहुकोणीय मुकाबले के चलते अंतिम नतीजों तक राजनीतिक तस्वीर साफ होना आसान नहीं होगा।

नगर निगम चुनाव

## वार्ड 29, अंतिम व्यक्ति का होगा विकास : सप्पू महतो



धनबाद : नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच वार्ड नंबर 29 से प्रत्याशी नागेश्वर महतो उर्फ सप्पू महतो ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन से पूर्व नागेश्वर महतो उर्फ सप्पू महतो ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में एक विशाल रैली निकाल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान स्थानीय लोगों का भारी समर्थन देखने को मिला। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 29 आज भी विकास की बाट जोह रहा है। यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में जनता को सिर्फ आश्वासन मिले, लेकिन धरातल पर काम नहीं हुआ। सप्पू महतो ने क्षेत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की जनता पानी की समस्या से हमेशा परेशान रहती है। खासकर गर्मी के दिनों में यहां के लोगों का जीना बेहाल हो जाता है। पानी की समस्या को लेकर नगर निगम को कई बार पत्र भी लिख चुका हूं। धरना में भी भारी समर्थकों के साथ बैठा था। तब जाके कुछ सुधार हुई है। इसके अलावा क्षेत्र में सड़कों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जिसे दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नियमित साफ-सफाई न होने और फागिंग के अभाव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं। स्वच्छ पेयजल और नालियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यदि जनता उन्हें चुनती है, तो वे वार्ड में 'विकास की गंगा' बहायेंगी। कोशिश रहेगी कि वार्ड के लोगों की गंभीर समस्या थाना ना जाकर आपस में ही सुलझाया जायेगा।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर पीठासीन व मतदान पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के आलोक में धनबाद नगर निगम के 55 वार्ड तथा चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्ड में होने वाले निर्वाचन के आलोक में गुरुवार को पीठासीन तथा मतदान पदाधिकारियों को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें मतदान के एक दिन पूर्व तथा मतदान के दिन किए जाने वाले कार्य को विस्तारपूर्वक समझाया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि इस बार मतपत्र तथा मतपेटिका के माध्यम से दो पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान दल में एक पीठासीन तथा 4 मतदान पदाधिकारी रहेंगे। मतपत्रों में महापौर व अध्यक्ष के किए गुलाबी रंग तथा वार्ड पार्षद व वार्ड सदस्य के लिए सफेद रंग होगा। वहीं अन्य मास्टर ट्रेनर राज कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र की पहचान करने के लिए मतपेटिका पर प्रपत्र 35 अवश्य लगायें। मतदान समाप्ति के पश्चात सभी मतदान सामग्रियों को संबंधित लिफाफे में ही रखकर कलेक्शन सेंटर पर जमा कराएं। अन्य मुख्य मास्टर ट्रेनर संजय कुमार, कुमार वंदन, उमेश लाल, बृजभूषण पाण्डेय, देवेश त्रिवेदी, ब्रज किशोर चौबे, संतोष कुमार, उज्ज्वल तिवारी आदि ने विभिन्न कमरों में प्रशिक्षण दिया।

## धनबाद नगर निगम चुनाव में कांग्रेस ने शमशेर आलम को दिया समर्थन




धनबाद : धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बड़ा ऐलान किया है। गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष एवं पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी पीएसी के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह ने घोषणा की है कि धनबाद नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए शमशेर आलम को कांग्रेस समर्थन देगी, वहीं चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए मालती देवी को पार्टी का समर्थन मिलेगा। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने जमीनी, संघर्षशील और आम जनता से जुड़े नेताओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासित है और पीएसी के निर्णय के बाद सभी दावेदारों ने समर्थन में एकजुटता दिखाई है।

## वार्ड 53 व 54 में भाजपाई ही एक-दूसरे के बने प्रतिद्वंद्वी

सिन्दरी (धनबाद) : धनबाद नगर निगम के चुनाव में नामांकन का दौर समाप्त हो चुका है। वार्ड 53 में सबसे ज्यादा भाजपा समर्थकों ने पार्षद के लिए नामांकन किया है । भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने बताया कि इनमें निवर्तमान पार्षद के पति गणेश महतो . पूर्व विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि टिंकू महतो के चाचा बलराम महतो, गोपाल मुखर्जी और रमेश शर्मा हैं। वहीं वार्ड 54 से पूर्व पार्षद के पति गोपाल महतो, जितेंद्र मल्लिक, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह और भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने नामांकन किया है। सभी भाजपा प्रत्याशियों के जीत का अपना अपना फंडा है।

## नगर निकाय चुनाव में स्क्रुटनी के बाद महापौर पद के तीन प्रत्याशियों के नामांकन रद्द



धनबाद : नगर निकाय चुनाव में गुरुवार को धनबाद नगर निगम के महापौर के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो तथा सहायक निर्वाची पदाधिकारी विशाल कुमार पांडेय ने सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो के नेतृत्व में की। स्क्रुटनी के बाद अखिलेश्वर महतो, डॉ सुशील कुमार एवं सुश्री पुष्पा कुमारी का नामांकन रद्द किया गया। महापौर के लिए 33 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। स्क्रुटनी के बाद अमित कुमार अग्रवाल, आकाश दुसाध, इंदु देवी, उमेश पासवान, कुसुम देवी, चंद्र शेखर अग्रवाल, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार, दीनानाथ ठाकुर, नवल किशोर पासवान, नीलम मिश्रा, मोहम्मद परवेज खान, राहुल कुमार चौहान, मोहम्मद रुस्तम अंसारी, लक्ष्मी देवी, शमशेर आलम अंसारी, शांतनु कुमार चंद्रा, शिल्पी शर्मा, संजीव कुमार, संजीव सिंह तथा के.सी. सिंह राज सहित 30 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र सही पाया गया।

## पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने सिन्दरी में किया जनसम्पर्क



सिन्दरी (धनबाद) : धनबाद नगर निगम के निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने गुरुवार को सिंदरी का चुनावी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिंदरी के साईं बाबा मंदिर में बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर कमेटी सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात वे लायंस क्लब एडमिनिस्ट्रेटर प्रशांत पाण्डेय के आवास पर लायंस क्लब के सदस्यों से मुलाकात की और पुनः महापौर बनाने का आग्रह किया। लायंस क्लब के सदस्यों ने पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शांत स्वभाव के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि अन्य प्रत्याशियों की तरह मुझे अपना विकास नहीं धनबाद के विकास का काम करना है। भाजपा से झामुमो में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि धनबाद का विकास झामुमो के साथ रहकर ही किया जा सकता है।

## वार्ड 40 में विकास की गंगा बहाना लक्ष्य : मंजू कुमारी



धनबाद : नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच वार्ड नंबर 40 से प्रत्याशी मंजू कुमारी ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। नामांकन से पूर्व मंजू कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में एक विशाल रैली निकालकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान स्थानीय लोगों का भारी समर्थन देखने को मिला। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 40 आज भी विकास की बाट जोह रहा है। यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में जनता को सिर्फ आश्वासन मिले, लेकिन धरातल पर काम नहीं हुआ। मंजू कुमारी ने क्षेत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़कों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जिसे दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नियमित साफ-सफाई न होने और फागिंग के अभाव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं। स्वच्छ पेयजल और नालियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यदि जनता उन्हें चुनती है, तो वे वार्ड में 'विकास की गंगा' बहाएंगी। मौके पर मुख्य रूप से कन्हाई महतो, बैजनाथ महतो, सुमन महतो, सन्नी कुमार समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## धूमधाम से मना गणेश पूजा महोत्सव, भक्तों की उमड़ी भीड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजबाड़ी रोड कतरास स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में मोदक समाज कल्याण संस्था के तत्वावधान में गणेश पूजा महोत्सव पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार की सुबह से ही गणेश मंदिर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। संध्या 7 बजे विशेष पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित द्वारा विधि-विधान से फल, फूल, लड्डू आदि का भोग अर्पित कर पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया। महोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी लाइटों



एवं झंडियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि यहां कई दशकों से प्रतिवर्ष भव्य रूप से गणेश पूजा का आयोजन किया जाता रहा है और इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा, वहीं संध्या समय भक्ति गीत, नृत्य एवं नाटिका का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

### गणेश पूजा का महत्व

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देव माना जाता है। वे विघ्नहर्ता के रूप में जीवन की बाधाओं को दूर करते हैं तथा बुद्धि, सफलता और समृद्धि प्रदान करते हैं। किसी भी नए कार्य के शुभारंभ, घर में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए भगवान गणेश की पूजा की जाती है। मान्यता है कि गणेश जी को दूब घास, मोदक और लाल फूल अत्यंत प्रिय हैं। इन्हें अर्पित करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।

## मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला ने की जन केन्द्रित विकास की पहल

धनबाद : धनबाद नगर निगम के मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला ने शहर के समग्र और जन-केंद्रित विकास को लेकर एक नई पहल करते हुए धनबाद जनमत नागरिक घोषणापत्र अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य शहर के नागरिकों को सीधे विकास प्रक्रिया से जोड़ना और उनकी वास्तविक समस्याओं व सुझावों के आधार पर नगर विकास की नीति तय करना है। रवि बुंदेला ने कहा कि धनबाद के विकास की दिशा अब बंद कमरों में नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से तय होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र किसी व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि धनबाद की जनता की आवाज होगा।

## राजस्व वसूली के लिए कोयला कम्पनियों को 183.85 अरब रुपये जमा करने की नोटिस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिला खनन विभाग ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुगमा, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला व टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को राजस्व वसूली के लिए 183.85 अरब रुपए जमा करने का नोटिस भेजा है। नोटिस की तिथि से 15 दिन के अंदर रकम जमा करने का निर्देश दिया गया है। राशि जमा नहीं करने पर कंपनियों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दायर किया जाएगा। इसके विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी श्री रितेश राज तिग्गा ने बताया कि उपरोक्त खनन कंपनियों ने निर्धारित अनुमति से अधिक जगह से वर्ष 2000 से 2010 के बीच कोयले का उत्खनन किया। इसमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की 46, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल मुगमा) की 8, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला की 2 व टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन की 3 कोलियरियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में इन कोयला कंपनियों से करीब 183.85 अरब रुपए की वसूली की जाएगी। इसमें बीसीसीएल को चांच विक्टोरिया, गोविंदपुर एरिया, कतरास एरिया, सिजुआ एरिया, बरोरा एरिया, ब्लाक टू एरिया, कुसुंडा एरिया, पीबी एरिया, बस्ताकोला एरिया, लोदना एरिया, ईस्टर्न झरिया तथा वेस्टर्न झरिया की कोलियरी के लिए 17,337.87 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को 385.19 करोड़ रुपए, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुगमा एरिया को 328.77 करोड़ रुपए तथा स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला को 333.42 करोड़ रुपये का भुगतान करना है।

## मटकुरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स का मिलन समारोह सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : गुरुवार को धनबाद मटकुरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से हर वर्ष की भांति मिलन समारोह का आयोजन सनराइज कॉम्प्लेक्स, मटकुरिया में किया गया। कार्यक्रम में चेंबर के अध्यक्ष दिनेश हेलीवाल सहित अन्य पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश हेलीवाल ने कहा कि मटकुरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रत्येक वर्ष बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, डीएमडीए सहित अन्य चेंबर्स के पदाधिकारियों व सदस्यों को आमंत्रित कर उनका स्वागत एवं सम्मान करता है। ऐसे आयोजनों से आपसी एकता, सौहार्द और मेलजोल को बढ़ावा मिलता है। नगर निगम चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि मटकुरिया चेंबर के सभी सदस्य कर्मठ एवं निष्ठावान उम्मीदवार के चयन को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेंगे। चेंबर का पूरा वोट एकमत होकर उसी उम्मीदवार को दिया जाएगा, जिसकी घोषणा शीघ्र की जायेगी। मिलन समारोह के दौरान व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में बैंक मोड़ और मटकुरिया क्षेत्र में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ाने तथा धनबाद की सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि ट्रैफिक समस्या के समाधान से व्यापारियों के व्यवसाय में और सुधार होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश हेलीवाल के साथ हरीश गंगवानी, दिलीप सुबूकी, सुशील सांवरिया, सुशील पटवारी, राहुल अग्रवाल, सुभाष लक्ष्मणिया, प्रभात सुरोलिया, प्रमोद गोयल, सुरेंद्र अरोड़ा, आशीष केजरीवाल, महेंद्र अग्रवाल, विजय बरनवाल, संदीप मुखर्जी, मनोज गोयल, प्रकाश चौधरी, रामावतार राजगढ़िया, सोनू पंकज केडिया, आर.बी. गोयल, सुरेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सीताराम हेलीवाल, सचिन हेलीवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कोर्ट परिसर धनबाद में भिड़े अधिवक्ता-स्वास्थ्य कर्मी, एक घायल

धनबाद : धनबाद कोर्ट परिसर पिछले एक सप्ताह से अधिवक्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के बीच तनाव का केंद्र बना हुआ है। रास्ता विवाद को लेकर गुरुवार को दोनों पक्ष भीड़ गये। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई। जिसमें एक स्वास्थ्य कर्मी घायल हो गया। वहीं, एक पत्रकार को भी पत्थर लगने की सूचना है। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। रास्ता विवाद को लेकर जिला प्रशासन ने अधिवक्ताओं को छह फीट का रास्ता देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला प्रशासन के साथ सभी बिंदुओं पर वार्ता हो चुकी है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ सभी मुद्दों पर बातचीत पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जनरल बॉडी मीटिंग के बाद पेन डाउन हड़ताल समाप्त करने पर विचार किया जाएगा। अधिवक्ताओं पर लगाए गए दीवार तोड़ने और पत्थरबाजी के आरोपों को बार एसोसिएशन ने सिरे से खारिज किया है।

## पत्रकार बेनु मंडल की पुण्यतिथि मनी, समाजसेवी मनोज दे सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : समाजसेवी सह पत्रकार एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व पदाधिकारी स्व:बेनु मंडल की पुण्यतिथि गुरुवार को हेटलीबांध, स्थित स्वरस्वती देवी मेमोरियल भवन में मनाई गई। शुरूआत बेनु मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद परिवारों की निस्वार्थ सेवा करने वाले मनोज दे (53) को अंत्योष्टि महा सेवक सम्मान से सम्मानित किया गया।




उन्हें यह सम्मान बेनु मंडल के बड़े भाई गोपाल मंडल ने प्रदान किया। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि बेनु मंडल 1990 के दशक में सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे और समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उल्लेखनीय थी। वर्ष 1992 में तत्कालीन धनबाद उपायुक्त व्यास जे.के. के कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्रीन धनबाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्हें धनबाद का युवा राजदूत भी कहा जाता था। सामाजिक कार्यकर्ता पिनाकी रॉय ने कहा कि संस्था ने बेनु मंडल की स्मृति में राज्य सरकार से अंत्येष्टि अनुदान योजना शुरू करने की मांग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 25 लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा जायेगा। पिनाकी रॉय ने कहा कि देश के कई राज्यों में इस प्रकार की योजनाएं पहले से लागू हैं। मध्य प्रदेश में बीपीएल परिवारों को मृत्यु के बाद 3000, पश्चिम बंगाल में समबेथी योजना के तहत 2000 तथा राजस्थान में 3000 की सहायता दी जाती है। केंद्र सरकार द्वारा ईएसआई कार्डधारकों को भी यह सुविधा मिलती है, लेकिन झारखंड में अब तक ऐसी कोई योजना लागू नहीं है। सभा की शुरूआत में संगीत शिक्षिका प्रणति कर ने रवींद्रनाथ ठाकुर का गीत ये अगुनर परश मणि प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। भागा के पत्रकार एवं बेनु मंडल के मित्र सुभाषिश रॉय ने कहा कि बेनु मंडल की असामयिक मृत्यु समाज के लिए एक चेतावनी है और सभी को कार्य के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

# उप विकास आयुक्त ने तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य का लिया जायजा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने गुरुवार को गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएमएफटी मद से संचालित दो तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान रिजलीबंध में कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण करने के आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही उप विकास आयुक्त ने बरवाटांड़ पंचायत में निमार्णाधीन तालाब कार्य का निरीक्षण किया। स्वीकृत प्रावधानों के अनुरूप कार्य को शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भ्रमण के अगले चरण में नवाटांड़ पंचायत में प्रस्तावित मॉडल स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी सेविका को पोषण ट्रैकर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। वहीं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा प्रभारी प्रधानाचार्य से विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने गोरटोपा पंचायत स्थित गोविंदपुर किसान साथी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का भ्रमण कर किसानों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया।




## उप विकास आयुक्त ने गोविन्दपुर आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



धनबाद : उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज ने गुरुवार को गोविंदपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही इसे मॉडल आंगनवाड़ी के अनुरूप विकसित करने के लिए आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र में आए बच्चों का अपने सामने वजन कराया। मोबाइल ऐप एवं रजिस्टर में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की प्रविष्टियां देखी।

## एक झलक

### पंजाब की धरती पर गूंजी झारखंड की सांस्कृतिक पहचान

बाघमारा (धनबाद) : 02 फरवरी से 07 फरवरी तक एनवाईपी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं एकीकरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नया सवेरा मुफ्त शिक्षा केंद्र के संस्थापक उमेश कुमार तूरी के नेतृत्व में नया सवेरा संस्था की आठ सदस्यीय टीम पंजाब के लहरा गागा पहुँची। नया सवेरा की टीम ने कार्यक्रम के मंच से कला, सांस्कृतिक, नृत्य, नाटक एवं गीतों की प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध संस्कृति से पूरे देश को अवगत कराया। उमेश कुमार तूरी ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के 26 राज्यों से लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहां सभी ने अपने-अपने राज्यों की कला व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भारत की विविधता को प्रदर्शित किया। इस दल में रूपा कुमारी, संध्या कुमारी, सविता लोहार, निर्जला कुमारी, माही कुमारी, सिद्धि कुमारी एवं संजोती कुमारी शामिल रहीं। कार्यक्रम में झारखंड की प्रस्तुति को खूब सराहना मिली।

### आईआईटी आईएसएम धनबाद में इसरो की 'स्पेस ऑन व्हील्स' बस का भव्य आगमन

धनबाद/बाघमारा : आईआईटी आईएसएम धनबाद परिसर में गुरुवार को उस समय खास उत्साह देखने को मिला, जब इसरो का स्पेस ऑन व्हील्स प्रदर्शनी बस का आईआईटी आईएसएम में भव्य स्वागत किया गया। इस चलती-फिरती अंतरिक्ष प्रदर्शनी में भारत के अंतरिक्ष विज्ञान की यात्रा को बेहद रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। बस के भीतर चंद्रयान मिशन समेत इसरो के ऐतिहासिक अभियानों के आकर्षक मॉडल लगाये गये हैं, जिन्हें देखकर छात्र रोमांचित हो उठे। प्रदर्शनी में मौजूद इसरो के विशेषज्ञ छात्रों को मिशन की तकनीकी बारीकियां समझा रहे हैं और उनके सवालों के जवाब भी दे रहे हैं। आईआईटी आईएसएम धनबाद के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें शोध व नवाचार के लिए प्रेरित करना है। खास बात यह है कि इस ह्वास्पेस ऑन व्हील्सह्व का लाभ केवल आईआईटी आईएसएम के छात्र ही नहीं, बल्कि झारखंड के 500 से अधिक स्कूलों के छात्र भी उठा सकेंगे। विज्ञान, तकनीक और सपनों को एक साथ जोड़ती यह प्रदर्शनी धनबाद के छात्रों के लिए किसी प्रेरणादायक अनुभव से कम नहीं है।

### भौरा में जिला परिषद स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की बाधा दूर, जल्द शुरू होगा दो मंजिला भवन का कार्य

जोड़ापोखर (धनबाद) : भौरा सात नंबर बड़ा बंगला के समीप जिला परिषद के सौजन्य से बनने वाले स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में आ रही बाधा गुरुवार को दूर हो गई। झरिया अंचल कार्यालय के अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद अब उक्त स्थल पर दो मंजिला स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बताया जाता है कि जब संबंधित संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया गया, तो स्थानीय ग्रामीणों ने यह कहते हुए विरोध किया कि जिस भूमि पर स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, वह उनकी निजी जमीन है। विरोध के कारण कार्य रोक दिया गया। स्थिति की जानकारी संवेदक द्वारा विभाग एवं वरीय जिला अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए झरिया अंचल अधिकारी के आदेश पर अंचल निरीक्षक अभय कुमार एवं अमीन कृष्णा यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मौजूदगी में विवादित भूमि की मापी कराई गई। मापी के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि संबंधित भूमि ग्रामीणों की नहीं, बल्कि बीसीसीएल की है। अधिकारियों द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद ग्रामीणों का भ्रम दूर हो गया और विवाद का समाधान हो गया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सम्पादकीय.....

## सुरक्षा बलों की सफलता सुखद

**जम्मू** सम्भाग के पहाड़ी और घने जंगलों में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों के बीच सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता सुखद है। ऊधमपुर जिले के ऊपरी जंगल क्षेत्र में 04 फरवरी को 22 घंटे तक मुठभेड़ चली। इसमें दो कुख्यात आतंकियों को मार गिराया गया। जबकि, किश्तवाड़ के वर्फ से ढके जंगलों में हुई एक अन्य मुठभेड़ में भी सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। दोनों क्षेत्रों में शेष आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है। ऊधमपुर जिले के रामनगर और बसंतगढ़ के बीच ऊपरी जंगल जगरेडा क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना की सीआईएफ डेल्टा यूनिट, ह्वाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने 03 फरवरी को संयुक्त अभियान शुरू किया। आतंकियों ने एक प्राकृतिक गुफा को ठिकाना बना रखा था। वे वहीं से फायरिंग कर रहे थे। इलाके की भौगोलिक परिस्थितियां बेहद चुनौतीपूर्ण थीं...घना जंगल, ऊंचाई और सीमित दृश्यता। आतंकियों की सटीक स्थिति का पता लगाने के लिए ड्रोन की मदद ली गयी। रातभर सेना ने घेराबंदी बनाये रखी। सुरक्षाबलों ने संयम और रणनीतिक धैर्य के साथ ऑपरेशन जारी रखा। फिर 04 फरवरी को दोपहर को गुफा को रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से निष्क्रिय किया गया। इसके बाद तलाशी के दौरान दो आतंकियों के शव बरामद किये गये। मारे गये आतंकियों में जैश-ए-मोहम्मद के मुखौटा संगठन 'कश्मीर टाइगर्स' (केटी) का शीर्ष कमांडर जुबैर और कमांडर अबू मुआविया के होने की सम्भावना जतायी गयी है। जुबैर पांच आतंकियों के एक मॉड्यूल का नेतृत्व कर रहा था, जबकि अबू मुआविया वर्ष 2023 से सक्रिय था और कई आतंकी घटनाओं में संलिप्त रहा है। इस मॉड्यूल का एक अन्य सदस्य उस्मान पहले ही एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी तक आतंकियों की पहचान और संगठन की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। क्षेत्र में दो अन्य आतंकियों की मौजूदगी की सम्भावना जतायी गयी है। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और रसद सामग्री की बरामदगी हुई है, जो इस बात का संकेत देती है कि आतंकी लम्बे समय तक गुफा में छिपे रहने की तैयारी के साथ आये थे। वे लम्बी अवधि तक जंगल में छिप कर गतिविधियां संचालित करने की योजना में थे। दूसरी बड़ी कार्रवाई किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र के दिच्छड़ जंगल में हुई। यहां सुरक्षाबल पिछले करीब 20 दिनों से आतंकियों की तलाश में लगातार तलाशी अभियान चला रहे थे। आतंकियों ने कथित तौर पर ग्रेनेड से हमला करते हुए गोलीबारी शुरू की, जिसका सुरक्षाबलों ने जवाब दिया। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। किश्तवाड़ के जंगलों में हालिया समय में सुरक्षा गतिविधियां तेज हुई हैं। पिछले 18 दिनों में यहां पांच मुठभेड़ हो चुकी हैं। 18 जनवरी को हुई मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया था और 07 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद 22, 25 और 31 जनवरी को भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं हुईं। लगातार अभियान यह संकेत देता है कि क्षेत्र में सक्रिय आतंकी समूहों को खत्म करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां व्यापक रणनीति के तहत काम कर रही हैं। जम्मू सम्भाग के पहाड़ी और वन क्षेत्र लम्बे समय से आतंकियों के लिए छिपने के सुरक्षित ठिकाने माने जाते रहे हैं। कठिन भूगोल, सीमित सड़क सम्पर्क और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां अभियानों को जटिल बनाती हैं। इसके बावजूद सेना, पुलिस और केन्द्रीय बलों की संयुक्त टीमें समन्वित ढंग से अभियान चला रही हैं। ड्रोन तकनीक, सटीक खुफिया इनपुट और बहु-एजेंसी तालमेल ने हालिया अभियानों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सुरक्षा बलों का कहना है कि क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित बनाने तक अभियान जारी रहेगा। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अभी भी हाई अलर्ट पर हैं। कुल मिला कर सुरक्षा बलों की यह सफलता क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। यह ठीक है कि चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की चुस्ती-मुस्तैदी ने यह विश्वास जरूर जगा दिया है कि शीघ्र ही अमन-चैन कायम होगा।

## किसने क्या कहा



भारत तेजी से आगे बढ़ रहा, हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने में प्लास्टिक उद्योग की भूमिका अहम

**रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री (दिल्ली)



# जाति, न्याय और लोकतंत्र : एक असहज सच्चाई

विशेष | **डॉ. प्रियंका सौरभ**

> **न्यायालय** वह स्थान है, जहां अंतिम उम्मीद जाकर टिकती है। लेकिन, जब यह धारणा बनने लगे कि न्याय की दहलीज पर पहुंचने से पहले व्यक्ति की जाति, हैसियत और राजनीतिक संरक्षण देखा जा रहा है, तो विश्वास की नींव हिलने लगती है। न्याय केवल निर्णय नहीं होता; वह भरोसा होता है। और जब यह भरोसा टूटता है, तो उसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज पर पड़ता है। आज न्यायालयों में लम्बित मामलों की संख्या, फैसलों में देरी, और कुछ मामलों में दिखता स्पष्ट या अप्रत्यक्ष पक्षपात; ये सब लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर गम्भीर प्रश्नचिह्न हैं। लोकतंत्र के नाम पर सत्य का क्षरण एक धीमी, लेकिन निरन्तर प्रक्रिया है। यह एक दिन में नहीं होता। पहले असुविधाजनक सवालों को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा जाता है, फिर आलोचना को 'षड्यंत्र' बताया जाता है, और अंततः सच बोलनेवालों को हाशिये पर धकेल दिया जाता है।

**भारत** का लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक नैतिक संकल्प है— समानता, न्याय और बंधुत्व का। संविधान की प्रस्तावना इसी संकल्प का उद्घोष करती है। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर देखते हैं, तो यह प्रश्न असहज रूप से सामने खड़ा होता है कि क्या हम उस संकल्प के साथ न्याय कर पा रहे हैं? या फिर लोकतंत्र का यह ढांचा भीतर से दरक चुका है, जहाँ कानून, व्यवस्था और सत्ता—तीनों ही जाति, वर्ग और पहचान की गिरफ़्त में हैं। आज कानून बनते हैं, संशोधन होते हैं, नए-नए प्रावधान जोड़े जाते हैं, परंतु उनके पीछे की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक हो गया है। क्या ये कानून नागरिक के लिए हैं, या किसी विशेष समूह, वर्ग या वोट बैंक के लिए? जब विधायन का आधार तर्क और न्याय की जगह सामाजिक पहचान लेने लगे, तब लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ना तय है। कानून का काम समाज को जोड़ना है, लेकिन यदि वही समाज को खाँचों में बाँटने का माध्यम बन जाए, तो यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है। न्याय व्यवस्था की भूमिका किसी भी लोकतंत्र में सबसे पवित्र मानी जाती है। न्यायालय वह स्थान है जहाँ अंतिम उम्मीद जाकर टिकती है। लेकिन जब यह धारणा बनने लगे कि न्याय की दहलीज पर पहुँचने से पहले व्यक्ति की जाति, हैसियत और राजनीतिक संरक्षण देखा जा रहा है, तो विश्वास की नींव हिलने लगती है। न्याय केवल निर्णय नहीं होता; वह भरोसा होता है। और जब यह भरोसा टूटता है, तो उसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज पर पड़ता है। आज न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, फैसलों में देरी, और कुछ मामलों में दिखता स्पष्ट या अप्रत्यक्ष पक्षपात—ये सब लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न हैं। लोकतंत्र के नाम पर सत्य का क्षरण एक धीमी लेकिन निरंतर प्रक्रिया है। यह एक दिन में नहीं होता। पहले असुविधाजनक सवालों को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा जाता है, फिर आलोचना को 'षड्यंत्र' बताया जाता है, और अंततः सच बोलने वालों को हाशिए पर धकेल दिया जाता है। जब संसद में बहसें समाधान से अधिक शोर बन जाएँ, जब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता का विस्तार बन जाए, और जब सामाजिक विमर्श भावनाओं के उकसावे तक सिमट जाए—तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र केवल औपचारिक रूप से जीवित है, उसकी आत्मा संकट में है। समरसता की बातें हर मंच से होती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट दिखाई देती है। समाज में विभाजन गहराता जा रहा है—धर्म के नाम परन्तु, जाति के नाम पर, भाषा और क्षेत्र के नाम पर। सत्ता इन विभाजनों को पाटने के बजाय, अक्सर इन्हें साधन की तरह इस्तेमाल करती है। 'फूट डालो और राज करो' अब इतिहास की किताबों में दर्ज कोई औपनिवेशिक नीति नहीं रही, बल्कि समकालीन राजनीति की एक प्रभावी रणनीति बन चुकी है। जब जनता आपस में उलझी रहती है, तब सत्ता से सवाल करने की ताकत कमजोर पड़ जाती है। यह विडंबना ही है कि एक ओर जाति-पाति मिटाने की बातें होती हैं, दूसरी ओर हर राजनीतिक गणित जातिगत समीकरणों पर आधारित होता है। चुनावी टिकटों से लेकर नीतिगत फैसलों तक, जाति एक निर्णायक तत्व बनी हुई है। ऐसे में 'जाति से ऊपर उठने' का उपदेश खोखला प्रतीत होता है। यदि सचमुच जाति अप्रासंगिक होती, तो उसका उल्लेख हर नीति, हर बहस और हर चुनाव में इतनी प्रमुखता से क्यों होता?

आशाओं के इस देश में निराशा का बढ़ता विस्तार केवल आर्थिक कारणों से नहीं है। बेरोजगारी, महँगाई और संसाधनों की असमानता तो कारक हैं ही, लेकिन उससे भी बड़ा कारण है— विश्वास का टूटना। जनता ने जिन हाथों में सत्ता सौंपी, उनसे यह अपेक्षा थी कि वे सबके हित में काम करेंगे। परंतु जब वही सत्ता अपने अस्तित्व को बचाने के लिए समाज को बाँटने लगे, आलोचना से डरने लगे और असहमति को दबाने लगे, तब लोकतंत्र का नैतिक आधार कमजोर हो जाता है। सत्ता का सच से मुँह फेर लेना किसी भी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। जब शासन केवल अपनी छवि गढ़ने में व्यस्त हो जाए और वास्तविक समस्याओं से आँख चुराने लगे, तब झूठ एक समानांतर यथार्थ रच देता है। इस यथार्थ में आँकड़े चमकदार होते हैं, भाषण ऊँचे होते हैं, लेकिन आम आदमी की ज़िंदगी लगातार कठिन होती जाती है। सच को ढँकने के लिए प्रचार का सहारा लिया जाता है, और धीरे-धीरे जनता को यही सिखाया जाता है कि सवाल करना असभ्यता है। विधान सभाओं और संसद में सामाजिक न्याय की बातें अक्सर सुनाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर वही अन्याय नए-नए रूपों में सामने आता है। नीतियों में सुधार के नाम पर ऐसे प्रावधान लाए जाते हैं, जो या तो आधे-अधूरे होते हैं या फिर नए विवादों को जन्म देते हैं। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब नीति-निर्माण में प्रभावित वर्गों की वास्तविक भागीदारी न हो, और फैसले ऊपर से थोपे जाएँ। लोकतंत्र की असली परीक्षा संकट के समय होती है। क्या वह सबसे कमजोर नागरिक के साथ खड़ा होता है, या सबसे ताकतवर के साथ?

# मलेशिया दौरा: क्या बदलेगा एशिया का शक्ति-संतुलन?

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**

> **अनवर** इब्राहिम के आमंत्रण पर हुआ यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नयी ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा। भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय सम्बन्ध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकल कर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं।

**जब** एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी 2026 का मलेशिया दौरा एक साहसी, निर्णायक और दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। यह यात्रा मात्र औपचारिक कूटनीति नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला ऐतिहासिक प्रयास है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हुआ यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा। भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी। व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है—व्यापार को केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के रूप में विकसित करना।

## आज का इतिहास

- पुर्तगाल और स्पेन के बीच 1715 में युद्ध समाप्त हुआ।
- हालैंड और ब्रिटेन के बीच 1716 में गठबंधन का नवीनीकरण।
- 1778 में ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- फ्रांस ने अमेरिका को 1778 में मान्यता प्रदान की।
- मैसाचुसेट्स 1788 में संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को माननेवाला छठा राज्य बना।
- सिंगापुर की खोज सर थॉमस स्टैमफर्ड रैफेल्स ने 1819 की।
- ओट्टो 1833 में आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने।
- अमेरिका - स्पेन के बीच 1899 में लड़ाई समाप्त।
- अमेरिका के एरिजोना में 1911 में पहला वृद्धाश्रम खोला गया।
- तीस वर्ष से अधिक की आयु की महिलाओं को 1918 में ब्रिटेन में मतदान करने का अधिकार मिला।
- कार्डिनल एशिले रैट्टी 1922 में पोप चुने गये।
- लीबिया के बेनगाजी शहर पर ब्रिटिश सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- ब्रिटेन नरेश जार्ज छठवें के निधन के बाद ; यानी सन 1952 में 26 साल की एलिजाबेथ द्वितिय ने इंग्लैंड की महारानी की गद्दी सम्भाली।
- 1959 में भारत में केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश के रूप में अन्ना चांडी को नियुक्त किया गया। वह उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली महिला न्यायाधीश बनी।
- 1985 में ब्रिटिश उपन्यासकार जेम्स हेडली चेइज का स्विट्जलैंड में निधन।
- जस्टिस मैरी गॉडरन 1987 में आस्ट्रेलियाई हाई कोर्ट की जज बनने वाली पहली महिला बनीं।
- पाकिस्तान में सन 1994 से सार्वजनिक फांसी पर प्रतिबंध लागू।
- देश का पहला पेस मेकर बैंक 1999 में कोलकाता में स्थापित हुआ।
- विदेश मंत्री टारजा हैलोनेन 2000 में फि नलैंड की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
- 06 फरवरी, 2002 के दिन भारत ने सीमा में घुस आया पाकिस्तान के जासूसी विमान को मार गिराया था।

## सुविचार

अपनी खुशियों के प्रत्येक पल का आनन्द लें, क्योंकि यह बुढ़ापे का अच्छा सहारा है

**क्रस्टोफर मोल**

हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जो हम अपने बच्चों को करते देखने के इच्छुक नहीं हैं


**विग्रम यंग**

## अंकजाल - 8171

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



*अंकजाल 8170 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## मन की शक्ति

**मन** को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है।

# विदेश नीति : भरोसा, मानवता और राष्ट्रीय हित की परीक्षा

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

**भारत** सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस बजट में नेपाल को 800 करोड़ रुपये, श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये, भूटान को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानते हुए 2,289 करोड़ रुपये तथा अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपये मानवीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह तथ्य भारत की विदेश नीति की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को तो रेखांकित करता है, साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। क्या यह आवंटन घरेलू जरूरतों के अनुरूप है? क्या भरोसे के आधार पर किया गया निवेश ठोस परिणाम देगा? विदेश के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन यह संकेत देता है कि भारत वैश्विक मंच पर अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट', 'इंडो-पैसिफिक' और 'वैश्विक दक्षिण' जैसी नीतियां इस आकांक्षा का वैचारिक आधार हैं। परंतु हमें यह देखना भी आवश्यक है कि क्या यह बढ़ा हुआ व्यय केवल कूटनीतिक विस्तार का प्रतीक है या वास्तव में राष्ट्रीय हितों में ठोस परिणाम देगा?

भूटान को 2,289 करोड़ रुपये का आवंटन यह दशार्ता है कि भारत उसे अपना सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानता है। भारत-भूटान संबंध पारंपरिक रूप से मित्रतापूर्ण और स्थिर रहे हैं। जलविद्युत परियोजनाओं, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक सहायता के माध्यम से भारत ने भूटान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि आलोचक यह प्रश्न उठाते रहे हैं कि क्या लगातार बड़ी आर्थिक सहायता से भूटान की आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होती? क्या यह रिश्ता सहयोग से आगे बढ़कर निर्भरता की ओर तो नहीं जा रहा? यदि सहायता का उपयोग केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित रह जाए और स्थानीय क्षमता निर्माण पर ध्यान न दिया जाए, तो दीर्घकाल में यह भारत और भूटान- दोनों के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां भारत एक अच्छे पड़ोसी की भूमिका निभा रहा है।

नेपाल को 800 करोड़ रुपये का आवंटन भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का प्रमुख उदाहरण है। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध अत्यंत गहरे हैं। खुली सीमा और पारिवारिक रिश्ते इस संबंध को विशिष्ट बनाते हैं। हालांकि यह इसमें सचाई है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलंदाजी भारत के लिए रणनीतिक चिंता का विषय रही है। प्रश्न यह है कि क्या आर्थिक सहायता से नेपाल में भारत के प्रति विश्वास और सहयोग स्थायी रूप से बढ़ा है? पूर्व में नेपाल की आंतरिक राजनीति में भारत-विरोधी स्वर उभरते रहे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि केवल वित्तीय सहायता कूटनीतिक विश्वास स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सहायता के साथ-साथ सम्मानजनक संवाद और आपसी हितों का संतुलन भी आवश्यक है। श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये का आवंटन उसके हालिया आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। संकट के समय भारत ने सहायता देकर एक जिम्मेदार पड़ोसी की भूमिका निभाई, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया। यह सहायता मानवीय दृष्टि से उचित प्रतीत होती है। लेकिन प्रश्न यह है कि यह सहायता दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ में परिवर्तित होगी श्रीलंका में चीन की आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति पहले से मजबूत है।

# ऑनलाइन गेमिंग : मनोरंजन से लत और लत से त्रासदी तक

गौरतलब | **डॉ. सत्यवान सौरभ**

> **ऑनलाइन** गेमिंग, जो कभी मनोरंजन, एकाग्रता और रणनीतिक सोच का साधन मानी जाती थी, आज कई मामलों में बच्चों और किशोरों के लिए मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विनाश का कारण बन रही है। खासकर, कोरोना काल के बाद, जब ऑनलाइन शिक्षा और घर में बंद जीवन ने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट के और अधिक करीब कर दिया, तब से यह समस्या और गहराई है। ऑनलाइन गेम्स का मनोविज्ञान बेहद चालाकी से तैयार किया गया है। गेम डिजाइनर बच्चों की मानसिक संरचना को समझते हैं- इनाम, लेवल, रैंकिंग, वर्चुअल पहचान, और प्रतिस्पर्द्धा के जरिये उन्हें इस तरह बांधा जाता है कि वे बार-बार उसी दुनिया में लौटें।

**गाजियाबाद** में तीन सगी बहनों की सामूहिक आत्महत्या की खबर केवल एक अपराध समाचार नहीं है, बल्कि यह हमारे समय की सबसे भयावह सामाजिक सच्चाइयों में से एक का आईना है। नौवीं मंज़िल से कूदकर जान देने की यह घटना दिल दहला देने वाली है क्योंकि इसके पीछे कोई तात्कालिक झगड़ा, आर्थिक तंगी या पारिवारिक हिंसा नहीं बल्कि एक ऐसी अदृश्य दुनिया है, जो चुपचाप बच्चों के मन-मस्तिष्क पर कब्जा कर रही है- ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों की दुनिया को समझ पा रहे हैं या हम उन्हें मोबाइल स्क्रीन के हवाले कर निश्चिंत हो बैठे हैं।

डिजिटल युग में तकनीक जीवन को आसान बनाने का माध्यम बनी है लेकिन उसी तकनीक का अनियंत्रित उपयोग अब समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऑनलाइन गेमिंग, जो कभी मनोरंजन, एकाग्रता और रणनीतिक सोच का साधन मानी जाती थी, आज कई मामलों में बच्चों और किशोरों के लिए मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विनाश का कारण बन रही है। खासकर कोरोना काल के बाद, जब ऑनलाइन शिक्षा और घर में बंद जीवन ने बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट के और अधिक करीब कर दिया, तब से यह समस्या और गहराई है।

ऑनलाइन गेम्स का मनोविज्ञान बेहद चालाकी से तैयार किया गया है। गेम डिजाइनर बच्चों की मानसिक संरचना को समझते हैं- इनाम, लेवल, रैंकिंग, वर्चुअल पहचान, और प्रतिस्पर्धा के जरिए उन्हें इस तरह बांधा जाता है कि वे बार-बार उसी दुनिया में लौटें। धीरे-धीरे खेल खेलना एक आदत बनता है, फिर जरूरत, और अंततः लत। यह लत शराब या नशे से कम खतरनाक नहीं होती क्योंकि इसमें शरीर नहीं, दिमाग जकड़ा जाता है। बच्चा वास्तविक दुनिया से कटने लगता है- उसे परिवार बोझ लगने लगता है, पढ़ाई व्यर्थ लगती है और जीवन के छोटे-छोटे सुख फीके पड़ जाते हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस लत के शिकार अधिकतर बच्चे और किशोर होते हैं- वही उम्र, जब व्यक्तित्व निर्माण होता है, भावनात्मक संतुलन विकसित होता है और जीवन को समझने की प्रक्रिया चल रही होती है। इस उम्र में यदि बच्चा आभासी दुनिया में जीने लगे, तो उसकी वास्तविक समस्याओं से जूझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। हार-जीत, तनाव, असफलता और रिश्तों की जटिलता से निपटने के बजाय वह 'एस्केप' खोजने लगता है—और ऑनलाइन गेम्स उसे यह आसान पलायन उपलब्ध कराते हैं।

गाजियाबाद की घटना में यह तथ्य और अधिक विचलित करता है कि बच्चियाँ दो साल से स्कूल नहीं जा रही थीं और मोबाइल की लत का ज़िक्र सामने आया है। यह सवाल उठता है कि क्या परिवार, स्कूल और समाज- तीनों स्तरों पर निगरानी और संवाद की कमी रही? आज के समय में बच्चों का स्कूल न जाना केवल शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि एक गहरी सामाजिक और मानसिक समस्या का संकेत है। स्कूल सिर्फ पढ़ाई की जगह नहीं होते बल्कि बच्चों के लिए सामाजिक संपर्क, भावनात्मक सहारा और संरचना प्रदान करते हैं। जब बच्चा इससे कट जाता है, तो वह अपने भीतर सिमटने लगता है।

## राशिफल

**मेष** — व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

**वृष** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आयेंगे। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। समय अच्छा है।

**मिथुन** — कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क** — अवरुद्ध कार्य सम्पन्न हो जायेंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा।

**सिंह** — कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। समय ठीक है।

**कन्या** — दिन-भर का माहौल आडम्बरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। सचेत रहें।

**तुला** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनायें। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है। समय अच्छा है।

**वृश्चिक** — कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**धनु** — अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। धैर्य रखें।

**मकर** — सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**कुंभ** — विरोधियों के सक्रिय होने की सम्भावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। सचेत रहें।

**मीन** — कार्य साधक दिन है, व्यर्थ न गवायें। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नगर निकाय आम निर्वाचन-2026 को लेकर तैयारियों की समीक्षा, उपायुक्त ने दिये सख्त निर्देश

# आपसी समन्वय के साथ करें जिम्मेदारी का निर्वहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नगर निकाय आम निर्वाचन-2026 के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के दौरान निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, सूचना तकनीकी, प्रशिक्षण, सामग्री, मतपत्र एवं मतपेटिका, परिवहन, विधि-व्यवस्था सह आचार संहिता, हेल्पलाइन एवं शिकायत, मीडिया, प्रेक्षक, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, नियंत्रण कक्ष, मेडिकल कोषांग सहित अन्य संबंधित कोषांगों के कार्यों पर चर्चा की गयी। उपायुक्त श्री गुप्ता ने सभी कोषांग प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रेयांश सहित सभी कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे।



### लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के सभी नामांकन वैध घोषित



**लातेहार :** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चल रही चुनावी प्रक्रिया में एक अहम चरण पूरा हो गया है। चुनाव के तहत दाखिल किए गए सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पूरी कर ली गई है। जांच के बाद सभी नामांकन पत्रों को सही और नियमों के अनुरूप पाते हुए स्वीकृति दे दी गयी है। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव का मुकाबला पूरी तरह स्पष्ट हो गया है। नामांकन जांच के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थक प्रत्याशी बिलासी टोपनो की ओर से लगाए गए जाति और स्थानीयता से जुड़े आरोपों की भी विस्तार से जांच की गई। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी दस्तावेजों और तथ्यों का मिलान करने के बाद इन आरोपों को निराधार करार दिया। अधिकारियों ने साफ कहा कि सभी प्रत्याशियों ने आवश्यक और वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं तथा किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन नहीं पाया गया। भाजपा समर्थित प्रत्याशी महेश सिंह ने नामांकन स्वीकृत होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं और लगातार जनता के बीच रहकर काम किया है। आगे भी उनका उद्देश्य जनता की सेवा करना रहेगा। महेश सिंह ने यह भी कहा कि चुनाव के समय आरोप-प्रत्यारोप आम बात है, लेकिन अंत में जनता सच्चाई को समझती है और उसी के आधार पर फैसला करती है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क में जुट गए हैं। वार्डों में बैठकें, घर-घर संपर्क और संवाद का दौर शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और तेज होने की संभावना है, जिससे लातेहार का राजनीतिक माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगता नजर आ रहा है।

### नगर निकाय निर्वाचन, मतदान कर्मियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण सम्पन्न



**लातेहार :** नगर निकाय (आम) निर्वाचन-2026 को लेकर गुरुवार को बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों के लिए प्रथम चक्र का पदवार प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी जरूरी पहलुओं की जानकारी दी गई। इसमें मतदान की पूरी प्रक्रिया, ईवीएम व मतपत्र से संबंधित कार्य, विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, मतदान के दिन बरती जाने वाली सावधानियां तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों पर विस्तार से चर्चा की गयी। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति पूरी तरह सक्षम बनाना है, ताकि चुनाव कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफल तरीके से संपन्न कराया जा सके। कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर एवं बड़ी संख्या में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी उपस्थित रहे।

## एक झलक

### पिकअप से टकरायी बाइक युवक की मौके पर मौत

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के रेहड़ा मोड़ के पास गुरुवार को एक बाइक सवार अफसर अंसार (31), पिता अंजर अंसारी, निवासी सासंग (लातेहार) की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अफसर चेन्नई में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और बुधवार को ही घर लौटा था। ट्रेन यात्रा के दौरान उसका पर्स और मोबाइल चोरी हो गया था। जरूरी कागजात बनवाने के लिए वह गुरुवार को बाइक से लातेहार जा रहा था।इसी दौरान लातेहार से बालूमाथ की ओर जा रही एक पिकअप वाहन (जेएच 01जीजे 6791) से उसकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अफसर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे की सूचना पर सदर थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और बाइक को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। गांव और परिजनों में शोक का माहौल है।

### थाना चौक के पास दो बाइकों की टक्कर, दो घायल

**लातेहार :** दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के थाना चौक के पास हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दुग्ध पालक समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान सबानो बोड़ा निवासी दुग्ध पालक महेंद्र यादव (पिता मदन यादव) और चटनाही निवासी अंकित प्रसाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महेंद्र यादव रोज की तरह लातेहार में दूध बेचकर करकट क्षेत्र से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अंकित प्रसाद की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गयी। दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लातेहार पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महेंद्र यादव की हालत गंभीर बताकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। अंकित प्रसाद का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भवनाथपुर प्रखंड में हादसा, बिजली पोल से गिर कर मिस्त्री घायल

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के झुमरी गांव निवासी सुजीत रजक, पिता स्व. कैलाश रजक, प्राइवेट मिस्त्री के रूप में विद्युत कार्य करते हैं। गुरुवार को सिंदुरिया गांव के त्रिभुवन साह ने अपने घर की खराब बिजली लाइन ठीक कराने के लिए उन्हें बुलाया। सुजीत रजक काम के दौरान बिजली पोल पर चढ़े, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से वे पोल से नीचे गिर पड़े। गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी स्थिति नाजुक हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मदद की और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### घाघरा में 'स्वच्छ भारत' का कूड़ेदान कांड

## डस्टबिन बनी बीमारी का जंक्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**घाघरा :** स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य गांव-गलियों को साफ और स्वच्छ बनाना था, लेकिन घाघरा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में यह मिशन कूड़ेदान मिशन बनकर रह गया है। विभाग द्वारा गांवों में लोहे और कंक्रीट के डस्टबिन तो स्थापित कर दिए गए, लेकिन कचरे के नियमित उठाव और निस्तारण की कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई। नतीजा यह है कि ये डस्टबिन आज स्वच्छता के प्रतीक नहीं, बल्कि बीमारियों के जंक्शन बन चुके हैं।

**बीमारियों को न्योता देता सफाई अभियान**

**ग्रामीणों** के अनुसार जिन गलियों में कभी बच्चे खेलते थे, वहां आज कचरे का अंबार लगा है। सड़ते कचरे से उठती दुर्गंध ने लोगों का घरों में रहना मुश्किल कर दिया है। जमा कचरे में पनप रहे मच्छर और कीड़े गांव में मलेरिया, टाइफाइड और त्वचा रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। खुले में पड़े कचरे को खाने से मवेशी भी बीमार पड़ रहे हैं और कई की मौत तक हो चुकी है।

**बजट की बर्बादी पर ग्रामीणों के सवाल**

**ग्रामीणों** का कहना है कि करोड़ों रुपये केवल डस्टबिन खरीदने में खर्च कर दिए गए, लेकिन उनके रखरखाव और कचरा उठाव की व्यवस्था नहीं की गई। यदि कचरा उठाने वाली गाड़ियां नहीं चलनी थीं, तो डस्टबिन लगाने का औचित्य क्या था? लोगों का सवाल है कि क्या विभाग का काम सिर्फ खरीदारी तक सीमित है, या उसकी जिम्मेदारी रखरखाव की भी नहीं है? जनता के टैक्स का पैसा डस्टबिन में कचरे की तरह सड़ने के लिए क्यों छोड़ा गया?

### जनजातीय और कल्याणकारी योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

## समय-सीमा में लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी, कल्याण विभाग और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक बिना रुकावट पहुंचना चाहिए। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और तय समय-सीमा में लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी योजनाओं में किसी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में ट्राइबल मल्टी मार्केटिंग सेंटर के निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्के मकानों का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन वितरण, गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न वितरण, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति, पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना व पोषण सेवाएं, तथा आयुष्मान कार्ड वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। आईटीडीए और जेटीडीएस की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति वितरण, आवासीय विद्यालयों के संचालन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेब्रम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## सीसीएल-पीएनएम की कथित लूट और साजिश के खिलाफ आन्दोलन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार) :** सीसीएल की जनविरोधी नीतियों और वर्षों से लंबित बुनियादी मांगों को लेकर तेतरियाखांड कोलियरी में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना अब निर्णायक दौर में पहुंच गया है। 35 वर्षों से नौकरी, मुआवजा, आवास और फसल क्षतिपूर्ति जैसे अधिकारों की अनदेखी से आक्रोशित ग्रामीणों, मजदूरों और ट्रक मालिकों के आंदोलन को उस समय नई ताकत मिली, जब जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों के साथ बैठ गईं। धरना स्थल पर बोलते हुए अनीता देवी ने सीसीएल प्रबंधन और पीएनएम प्राइवेट लिमिटेड पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दोनों की मिलीभगत से खुलेआम लूट और भ्रष्टाचार हो रहा है। आरोप लगाया गया कि सीसीएल के डिपार्टमेंटल स्टोर का कोयला अवैध रूप से पीएनएम कंपनी द्वारा बेचा गया और बाद में कंपनी के स्टॉक में लगी आग को सीसीएल के स्टॉक का कोयला बताकर पूरे मामले को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने इसे दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश करार दिया।



धरनास्थल पर ट्रक मालिकों के साथ बैठीं अनीता देवी

## मैट्रिक छात्रवृत्ति लक्ष्य पूर्ति को लेकर सख्ती शेष विद्यार्थियों के पंजीकरण के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा जारी निर्देशों के तहत मैट्रिक छात्रवृत्ति लक्ष्य की पूर्ति के लिए शेष बच्चों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। लंबित सभी कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने को कहा गया है। जिले में छात्रवृत्ति हेतु कुल 1,14,498 विद्यार्थियों का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से अब तक 1,03,892 विद्यार्थियों का पंजीकरण ई-कल्याण पोर्टल पर किया जा चुका है। अभी भी 10,606 विद्यार्थियों का पंजीकरण शेष है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता खलखो ने बताया कि उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जाना है कि कक्षा 1 से 10 तक का कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। इसके लिए विद्यालय, संकुल एवं प्रखंड स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य की गई है। पत्र के अनुसार जिले के 1531 पंजीकृत विद्यालयों में से 1516 विद्यालयों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शेष विद्यालयों को शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों का विद्यालय स्तर से सत्यापन लंबित है, उनका नियमानुसार सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया है। डेटा विश्लेषण में पाया गया है कि 31 विद्यालयों में पिछले वर्ष की तुलना में 50 से 100 विद्यार्थियों के पंजीकरण में कमी आई है, जबकि 160 विद्यालयों में 20 से 50 विद्यार्थियों की कमी चिन्हित की गई है। वहीं 17 विद्यालयों में पिछले वर्ष की तुलना में 100 से अधिक विद्यार्थियों का अंतर पाया गया है। इन विद्यालयों को विशेष रूप से चिन्हित करते हुए तत्काल कार्य पूर्ण कराने तथा प्रखंड स्तर से स्पष्टीकरण पूछने के निर्देश दिए गए हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए सभी प्रखंडों के बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस समन्वयकों एवं चिन्हित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर विशेष फोकस के साथ शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति पंजीकरण लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, यह योजना कल्याण विभाग से संबंधित होने के कारण जिला कल्याण पदाधिकारी से भी प्रखंड स्तर पर कल्याण पदाधिकारियों के माध्यम से अनुश्रवण कर लक्ष्य पूर्ति का अनुरोध किया गया है।

### पुलिस-वन विभाग ने की 2.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

**पलामू :** पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लावाबार एवं परसांवा के जंगली इलाके में गुरुवार दोपहर पांकी थाना पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान वन भूमि पर करीब 2.5 एकड़ में अवैध रूप से लगी अफीम/पोस्ता की फसल को विनष्ट किया गया। इस विनष्टीकरण अभियान में पांकी थाना एवं ताल पिकेट के पदाधिकारी, पांकी थाना/ताल पिकेट के जवान तथा वन विभाग की टीम संयुक्त रूप से शामिल रही। मामले की जानकारी देते हुए पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अवैध अफीम की खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। नाम-पता सत्यापन के बाद संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## उपभोक्ता आयोग का बड़ा फैसला

■ **एसबीआई जनरल इंश्योरेंस को दो माह में 1.64 लाख रुपये भुगतान के आदेश**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, गुमला के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय तथा सदस्य सरला गंझू और सैयद अली हसन फातमी ने भारतीय स्टेट बैंक जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आदेश दिया है कि वह आदेश प्राप्ति के दो माह के भीतर शिकायतकर्ता समीम खान को कुल 1,64,452 रुपये का भुगतान करे। मामले में शिकायतकर्ता मोहम्मद शमीम खान ने दिनांक 25 अप्रैल 2025 को जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने वाहन संख्या JH01EQ-2721 का बीमा भारतीय स्टेट बैंक जनरल इंश्योरेंस कंपनी से 12,297 रुपये का प्रीमियम जमा कर कराया था। बीमा अवधि 20 मई 2024 से 19 मई 2025 तक थी। इसी बीमा अवधि के दौरान 23 दिसंबर 2024 को वाहन चालक ऋषभ प्रसाद साहू वाहन से अपनी बहन को लाने के लिए कुसमी (छत्तीसगढ़) जा रहा था। कुसमी के घुमावदार घाटी क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। वाहन को क्रेन की सहायता से निकालकर खूंटी स्थित शोरूम में मरम्मत के लिए भेजा गया। इसकी सूचना शिकायतकर्ता द्वारा बीमा कंपनी को पत्र के माध्यम से दी गई तथा बीमा राशि का दावा किया गया। बीमा कंपनी ने फोरम में अपने लिखित जवाब में दावा खारिज करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता ने वाहन को ऋषभ कुमार साव को बेच दिया था, जिन्होंने आगे उसे सूरज कुमार को बेच दिया, इसलिए शिकायतकर्ता वाहन का मालिक नहीं है और बीमा दावा मान्य नहीं है। इस पर शिकायतकर्ता समीम खान ने प्रमाण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि उन्होंने वाहन की बिक्री नहीं की है। यदि बिक्री हुई होती तो वाहन का नामांतरण क्रेता के नाम से होता। ऐसे में बीमा कंपनी का दावा निराधार है। मामले की समग्र सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि शिकायतकर्ता की मांग जायज है। आयोग ने बीमित राशि 1,44,452 रुपये, क्रेन भाड़ा एवं डेंटिंग-पेंटिंग खर्च 20,000 रुपये, कुल 1,64,452 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया।

## स्वच्छता व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर मयूरी ट्रस्ट ने निकाली जागरूकता रैली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** नशापान, मानव तस्करी, पलायन, शिक्षा, स्वच्छता एवं फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज, गुमला (झारखंड) के संयुक्त नेतृत्व में सिसई प्रखंड अंतर्गत मुरगू पंचायत के मुरगू, चैलीटोली, नदीटोली, चरको आदि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली के दौरान 'बंद करो-बंद करो नशापान बंद करो', 'हड़िया-दारू बंद करो', 'पलायन और मानव तस्करी बंद करो', 'शिक्षा का अलख जगाना है, अशिक्षा को दूर भगाना है', 'हर व्यक्ति को साक्षर बनाना है', 'स्वच्छता पर ध्यान दो, घर-आंगन को साफ करो', 'फाइलेरिया को दूर भगाओ' जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए गए। इस अवसर पर मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज गुमला के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि नशापान के कारण युवा पीढ़ी भटक रही है, जिसकी रोकथाम के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में लोग दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, वहीं कुछ युवक-युवतियां लालच में आकर मानव तस्करी का शिकार हो रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है।

## डीटीओ ने चलाया विशेष वाहन जांच अभियान

### 128 वाहनों की जांच में 19 का कटा चालान, 2.32 लाख की वसूली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और राजस्व संग्रहण को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल के नेतृत्व में बुधवार की रात तथा गुरुवार को दिन में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान ड्रिंक एंड ड्राइव पर नियंत्रण, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और भारी वाहनों के वैध कागजात की जांच के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान लातेहार अंतर्गत प्रमुख सड़कों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों को रोककर गहन जांच की गई। इस दौरान कुल 128 वाहनों की जाँच की गई, जिनमें से 19 वाहन चालक और वाहन मालिक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। दोषी पाए गए चालकों के विरुद्ध ऑनलाइन चालान काटा गया। इस कार्रवाई में कुल 2,32,300 की राशि की वसूली की गयी। जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ओवरलोडिंग तथा शराब के नशे में वाहन चलाने जैसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। कई भारी वाहनों के कागजात अपूर्ण पाए गए, जबकि कुछ चालक नियमों की अनदेखी करते हुए वाहन चलाते पाए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वैध कागजात साथ रखें और शराब पीकर वाहन चलाने से बचें, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित हो।



## ग्यारह पड़हा गुरगु में पड़हा सम्मेलन में पारम्परिक स्वशासन को मजबूत करने पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के गुरगु में गुरुवार को ग्यारह पड़हा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में झारखंड के पूर्व मंत्री देवकुमार धान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री धान ने अपने संबोधन में कहा कि पड़हा आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था है, जो आदि काल से चली आ रही है। इसे मजबूत करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपनी संस्कार, रीति-रिवाज, भाषा और संस्कृति की रक्षा स्वयं करनी होगी, क्योंकि पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था सुरक्षित रहेगी तभी आदिवासियों की पहचान और अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों को समझ सकता है और आगे बढ़ सकता है। सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने आगामी जनगणना में लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। साथ ही पेसा कानून 2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और ग्राम सभाओं की भूमिका पर चर्चा की गयी।




# गुमला में सड़क हादसों पर डीसी सख्त : जनवरी में 22 मौतें, 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** जिले की सड़कों पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और जान-माल के नुकसान ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में कई कड़े और निर्णायक फैसले लिये गये। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल जागरूकता नहीं, बल्कि कठोर दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई के जरिए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

**जनवरी में उजड़े 22 घर**

**बैठक** में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनवरी माह में ही सड़क दुर्घटनाओं में 22 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

**इंजीनियरिंग सुधार और अतिक्रमण हटाओ अभियान**

**उपायुक्त** ने सड़क ढांचे में सुधार, ब्लैक स्पॉट सुधार, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर और अतिक्रमण हटाने के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के इन कड़े निर्देशों से स्पष्ट है कि अब गुमला की सड़कों पर लापरवाही की कोई जगह नहीं होगी। प्रशासन ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि हर जीवन अमूल्य है।



## प्रशासन के कड़े निर्देश : 'जीरो टॉलरेंस' नीति

1. दोपहिया वाहन, स्टंट और हेलमेट पर सख्ती
- बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालान के साथ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन किया जायेगा।
- पीछे बैठने वाले पिलियन राइडर के लिए भी हेलमेट अनिवार्य, उल्लंघन पर जुर्माना।
- नो हेलमेट-नो पेट्रोल नियम के तहत सभी पेट्रोल पंपों पर सख्ती से अनुपालन।
- पटाखा बुलेट, मॉडिफाइड साइलेंसर और स्टंट करने वालों के खिलाफ वाहन जब्ती एवं लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई।
- 'रोड सेफ्टी मित्र' सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से ऐसे हुड़दंगियों की पहचान कर पुलिस को सूचना देंगे।

2. भारी वाहनों और ट्रैक्टरों पर नियंत्रण
- बिना नंबर प्लेट एवं अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग में लगे ट्रैक्टरों को सीधे जब्त किया जाएगा।
- मोटरसाइकिल, ट्रक, बस और पिकअप वैन में लगी आंखें चौंधियाने वाली एलईडी/ब्लाइंडिंग लाइट्स मौके पर ही उतरवाकर नष्ट की जाएंगी।
- कमर्शियल वाहनों में स्पीड गवर्नर की भौतिक जांच होगी; छेड़छाड़ पाए जाने पर परमिट रद्द किया जाएगा।

3. रॉन्ग साइड ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाना
- गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर आर्थिक दंड के साथ 2 घंटे की अनिवार्य रोड सेफ्टी क्लास।
- ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ जांच अभियान और अधिक तेज किया जाएगा।
- रात में दृश्यता बढ़ाने के लिए साइकिल, सरिया लदे वाहन और सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप/रेडियम स्टिकर अनिवार्य किए जाएंगे।

## एक झलक

### पति-पत्नी के बीच सुलझा विवाद साथ रहने पर हुए सहमत

**मेदिनीनगर** : पति पत्नी के बीच चल रहा विवाद को अंततः महिला थाना मेदिनीनगर पीएलवी इंदु भगत के पहल पर थाना प्रभारी रूपा बाखला, एएसआई संजय कुमार के प्रयास से सुलझा लिया गया है। दोनों पति-पत्नी साथ रहने पर सहमत हो गए। विदित हो कि पड़वा थाना अंतर्गत मुड़कटवा निवासी आंतो देवी ने अपने पति अरविंद राम सास संनपतिया कुंवर ,ननद रूपा कुंवर के खिलाफ मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगायी थी। विदित हो कि अन्तो देवी की शादी पांच वर्ष पूर्व अरविंद राम के साथ हुई थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक लड़का और एक लड़की है। अन्तो देवी एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। 27 जनवरी 2026 को महिला थाना में अन्तो देवी ने आवेदन देकर अपने पति, सास व ननद के द्वारा मारपीट करने व प्रताड़ित करने का आरोप लगायी थी। जिसके आलोक में चार फरवरी 2026 को दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया। दोनों पक्षों के बीच इंदु भगत के प्रयास से मध्यस्तता कराया गया। दोनों साथ रहने पर सहमत हुए। इस कार्य मे महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला, एएसआई संजय कुमार व पीएलवी इंदु भगत का पहल सराहनीय रहा। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा महिला थाना में इंदु भगत पीएलबी को नियुक्त किया गया है जो रविवार और बुधवार को लोगों को मदद के लिए लगाई गयी है। इस तरह एक परिवार उजड़ने से बच गया।

### पारम्परिक मुर्गा लड़ाई की आड़ में अवैध जुए का खेल इलाके में बढ़ता आक्रोश

**निरसा (धनबाद)** : पंचेत ओपी क्षेत्र अंतर्गत कल्याण चक में आदिवासियों की पारंपरिक मुर्गा लड़ाई की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध जुए झंडी-मुंडी का खेल खुलेआम खेले जाने का आरोप सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह खेल लंबे समय से चल रहा है, जिससे क्षेत्र में आए दिन मारपीट और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सूचना मिलने पर जब पत्रकार मौके पर पहुंचे तो जुआ खिलवाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोग झंडी-मुंडी से संबंधित सामान और तिरपाल समेटते हुए भागते नजर आए। मौके पर मची भगदड़ इस बात की ओर इशारा करती है कि यह गतिविधि किसी परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि कानून की आंखों में धूल झोंककर किया जा रहा अवैध धंधा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस अवैध खेल के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है।

## नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के निमित्त सभी कोषांगों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों ने लिया भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : नगरपालिका आम चुनाव-2026 के सफल संचालन को लेकर कोडरमा के तीनों नगर निकाय के प्रेक्षकों ने आज को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ऋतुराज सहित जिले के सभी तीनों नगर निकाय के निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय/ नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन की अबतक की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नगर निकाय के संबंधित प्रेक्षक को एक-एक कर उनके क्षेत्र में अबतक किये गये कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नगर निकाय क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र, मतदान केंद्र तक कर्मी के आवगमन की सुविधा सहित अन्य कार्यों से अवगत कराया। इसके अलावे उन्होंने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा, मतदान केंद्र, वाहन की आवश्यकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सामग्री, पोस्टल बैलेट, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में प्रेक्षकों को बताया गया कि जिले के तीनों नगर निकाय में कुल 57 वार्डों के लिये चुनाव कराया जाना है। इसके लिये 114 मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी क्रम में एफएसटी, एसएसटी,



एकाउंटिंग एवं वीडियो व्यइंग टीम का गठन किया गया है। साथ ही, ब्रजगृह कि जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे झुमरीतिलैया नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक स्मिता टोप्पो (झा०प्र०से०), कोडरमा नगर पंचायत के सामान्य प्रेक्षक पंकज कुमार साव (झा०प्र०से०), डोमचांच नगर पंचायत के सामान्य प्रेक्षक इंद्र कुमार (झा०प्र०से०), उप विकास आयुक्त समेत विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीईओ सह डीसी ने जिला नियंत्रण कक्ष का लिया जायजा, बतायी महत्त्वपूर्ण कड़ी



**बोकारो** : नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष का गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियंत्रण कक्ष को निर्वाचन प्रक्रिया की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए इसकी सतत एवं प्रभावी कार्यप्रणाली पर विशेष बल दिया।निरीक्षण के क्रम में डीईओ सह डीसी ने समाहरणालय परिसर में ही समेकित नियंत्रण कक्ष को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने का निर्देश उपस्थित अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी को दिया, ताकि निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाओं, शिकायतों एवं समन्वय कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मियों से अब तक प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जानकारी ली तथा शिकायतों के त्वरित निष्पादन, अभिलेख संधारण एवं नियमित मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीईओ सह डीसी ने स्पष्ट किया कि नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम नागरिकों, प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

## राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी-डीडीसी ने किया निरीक्षण

# तैयारियों को समयबद्ध व सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के प्रस्तावित जिला भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। इसी क्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट रामरूद्र सीएम एसओई चास विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने



विद्यालय परिसर, सभागार, कक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, माइकिंग एवं यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब हो कि आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार डिस्ट्रिक्ट रामरूद्र सीएम एसओई चास विद्यालय में छात्रों से संवाद करेंगे। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है।

## एकता और भाईचारा के प्रतीक थे अजय मिश्रा



**मेदिनीनगर** : बहुआयामी प्रतिभा के धनी अजय मिश्रा धार्मिक कर्मकांडों से अधिक आध्यात्मिक चेतना के व्यक्ति थे। उनकी जीवन-शैली समाज को एक नई दिशा देने वाली रही। अध्यात्म उनके जीवन का मूल आधार था—कहना उचित होगा कि उनका संपूर्ण जीवन ही अध्यात्म की एक सजीव परिभाषा था। आज जब धर्म और संप्रदाय के नाम पर पूरी दुनिया में आतंक और विभाजन का माहौल है, ऐसे समय में पलामू जिले के एक छोटे से गांव बंदुआ में उन्होंने अध्यात्म की एक निर्मल धारा प्रवाहित की। इस धारा में लोग अपने-अपने धर्म और संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर उनकी दैनिक गतिविधियों में सहभागी बनते थे। उनके व्यक्तित्व में संस्कृत के विद्वान व्याख्याता, एक सेवाभावी चिकित्सक और मां मंगला देवी के अनन्य भक्त—तीनों रूप समाहित थे। जिस तनमयता से वे मां मंगला देवी की भक्ति करते थे, उसी समर्पण के साथ अपने घर पर रहकर रोगियों की निस्वार्थ चिकित्सा भी करते थे।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।**
(निर्वाचन शाखा)
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in
— :: प्रेस विज्ञप्ति ::—
आम सूचना

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची का प्रेस नोट सं०-187, दिनांक-27.01.2026 एवं अधिसूचना संख्या-03नि०-(कार्यक्रम)-24/2013 रा०नि०आ०-186, दिनांक-27.01.2026 के द्वारा नगरपालिका (आम) चुनाव, 2026 की घोषणा कर दी गई है। नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ नगरपरिषद(वर्ग-क) क्षेत्र के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समाहरणालय छत्तरमाण्डू के 'ए' ब्लॉक में जिला नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित किया गया है। नगरपालिका (आम) चुनाव, 2026 से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी हेतु निम्न दुरभाष संख्या पर सम्पर्क किया जा सकता है। दूरभाष संख्या की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र०सं० | दूरभाष संख्या |
|---|---|
| 1 | 06553—261417 |
| 2 | 06553—1950 |
| 3 | 8987984497 |
| 4 | 9262998529 |

ह०/—
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
—सह—उपायुक्त, रामगढ़।
PR 372307 Election(25-26)D


## एंटी क्राइम अभियान, 1173 वाहनों की सघन जांच, संदिग्धों की ली गयी तलाशी

**धनबाद** : आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के लिए बुधवार शाम से देर रात तक जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ व्यापक एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों, संवेदनशील इलाकों तथा थाना सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान कुल 1173 वाहनों को रोका गया, जिनमें दोपहिया, चारपहिया एवं अन्य वाहन शामिल थे। पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा समेत सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ब्रेथ एनालाइजर का उपयोग किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ वाहनों को जब्त भी किया गया। एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहनों में सवार संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि करते हुए उनकी सघन तलाशी ली गई। पुलिस ने चोरी के वाहन, जाली नंबर प्लेट, अवैध हथियार एवं आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी को लेकर विशेष सतर्कता बरती।

## सीडब्ल्यूएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन 06 से सीकर में, झारखंड से संजय पासवान लेंगे भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : सीटू से संबद्ध कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीडब्ल्यूएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 6 से 8 फरवरी को राजस्थान के सीकर शहर में हो रहा है। इस सम्मेलन में झारखंड से सीटू के राज्य सचिव और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के महासचिव संजय पासवान भाग ले रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीटू नेता संजय पासवान ने कहा कि इस सम्मेलन में निर्माण मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। पूरे देश में लगभग 25 करोड़ निर्माण श्रमिक हैं। जो बिल्डिंग बनाने से लेकर सड़क और पुल निर्माण का काम करते हैं। जिनके कल्याण के लिए मजदूरों के अंशदान का



हजारों करोड़ रुपए सरकार के पास जमा है, लेकिन इन मजदूरों के कल्याण के लिए खर्च नहीं किया जाता है। झारखंड में निर्माण श्रमिकों के कल्याण बोर्ड में प्रमुख ट्रेड यूनियन को शामिल नहीं किया गया है। जिसके कारण निर्माण मजदूरों के वास्तविक समस्याओं को बोर्ड में नहीं रखा जाता है। मजदूरों के कल्याण के पैसे को दूसरे मदों मे खर्च कर दिया जा रहा है। इसके साथ साथ केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड का निर्माण श्रमिकों पर पड़ने वाला प्रभाव पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही 12 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति बनायी जायेगी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में छात्र परिषद् का चुनाव सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्र परिषद् का चुनाव करवाया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, सांस्कृतिक सचिव, खेल सचिव, कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनाव कराया गया। जिसमें अध्यक्ष लवजीत कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पवन पंडित, सचिव विश्वजीत कुमार, उप सचिव रजनीश कुमार सांस्कृतिक सचिव कुंदन कुमार एवं खेल सचिव सूरज कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष पर मनोरंजन कुमार पाण्डेय विजयी हुए। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके दायित्वों से अवगत कराया एवं कहा कि छात्र परिषद् चुनाव का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं में नेतृत्व करने की कौशल एवं क्षमता को विकसित करना तथा महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से क्रियान्वयन में सहयोग करना होता है। उक्त चुनाव के निष्पक्ष मतगणना महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनिल दास, चुन्नु कुमार एवं सीताराम यादव आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2025- 27 के सभी प्रशिक्षु प्रिया सिंह, खुशबू रानी, सोनिया कुमारी, समीना प्रवीण, अंजली कुमारी, कविता कुमारी, बिपिन कुमार, मनीष कुमार, कुंदन कुमार, दीपक कुमार, महेश कुमार महतो, सद्दाम अंसारी एवं अन्य सहित सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पूजा कुमारी, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, डी एल एड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा आदि सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।


**कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) —सह—उपायुक्त, लातेहार (नगरपालिका निर्वाचन कोषांग)**

**"निर्वाचन के दौरान सामान्य जनता के लिए अपील"**

मतदाता की संतुष्टि के लिए नकदी, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण रिश्वत की श्रेणी में आता है और यह एक दण्डनीय अपराध है। नगरपालिका (आम) निर्वाचन के दौरान नकदी, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण पर नजर रखने के लिए लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल बनाए गये हैं।

लातेहार जिला के नागरिकों से यह अपील की जाती है कि उड़नदस्तों द्वारा जब्ती से बचने के लिए कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचन के दौरान किसी निर्वाचन क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहा है, तो उस धन के स्त्रोत और उसके अंतिम प्रयोग को दर्शाने वाले निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए।

1. पैन कार्ड तथा उसकी प्रति (यदि कोई हो तो)
2. व्यापार रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की प्रति (यदि कोई हो तो)
3. नकदी की निकासी दर्शाती बैंक पास बुक/बैंक विवरणी की प्रति
4. नियमित नकदी लेन-देन वाले व्यापार के मामले में कैश बुक की प्रति
5. विवाह के निमंत्रण तथा अस्पताल में दाखिला आदि जैसे मामलों में नकदी के अंतिम प्रयोग के प्रमाण

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
—सह—उपायुक्त, लातेहार
PR 372288 (Election) 25-26*D


## प्रांतीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत भैया विद्यालय स्तर पर सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया की वंदना सभा में प्रांत स्तर पर आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले दोनों भैया वेदांश शरण और आयुष कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में दोनों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य आनंद मोहन ने कहा कि सुलेख व्यक्ति के व्यक्तित्व के बारे में बताता है। उन्होंने आगे कहा कि बाल्यावस्था में यदि सुलेख पर ध्यान दिया जाता है तो निश्चित रूप से सुलेख के लिए आगे ध्यान देने की आवश्यकता नहीं होती। अतः हमारे भैया बहनों में इसे ठीक करने के लिए प्रांतीय समिति के द्वारा ही प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है और उन्हें प्रांतीय स्तर पर पुरस्कृत व सम्मानित किया जाता है। भैया बहनों में रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर अंग्रेजी ओलंपियाड की गोल्ड मेडल विजेता बहन में सृष्टि, नेहा, स्वीटी को भी सम्मानित किया गया।

## हो समाज की आत्मा और अस्मिता का महापर्व मागे पर्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : हो समाज की संस्कृति, परंपरा और सामूहिक चेतना का प्रतीक मागे परब आगामी रविवार 8 फरवरी को सेक्टर-8ए स्थित सरना स्थल में बोकारो हो समाज समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, गर्व और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को ऐतिहासिक और यादगार बनाने को लेकर गुरुवार को आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मुनेश बारी ने की। बैठक में पर्व को सफल, सुव्यवस्थित और हर्षोल्लासपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मुनेश बारी ने कहा कि मागे परब केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हो समाज की जड़ों, भाषा और पूर्वजों के सपनों से जुड़ने का जीवंत माध्यम है। यह पर्व हमें प्रकृति, सिंगबोंगा और समाज के साथ सामंजस्य में जीवन जीने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में जब सांस्कृतिक पहचान पर संकट है, तब मागे परब हमें अपनी विरासत को संजोने और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अध्यक्ष ने विशेष रूप से समाज के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय सहभागिता ही हमारी संस्कृति का भविष्य है। उन्होंने कहा कि आइए, मागे परब को केवल उत्सव नहीं, बल्कि पहचान बचाने और विरासत सहेजने का आंदोलन बनाएं।समिति के संरक्षक ललित पूर्ति ने मागे परब के दार्शनिक और आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर (षिञवोङ्गा) की इच्छा से प्रथम माता-पिता लुकु- लुकमि की द्वैत शक्ति द्वारा सृष्टि के उद्देश्य को आगे बढ़ाने की भावना ही मागे परब का मूल सार है। आयोजन समिति ने सभी समाजबंधुओं से अपील की है कि वे कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं और अपनी सांस्कृतिक पहचान को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें। मौके पर समिति के सचिव अनु बिरुली, कोषाध्यक्ष सुखसेन देवगाम, उप कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन तुबिद, संरक्षक ललित पूर्ति, संजय पूर्ति, निरंजन कुंकल, कृष्णा गगराई, तिरला चांपिया, दीपक मेलगांडी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

# बीएसएल में शिफ्ट प्रबंधकों के लिए 'परिचालन 2.0' कार्यक्रम का शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र में शॉप फ्लोर पर परिचालन की अग्रिम पंक्ति में कार्यरत शिफ्ट प्रबंधकों की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र द्वारा परिचालन 2.0 शीर्षक से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन 5 से 6 फरवरी 2026 तक बीएसएल लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल संख्या-1 में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिफ्ट प्रबंधकों (ऑपरेशन्स) की परिचालन, तकनीकी, वाणिज्यिक, डिजिटल, गुणवत्ता तथा ईएसजी से संबंधित दक्षताओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी) नीता बा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सत्र के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी) नीता बा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के रणनीतिक महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) बनर्जी ने भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना करने हेतु सतत अधिगम एवं कौशल उन्नयन की अनिवार्यता पर बल दिया। वहीं, मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार ने वर्तमान प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक परिवेश में इस प्रकार की क्षमता संवर्द्धन पहलों की बढ़ती प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि शिफ्ट प्रबंधकों की भूमिका संगठन की रणनीतियों को वास्तविक समय में परिचालन गतिविधियों में रूपांतरित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

## पीएलसी एस7-400 बेसिक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो** : वर्किंग टुगेदर ऐज वन सेल पहल के अंतर्गत सेल की यूनिट्स जैसे भिलाई इस्पात संयंत्र , दुर्गापुर इस्पात संयंत्र इस्को इस्पात संयंत्र एवं बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए पीएलसी र7-400 बेसिक विषय पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम दक्ष का आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में 5-7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न यूनिट्स से कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक (संकार्य) अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नीता बा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एल एंड डी) तथा हरिहर राउत, महाप्रबंधक (ईटीएल) की उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र के दौरान नीता बा ने सभी अतिथियों एवं सेल के विभिन्न यूनिट्स से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में सिम्युलेटर के माध्यम से हैंड्स-ऑन अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया गया है जो प्रतिभागियों के लिए एक प्रभावी एवं व्यावहारिक सीखने का वातावरण प्रदान करेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
**E-mail : eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**Short Tender Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 10/CDO/Ranchi/SOR/2025-26 dated : 03.02.2026**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing / revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items / materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different civil construction / infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 06.02.2022 (10:30 hrs.) to 20.02.2026 (16:00 hrs.). The quotation will be opened on 21.02.2026 at 17.00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD) / CPHEEO manual/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials / Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers shall quote their rate for material which is actually manufactured / produced / procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the office of the chief engineer (CDO), whos address is appended below.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject / cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification, you may Contact Executive Engineer (Design), CDO, DW&SD, Ranchi, Jharkhand.

**Address for Communication:-**
Chief Engineer's Office (CDO)
Drinking Water & Sanitation Department
Doranda, Ranchi,Jharkhand
Mobile No. - 9504577191
e- Mail ID:- dwsdcdo@gmail.com

**PR 372371 Drinking Water and Sanitation(25-26).D**

**Executive Engineer**
**DW&S Division, Ranchi West, Ranchi**

## एक झलक

### दिवंगत हवलदार को पुलिस अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

**पूर्णिया** : अमौर थाना में पदस्थापित हवलदार आलम नाथ भुइया के आकस्मिक निधन पर पुलिस विभाग में शोक है। गुरुवार को पुलिस केंद्र पूर्णिया में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पूर्णिया क्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक पूर्णिया की गरिमामयी उपस्थिति में दिवंगत हवलदार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत हवलदार की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने कहा कि हवलदार आलम नाथ भुइया एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं ईमानदार पुलिसकर्मी थे, जिन्होंने अपने सेवा काल में पुलिस विभाग की गरिमा को हमेशा बनाए रखा। उनका असामयिक निधन पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने भी दिवंगत हवलदार के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहते थे और कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते थे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग परिवार के साथ खड़ा है।

### सहरसा में हॉकी महिला व पुरुष ट्रायल मैच का आयोजन

**सहरसा** : स्थानीय पटेल मैदान में हॉकी के खिलाड़ी का ट्रायल लिया गया। खेल विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा बिहार ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले स्टेट गेम्स 2026 में प्रतिभागिता हेतु हॉकी एसोसिएशन ऑफ सहरसा के द्वारा महिला एवं पुरुष टीम के गठन के लिए ओपन चयन /ट्रायल का आयोजन पटेल मैदान सहरसा के हॉकी मैदान में गुरुवार को कराया गया,जिसमें जिला खेल पदाधिकारी वैभव कुमार की मौजूदगी जिलाध्यक्ष सुनील कुमार झा के नेतृत्व में चयन प्रक्रिया सफल रहा। सचिव प्रमोद कुमार झा के संयोजन में आज का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । जिला के विभिन्न विद्यालयों से खिलाड़ियों ने ट्रायल / चयन में भाग लिया। मौके पर संघ के मुख्य संरक्षक डॉ रेणु सिंह, संरक्षक कुमार अनिर्बान चौधरी,मोहन साह,लाजवंती झा,अमित कुमार ठाकुर ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

### मनरेगा बचाव अभियान को लेकर कांग्रेस का धरना 07 फरवरी को

**कटिहार** : कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाव अभियान के तहत 7 फरवरी को समाहरणालय के मुख्य द्वार पर धरना आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद तारिक अनवर और मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह सहित कई नेता उपस्थित रहेंगे। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह धरना आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मनरेगा और पंचायती राज के हक हकूक की रक्षा करना है।

# दीघा घाट पर समग्र उद्यान निर्माण के निर्देश

एजेंसी

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार शाम गंगा नदी के किनारे स्थित दीघा पर्यटन घाट पर किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पर्यटन विभाग जनार्दन घाट को पर्यटन घाट के रूप में विकसित कर रहा है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दीघा पर्यटन घाट पर समग्र उद्यान का निर्माण करायें। इस घाट को पक्का घाट बनायें और यहां गंगा आरती की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें ताकि यहां बड़ी संख्या में आनेवाले लोग इसका आनंद उठा सकें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा की सैर करने वाले यहां जो पर्यटक आते हैं उनके लिये बुनियादी और अच्छी पर्यटकीय सुविधायें विकसित करायें। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु के समानांतर बनाये जा रहे नये सिक्स लेन गंगा ब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका निर्माण कार्य ससमय तेजी से पूर्ण करायें। इस पुल के बन जाने से पुराने जेपी सेतु पर यातायात का दवाब कम होगा। यह पुल उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के आवागमन को और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि और डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# फाइलेरिया मुक्त सहरसा बनाना हमारी प्राथमिकता : सिविल सर्जन



एजेंसी

**सहरसा** : फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए जिले में 10 फरवरी, 2026 से शुरू किये जा रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी में मीडिया सहयोगियों के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर राज नारायण प्रसाद ने कहा कि 10 फरवरी से शुरू हो रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान सभी लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन में शामिल हो 11 फरवरी को मेगा एम.डी.ए कैंप का आयोजन किया जाएगा।जिसमे बूथ लगा कर समुदाय के सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन कराएंगे।

# शहनाइयों की मधुर गूंज रामगढ़ की ऐतिहासिक धरा पर बिखेर रही हैं मंगलमय सदाएं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ की पावन धरती, जो कभी रामगढ़ राजघराने का शाही पहचान रही, जिसने 1857 के विद्रोह से लेकर 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन तक स्वतंत्रता संग्राम को धार दी और जहाँ माँ छिन्नमस्ता की दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा प्रवाहित होती है, जो देश का ऊर्जा स्रोत का प्रमुख केंद्र है। ऐसी रामगढ़ की धरती आगामी 08 फरवरी 2026 को एक ऐसे सामाजिक कीर्तिमान की साक्षी बनने जा रही है, जो इतिहास के स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाला ₹सांसद सामूहिक विवाह उत्सव 2026 - 101 जोड़ों के जीवन में नई रोशनी लाएगी साथ ही समाज के सामने सेवा का एक अमिट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। सांसद मनीष जायसवाल की यह अनूठी सेवा पहल यात्रा का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक के रूप में 14 दिसंबर 2023 को शुरू हुई थी, जब उन्होंने अपने दो जुड़वा भाइयों के विवाह की रजत जयंती पर 25 बेटियों के हाथ पीले कराए थे। उस आयोजन की सफलता और आत्मिक संतोष ने उन्हें इसे व्यापक रूप देने की प्रेरणा दी। जिसके फलस्वरूप 2025 में हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत 101 जोड़ों का विराट सामूहिक विवाह संपन्न हुआ, जहाँ विदाई में बेटियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी जैसी के साथ गृहस्थ में उपयोग होने वाली सौगातें दी गईं। वर्तमान वर्ष सांसद मनीष जायसवाल ने इस पुनीत कार्य का विस्तार करते हुए इसे रामगढ़ की ऐतिहासिक भूमि पर आयोजित करने का निर्णय लिया है ।



**08 फरवरी रामगढ़ के लिए होगा ऐतिहासिक पल**

**सांसद** सामूहिक विवाह उत्सव-2026 आयोजन की शुरूआत 08 फरवरी को सुबह 09:00 बजे फुटबॉल ग्राउंड, रामगढ़ छावनी परिषद से होगी। यहाँ से 101 गाड़ियों में सजे दूल्हों की एक विशाल महा-बारात निकलेगी, जिसकी अगुवाई स्वयं सांसद मनीष जायसवाल और प्रसिद्ध भोजपुरी गायक व सांसद मनोज तिवारी 'मृदुल' करेंगे। गाजे-बाजे, ढोल-ताशे और पारंपरिक नृत्य-संगीत के साथ यह बारात सुभाष चौक और झंडा चौक होते हुए सिद्धू-कान्हु मैदान पहुँचेगी।

# धूमधाम के साथ मनी मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर की स्वर्ण जयंती

■ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों द्वारा करायी गयी पूर्णाहुति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रजरप्पा (रामगढ़)** : रजरप्पा मंदिर परिसर में स्थित कुमुद प्रीता ट्रस्ट द्वारा निर्मित माँ दक्षिणेश्वर काली मंदिर के स्थापना के 50वीं वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह भव्य और भक्तिमय वातावरण में आयोजित की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्वर्ण जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के अलावे रामगढ़ विधायक ममता देवी, धार्मिक न्यास समिति के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रोशन तथा सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक राजीव सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। सभी अतिथियों का ट्रस्ट की ओर से पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गयी। स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में स्थित सभी हवन कुंडों में विधिवत हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों द्वारा अग्नि में आहुतियां दी गयी। इसके पश्चात माँ काली का विधिवत पूजा-पाठ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने माँ काली की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि यह मंदिर परिसर स्वर्गीय बिपिन बिहारी शरण (बी.बी. शरण) द्वारा निर्मित है। परिसर में दस महाविद्याओं के मंदिर स्थापित हैं, जो दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त यहां दुर्गा मां, भगवान शिव, हनुमान जी और भगवान कृष्ण के भव्य स्वरूप भी विराजमान हैं, जो इस परिसर को एक प्रमुख धार्मिक स्थल का स्वरूप प्रदान करते हैं। समारोह के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जांच कराई। वहीं, भंडारे के रूप में खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्टी कुमुद शरण, शरद शरण, संजय शरण, शेखर शरण, नेहा प्रसाद, रेणु शरण, सिंपल शरण, मीनाक्षी शरण, वेदांत शरण, नीलांजना शरण, हर्षिता शरण सहित कई का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर शुभाशीष पंडा, असीम पंडा, सुबोध पंडा, बजरंग महतो, जनार्दन पाठक, संजय बख्शी, गणेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



# मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर की स्वर्ण जयंती पर शामिल हुए सुबोधकांत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रजरप्पा(रामगढ़)** : सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित माँ दक्षिणेश्वर काली मंदिर के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा शामिल हुए और माँ काली की पूजा अर्चना कर उनसे लोगों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। मालूम हो कि आज से 50 वर्ष पूर्व स्व. विविप बिहारी शरण द्वारा रजरप्पा में मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर की स्थापना की गई थी। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार देश के लोगों को लगातार ठगने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष केंद्र सरकार को मुद्दों पर घेरता है और सवाल उठाता है तब केंद्र सरकार इससे बचने का प्रयास करती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार लगातार राज्य के लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के लोगों से किये वादों को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। कहा कि आगे भी राज्य सरकार राज्य के लोगों के हित में कार्य करती रहेगी।



# गोला पंचायत के कई मोहल्लों में पेयजल समस्या का विकराल रूप

■ चौबीस घंटे के अंदर पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो होगा उग्र आन्दोलन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला(रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला पंचायत स्थित रजवार टोला, नायक टोला, कालीनाथ चौक, बीएस रोड, बनिया टोला में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि विगत 8 दिनों से क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पानी के अभाव में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पेयजल संकट का समाधान करने की माँग की है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 24 घंटे के अंदर पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।बैठक में मुख्य रूप से राजू बक्सी, विशु रजवार,परमेश्वर कुशवाहा, सनेल नायक,बजरंग रवानी, हरिनारायण कुशवाहा, प्रतिमा देवी, बबीता देवी, रीमा देवी, संगोति देवी, अंजु देवी, गीता देवी, सोनिया देवी, अंजली देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में आयु सीमा में छूट को लेकर ममता देवी ने मुख्यमंत्री से की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला(रामगढ़)** : रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा (नियामित एवं बैकलॉग)-2025 में अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट प्रदान करने की मांग को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखा है। अपने पत्र में विधायक ने उल्लेख किया है कि संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता राज्य गठन के बाद सीमित समयों पर ही हुई है जिसके कारण राज्य के हजारों योग्य अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर चुके हैं। वर्षों की कठिन तैयारी के बावजूद परीक्षा में शामिल न हो पाना युवाओं के साथ अन्याय है और इससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। ममता देवी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी गई है। ऐसे में संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों को भी समान अवसर देना पूरी तरह न्यायसंगत है। इससे न केवल युवाओं का मनोबल बढ़ेगा बल्कि राज्य को योग्य एवं प्रशिक्षित प्रशासनिक अधिकारी भी मिल सकेंगे। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अभ्यर्थियों की स्थिति को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षाझ2025 में आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया जाए।

# पत्रकारों के हित का पूरा ध्यान रखेंगे : अमित सिन्हा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : गुरुवार को पत्रकार संघ की बैठक थाना चौक के निकट स्थित रेस्टरेंट सरपंच में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा और संचालन आशीष मुखर्जी ने किया। बैठक के दौरान पत्रकारों के हितों पर चर्चा करते हुए अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में दूर दराज के क्षेत्रों में ऐसे कई पत्रकार कार्य कर रहे हैं जिन्हें उचित मान सम्मान नही मिल रहा है। हम चाहते हैं कि इस संस्था के माध्यम से हम वैसे पत्रकारों की आवाज बनें और उन्हें उचित मान सम्मान दिलाने का कार्य करें। वहीं, संचालन कर रहे आशीष मुखर्जी ने कहा कि हमलोगों ने यह महसूस किया कि जिले में कई ऐसे पत्रकार हैं जिनकी जरूरत के समय उचित रूप से मदद नही होती है। इसलिए हमने ऐसे पत्रकारों के हितों का ध्यान रखते हुए यह नई पहल की है। जिसमें सभी पत्रकारों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। साथ ही जरूरत के समय मदद की जाएगी। पत्रकार सुजीत सिन्हा ने स्वास्थ्य कारणों से बैठक में उपस्थित न होने की जानकारी दी परन्तु संघ के बैठक में लिए गए फैसलों पर अपनी सहमति जताई है। मौके पर रविकांत बनर्जी, पवन कुमार, सनाउल्लाह, आरिफ कुरैशी, सज्जाद आरिफ, डीके राठौर, सज्जाद आरिफ, निक्हत, सुरेंद्र राम सहित जिला के विभिन्न क्षेत्रों से कई पत्रकार शामिल हुए।



### पूर्वी चम्पारण की केशर राज कैडेट एशियन तलवारबाजी प्रतियोगिता में लेगी भाग

**पूर्वी चंपारण** : इंडोनेशिया के जकार्ता में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाले कैडेट एशियन तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने वाली भारतीय टीम में पूर्वी चम्पारण की केशर राज का चयन किया गया है। भारतीय टीम में केशर राज का चयन कैडेट(अंडर-17) राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 2025- 26 में बालिका वर्ग में तलवारबाजी के फॉयल स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर भारतीय तलवारबाजी संघ द्वारा किया गया है। मोतिहारी की रहने वाली केशर राज वर्तमान में खेलो इण्डिया स्कीम के तहत आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पुणे में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। वह मोतिहारी शहर के जीवन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा है।

# शास्त्री चौक फ्लाईओवर को मिली केन्द्र की मंज़ूरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी**:ओरमांझी शास्त्री चौक पर वर्षों से जनता को परेशान कर रहे जाम और दुर्घटनाओं के संकट पर अब निर्णायक विराम लगने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू की प्रभावशाली पहल और मजबूत केंद्रीय समन्वय के चलते केंद्र सरकार ने शास्त्री चौक फ्लाईओवर निर्माण परियोजना को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना पर मुहर लगाई है। यह फ्लाईओवर केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ओरमांझी, रांची और इससे जुड़े कई राज्यों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय मार्ग की जीवनरेखा सिद्ध होने वाला है। स्थानीय विरोध और प्रशासनिक अड़चनों के कारण यह परियोजना लंबे समय तक अटकी रही, जिसके चलते आम जनता रोजाना घंटों जाम, ईंधन की बबार्दी और दुर्घटनाओं के खतरे से जूझती रही। सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने इस गंभीर जनसमस्या को प्राथमिकता देते हुए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के समक्ष तथ्यों, ट्रैफिक दबाव और जनहित के दृष्टिकोण से मजबूती से मामला रखा। उनकी सक्रियता, निरंतर संवाद और राजनीतिक इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि केंद्र सरकार ने इस परियोजना को स्वीकृति देकर क्षेत्र के विकास को नई गति दी है। फ्लाईओवर निर्माण की मंजूरी की खबर मिलते ही ओरमांझी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और संतोष का माहौल बन गया है।



# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 172 स्टेशनों का काम पूरा हुआ : अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली** : रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के दीर्घकालिक पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों के सुधार हेतु मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन करना शामिल है। मास्टर प्लान में निम्नलिखित बातें शामिल हैंः स्टेशन और आवागमन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार,स्टेशन का शहर के दोनों हिस्सों से जुड़ाव, स्टेशन भवन का सुधार, प्रतीक्षा कक्षों, शौचालयों, बैठने की व्यवस्था और पानी के बूथों में सुधार,यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े फुट ओवरब्रिज/एयर कॉनकोर्स का प्रावधान। लिफ्ट/एस्केलेटर/रैंप की व्यवस्था, प्लेटफार्म की सतह में सुधार/उपलब्धता और प्लेटफार्म के ऊपर आवरण का प्रावधान, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था करना। पार्किंग क्षेत्र, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकतानुसार एग्जीक्युटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए निर्धारित स्थान, हरियाली आदि की व्यवस्था करना। इस योजना में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, आवश्यकतानुसार बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान, चरणबद्ध कार्यान्वयन और व्यवहार्यता के साथ-साथ दीर्घकालिक रूप से स्टेशन पर शहर केंद्र का निर्माण जैसी परिकल्पनाएं भी शामिल हैं। अब तक इस योजना के तहत विकास के लिए 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है। फिलहाल, 172 स्टेशनों का काम पूरा हो चुका है।

**पुलों की सुरक्षा**

**भारतीय** रेलवे (आईआर) द्वारा देशभर के पुलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, आईआर में रेलवे पुलों के निरीक्षण की एक सुस्थापित प्रणाली है। सभी पुलों का निरीक्षण वर्ष में दो बार नामित अधिकारियों द्वारा किया जाता है, एक बार मानसून शुरू होने से पहले और एक बार मानसून के बाद विस्तृत निरीक्षण। इसके अतिरिक्त, मुख्य पुल अभियंता (सीबीई) द्वारा निर्धारित स्थिति के आधार पर कुछ पुलों का निरीक्षण अधिक बार भी किया जाता है। महत्वपूर्ण और बड़े पुलों का व्यापक तकनीकी निरीक्षण इस प्रकार किया जाता है कि ऐसे 20 प्रतिशत पुलों का निरीक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है। पुलों की मरम्मत/मजबूतीकरण/पुनर्वास/पुनर्निर्माण। एक सतत और निरंतर प्रक्रिया है और यह पुलों के निरीक्षण के आधार पर की जाती है। 2022-2025 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान, भारतीय रेलवे में 8,626 रेलवे पुलों की मरम्मत/पुनर्वास/मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण। किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ रेलवे पुलों की स्थिति के आधार पर उनका निरीक्षण अधिक बार किया जाता है। रेलवे पुलों की मरम्मत/मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण एक सतत प्रक्रिया है और निरीक्षण के दौरान उनकी भौतिक स्थिति के आधार पर आवश्यकतानुसार की जाती है। विशेष तकनीकी ऑडिट भी किया जाता है और अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है। सबवे/आरयूबी का निरीक्षण मानसून शुरू होने से पहले और बाद में किया जाता है। रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और सबवे में जलभराव को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जैसे कि नए डिजाइनों में बेहतर जल निकासी व्यवस्था, पानी को प्राकृतिक नालियों में मोड़ना, हंप और क्रॉस-ड्रेन बनाना, जोड़ों को सील करना और संवेदनशील स्थानों पर उच्च क्षमता वाले पंप लगाना।

भारतीय रेलवे पुल नियमावली (आईआरबीएम) में पुल पुनर्निर्माण कार्यों की कार्यप्रणाली दी गई है। अनुबंध प्रबंधन और अनुबंध की सामान्य एवं विशेष शर्तों के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन योजना (क्यूएपी) और निरीक्षण एवं परीक्षण योजना (आईटीपी) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। निष्पादन एजेंसी की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए दोष दायित्व अवधि तक सुरक्षा जमा राशि को रोके रखने और अनुबंध समाप्त करने जैसे दंडात्मक प्रावधानों को शामिल किया गया है। पुल निर्माण कार्य का पूरा होना स्थान, प्रकार, योजनाओं की स्वीकृति, पहुंच मार्ग की उपलब्धता, जलवायु परिस्थितियों के कारण वर्ष में कार्य मौसम की अवधि, ब्लॉकों की उपलब्धता, गति प्रतिबंध आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

**कोच निर्माण**

**वर्तमान** में, रेल मंत्रालय के अधीन देश में तीन कोच निर्माण इकाइयां कार्यरत हैं। कोच निर्माण इकाइयों के विकास की लागत स्थान, निर्मित किए जाने वाले कोचों के प्रकार, नियोजित उत्पादन क्षमता और स्थापित की जाने वाली मशीनरी और संयंत्र जैसे कारकों पर निर्भर करती है। कोच निर्माण इकाइयों के विकास पर व्यय लंबी अवधि में और कई चरणों में होता है, जिसमें इकाइयों की प्रारंभिक स्थापना के साथ-साथ समय-समय पर सुविधाओं का उन्नयन और विस्तार भी शामिल है। उदाहरण के लिए, रायबरेली स्थित नवीनतम कार्यरत कोच निर्माण इकाई - मॉडर्न कोच फैक्ट्री - की स्थापना पर 3,042.83 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है। इसके अतिरिक्त, तीन कार्यरत कोच निर्माण इकाइयों, अर्थात इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला और मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली के उन्नयन/विस्तार से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के लिए 2443 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# एमसीजी करेगा ऐतिहासिक 150वां एनिवर्सरी टेस्ट की मेजबानी, टिकटों की रिकॉर्ड मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मार्च 2027 में खेले जाने वाले ऐतिहासिक 150वें एनिवर्सरी टेस्ट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले इस खास मुकाबले के लिए टिकटों की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा रही है। सार्वजनिक टिकट बैलेट इस सप्ताह बंद होने जा रहा है और उससे पहले ही भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह ऐतिहासिक टेस्ट मैच 11 मार्च 2027 से एमसीजी में खेला जाएगा और खास बात यह है कि यह पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट होगा। यह मुकाबला क्रिकेट के 150 साल के गौरवशाली इतिहास का जश्न होगा, जिसमें खेल की दुनिया के कई बड़े और प्रतिष्ठित नामों की मौजूदगी तय मानी जा रही है। टिकटों की अत्यधिक मांग को देखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने इतिहास में पहली बार सार्वजनिक बैलेट सिस्टम अपनाया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, इस बैलेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि शुक्रवार, 6 फरवरी को शाम 5 बजे (ऑस्ट्रेलिया समय के अनुसार) तय की गई है। बैलेट बंद होने के बाद सभी आवेदनों को रैंडमाइज किया जाएगा और सफल आवेदकों को 20 फरवरी तक सूचित किया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस इवेंट के लिए न केवल विक्टोरिया बल्कि अन्य राज्यों और विदेशों से भी बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। खास तौर पर विदेशों से आए अधिकतर आवेदन यूके से हैं। अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आवेदनों को विक्टोरिया के निवासियों से अलग श्रेणी में गिना जा रहा है। सीए इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी जीवित पुरुष और महिला आईसीसी हॉल ऑफ फेम इंडक्टी, ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य, 1977 के सेंटेनरी टेस्ट में खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी, पूर्व टेस्ट कप्तान और दोनों देशों के पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। अब तक 100 से ज्यादा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और विश्व क्रिकेट की दिग्गज हस्तियां अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर चुकी हैं। 150वां एनिवर्सरी टेस्ट उस ऐतिहासिक परंपरा की अगली कड़ी होगा जिसकी शुरुआत मार्च 1877 में एमसीजी पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच से हुई थी। इसके बाद 1977 में खेला गया सेंटेनरी टेस्ट भी ऐतिहासिक रहा, जिसमें डेविड हुक्स, टोनी ग्रेग और रिक मैककॉस्कर जैसे दिग्गजों ने यादगार प्रदर्शन किया था। खास बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट और सेंटेनरी टेस्ट दोनों ही 45 रन से जीते थे। यह मुकाबला एमसीजी में खेला जाने वाला पहला पुरुष डे-नाइट टेस्ट भी होगा। आयोजन के दौरान दुनियाभर के क्रिकेट दिग्गजों को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह और मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय बनने जा रहा है।



## एक झलक

### जून में शादी के बंधन में बंध सकते हैं रिंकू और प्रिया

**नयी दिल्ली :** क्रिकेटर रिंकू सिंह सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ इसी साल जून में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। रिंक अभी आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए टीम के साथ हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी शादी की तारीख शीघ्र ही सामने आयेगी। रिंकू और प्रिया की सगाई पिछले साल लखनऊ में हुई थी। इसमें कई दिग्गज राजनेता और क्रिकेटर भी शामिल हुए थे। पहले दोनों के शादी को लेकर 18 नवंबर 2025 की तारीख सामने आई थी पर रिंकू के व्यस्त होने के कारण इसे टाल दिया गया था। रिंकू की सगाई की तस्वीरों को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया था। प्रिया के साथ उनके रिश्ते की खबर सोशल मीडिया पर छायी रही थी। सगाई की तस्वीरें और डांस के वीडियो भी प्रशंसकों ने जमकर पसंद किये थे। रिंकू आईपीएल 2024 के बाद से ही भारतीय टीम के साथ हैं। अभी वह टी20 विश्वकप में व्यस्त हैं। विश्वकप 7 फरवरी से शुरू होने वाला है। इसके बाद 26 मार्च से 31 मई के बीच आईपीएल मुकाबले होंगे। इसके बाद ही रिंकू और प्रिया की शादी होगी। रिंकू भारतीय टी20 टीम में शामिल हैं।

### अभ्यास मैच में ईशान और अभिषेक इस कारण हुए रिटायर

**नवी मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां हुए एकमात्र अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने ईशान किशन के अर्धशतक से 20 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम 210 रन ही बना पायी। इस मैच में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन रिटायर हो गये ताकि अन्य बल्लेबाजों को भी अवसर मिल सके। इस मैच में भारतीय टीम की पारी की शुरुआत अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने की जिससे साफ है कि विश्वकप में संजू सैमसन नहीं बल्कि ईशान को पारी शुरू करने का अवसर मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभिषेक शर्मा केवल 24 रन बनाकर रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गये। ईशान ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करते हुए तेजी से रन बनाये। वह भी अभिषेक की ही तरह रिटायर्ड आउट होकर वापस लौट गए। इसके बाद तिलक वर्मा को बल्लेबाजी का अवसर मिला। वार्म-अप मैच में अधिक से अधिक बल्लेबाजों को खेलने का अवसर देने के लिए ही अभिषेक और ईशान रिटायर हुए।

### अब पीएसएल में खेलेंगे स्मिथ

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को अब पाकिस्तान प्रीमियर लीग (पीएसएल) में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। स्मिथ इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में उतरे थे पर उनपर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगायी। ऐसे में स्मिथ अब पीएसएल 2026 सत्र में खेलना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने प्रयास भी शुरू कर दिये हैं। स्मिथ को एक टीम से प्रस्ताव भी मिला है जिससे उनका करार भी हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्मिथ पीएसएल के 10वें सीजन में सियालकोट स्टैलियंस की ओर से खेलते दिखेंगे।

# भारत-इंग्लैंड के बीच खिताबी मुकाबला आज




**भारतीय टीम :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आर.एस. अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी. दीपेश, मोहम्मद एमान, एरॉन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडु, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उदय मोहन, हेमिल पटेल, खिलान ए। पटेल, हर्षवर्धन सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी

**इंग्लैंड टीम :** थॉमस रेव (कप्तान), फरहान अहमद, रॉकी अलर्ट, बिल वीसन, बेन डॉकिन्स, कालेब फॉल्कनर, अली फारूक, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हेंडरसन, मैनी लार्डन, बेन मेयर, जेम्स मीटो, जो मूर्स, सेबेस्टियन मॉर्गन

### दोपहर एक बजे से खेला जायेगा खिताबी मुकाबला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हरारे :** भारत और इंग्लैंड की टीमें शुक्रवार को यहां यूथ अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर दसवीं बार फाइनल में प्रवेश किया जबकि इंग्लैंड टीम छठी बार फाइनल में पहुंची है। भारत और इंग्लैंड दोनो ही टीमों ने अपने-अपने सभी मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी है। भी अपने सभी मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच फाइनल छह फरवरी को हरारे में भारतीय समय के मुताबिक दोपहर एक बजे से खेला जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और इंग्लैंड की टीमों ने अब तक अंडर 19 में 55 यूथ एकदिवसीय मैच खेले हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 41 मुकाबलों में जीत हासिल की है। वहीं भारीय टीम को 13 मुकाबलों में उसे हार मिली जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला। दूसरी ओर इंग्लैंड को 13 मैचों में जीत मिली है। फाइनल में पहुंचने के बाद उत्साहित भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने कहा कि यहां पहुंचने का अहसास काफी अच्छा है। हमारे लिए विश्वकप फाइनल खेलना सुखद अनुभवी है। सभी प्रसंशकों से मेरी अपील है कि आप इसी प्रकार हमारा समर्थन करते रहें। हम फाइनल मैच में अपनी ओर से जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। हम फाइनल मैच को केवल एक गेम की तरह ही रखेंगे। भारत ने जहां पहले सेमीफाइनल में आरोन जॉर्ज के 115 रनों की शतकीय पारी से अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से हराकर फाइनल में जगह बनायी है।

## स्टेट ताइक्वांडो में रांची का दबदबा झटके दो स्वर्ण सहित पांच पदक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी :** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राजधानी रांची के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में रांची की टीम ने कुल 5 पदक अपने नाम किए, जिनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं मॉं विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज,कर्मटांड़ पदमा में आयोजित दो दिवसीय प्रथम झारखंड ताइक्वांडो चैलेंज कप 2026 में रांची के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 12 जिलों से आए प्रतिस्पर्धियों के बीच रांची डिस्ट्रिक्ट यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन के पांचों खिलाड़ियों ने पदक जीतकर शत-प्रतिशत परिणाम दिया।कोच शकील अंसारी के मार्गदर्शन में उतरे सभी 2 पुरुष और 3 महिला खिलाड़ियों ने पदक जीते, जिसमें अफताब आलम (गोल्ड मेडल), कहकशा अफरीन (गोल्ड मेडल), हसीब अंसारी (सिल्वर मेडल), सोनी कुमारी (सिल्वर मेडल) एवं काजल कुमारी (ब्रॉन्ज मेडल) शामिल हैं. रांची जिला यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद जमील अंसारी ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर मोहम्मद जमील अंसारी,अबु अली,खुशी तिर्की,जाहिदा कौसर,जयपाल महतो,शाहनवाज अंसारी और मनीषा मुंडा समेत कई खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बी.एन.एन. स्कूल की छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की प्रिंसिपल ए. जहां अंसारी ने खुशी जताते हुए कहा कि स्कूल के ताइक्वांडो खिलाड़ियों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है।




इटली में स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बीच कर्लिंग मिश्रित युगल दौर में भाग लेती हुई इसाबेला वराना व रासमुस वराना।

## सुरुचि सिंह, सम्राट राणा को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा में रजत



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की सुरुचि सिंह और सम्राट राणा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 479.6 अंक हासिल किए। फाइनल मुकाबले में भारत को उज्बेकिस्तान की निगिना सईदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव की जोड़ी से कड़ी चुनौती मिली। उज्बेकिस्तान की टीम ने दूसरे हिस्से में जोरदार वापसी करते हुए 481.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं, चीनी ताइपे की चेंग येन-चिंग और ह्सीह ह्सियांग-चेन की जोड़ी ने 412.2 अंक जुटाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहली दो सीरीज के बाद बढ़त बनाए रखी, जिससे उज्बेकिस्तान की टीम पर दबाव बना। हालांकि, तीसरी सीरीज से उज्बेक जोड़ी ने मुकाबले का रुख पलट दिया और लगातार बढ़त बनाते हुए अंत तक उसे बरकरार रखा। अंततः उज्बेकिस्तान ने 1.7 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में भी सुरुचि और सम्राट ने दमदार प्रदर्शन किया था।

एशियाई शूटिंग

## डीएवी खेल प्रतियोगिता 2026 में एम.के. डीएवी डाल्टनगंज का शानदार प्रदर्शन



**मेदिनीनगर :** एम.के. डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने दयानंद एंग्लो वैदिक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न खेल विधाओं में छात्रों ने अनुशासन, साहस और खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। वेटलिफ्टिंग (अंडर-17 बालक वर्ग) में युवराज दुबे ने 73 किलोग्राम से कम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी ताकत और एकाग्रता सराहनीय रही। स्केटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। शिवम कुमार (अंडर-19) ने 300 मीटर और 1000 मीटर इनलाइन रेस में दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि अगम्य रंजन (अंडर-14) ने 300 मीटर इनलाइन रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## टी20 विश्वकप में अभिषेक पर रहेंगी नजरें : शास्त्री



एजेंसी

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री मानना है कि टी20 विश्वकप में आक्रमक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर सभी की नजरें रहेंगी। शास्त्री के अनुसार अभिषेक इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड साबित होंगे। इस पूर्व कोच के अनुसार अभिषेक निडर होकर खेलते हैं। उनमें गजब का आत्मविश्वास है और ऐसे में वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोध टीम के गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त कर देते हैं। इसके अलावा उन्हें घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनकर उभरेंगे। यहां एक कार्यक्रम में शास्त्री ने अभिषेक की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विश्वकप में सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी होंगे जो मैच बदलने में सक्षम रहेगा। उनके अनुसार अभिषेक इस समय जबरदस्त लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। जिस प्रकार का आत्मविश्वास उसके अंदर भरा हुआ है।

## गुमला पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट 2026 का भव्य शुभारंभ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला :** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्सफेस्ट 2026 का शुभारम्भ कॉलेज खेल मैदान में अत्यंत भव्यता, उत्साह एवं उल्लासपूर्ण वातावरण के बीच किया गया। यह तीन दिवसीय खेल महोत्सव छात्रों की प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक शब्दों एवं खेल तथा छात्र विकास के प्रति अटूट समर्थन से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक महोदय द्वारा खेल ध्वज फहराकर खेल-महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों के खेल कमांडरों एवं प्रतिभागियों ने अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार फ्लैग मार्च प्रस्तुत किया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने ईमानदारी, अनुशासन और निष्पक्ष खेल भावना को बनाए रखने की शपथ ली प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रज्वलित करने हेतु निदेशक श्री अभिजीत कुमार द्वारा खेल मशाल प्रज्वलित की गई, जिसे विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने एकता और दृढ़ संकल्प के प्रतीक स्वरूप मार्च के माध्यम से आगे बढ़ाया।अपने प्रेरक संबोधन में निदेशक महोदय ने छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, टीम वर्क की भावना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को पूरे उत्साह, समर्पण एवं दृढ़ता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निदेशक महोदय ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि नशा न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उज्ज्वल भविष्य, करियर और पारिवारिक सपनों को भी नुकसान पहुंचाता है।

## झारखंड की बालिका टीम ने मारी बाजी, जीता स्वर्ण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड की बालिका टीम ने काफी संघर्ष करते हुए इस बार फिर से पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप में अपना खेल का जलवा बिखेरते हुए झारखंड के बालिका दिव्यांग खिलाड़ियों ने झारखंड को दिलाई स्वर्ण पदक फाइनल में इनका मुकाबला राजस्थान के साथ हुआ है और झारखंड ने राजस्थान को 21-17 से पराजित किया। वहीं पुरुष वर्ग सेमीफाइनल में काफी टक्कर के बाद हार का सामना किया और फोर्थ पोजीशन से संतुष्ट रहना पड़ा यह आयोजित पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप जो दिनांक 3 फरवरी से 5 फरवरी 2026 तक आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड में पुरुष वर्ग से ( कप्तान)सनोज महतो, मुकेश कंचन, पवन लकड़ा, चंदन लोहरा, मुकेश कुमार, अंगद कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार मेहता एवं महिला वर्ग से महिमा उरांव( कप्तान) अनीता तिर्की, प्रतिमा तिर्की, पुष्पा मिंज, संजुक्ता एक्का, असुंता टोप्पो, सरिता भूट कुमारी, व अन्य सभी सम्मिलित हैं।

# अमन सहरावत को रजत, सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जाग्रेब में जारी रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में भारत ने शानदार शुरुआत की है। पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं के पहले दिन बुधवार को भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग सर्किट में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत को दिन का पहला बड़ा परिणाम दिलाया। अमन ने शुरुआती दोनों मुकाबलों में दमदार तकनीकी जीत दर्ज की। उन्होंने पहले मुकाबले में जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाशविली को 10-0 से और दूसरे मुकाबले में ईरान के रजा मोमेनिजूजादेह को 12झ2 से मात दी। हालांकि तीसरे दौर में अमन को अमेरिका के ऑस्टिन डी-सैंटो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जहां अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 0-8 से फॉल के जरिए पराजित किया। भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक सुजीत कलकल ने दिलाया। सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी इस जीत से भारतीय दल को टूर्नामेंट के शुरुआती दिन ही बड़ा मनोबल मिला और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक भी हासिल हुए। 70 किग्रा भार वर्ग में अभिमन्यु मंडवाल ने कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका को और मजबूत किया। अभिमन्यु ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें ईरान के सिना खलीली से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के इयान पार्कर को 6-3 से हराकर पदक पक्का किया। वहीं 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया कांस्य पदक से चूक गए। कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन ईरान के अली सवदकूही से 5-6 के करीबी अंतर से हार गए। कुल मिलाकर जाग्रेब रैंकिंग सीरीज के पहले दिन भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा और आने वाले मुकाबलों में टीम से और बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा रही है।

## कोपा इटालिया : इंटर मिलान ने टोरिनो को हरा कर सेमीफाइनल में बनायी जगह



एजेंसी

**मिलान :** इंटर मिलान ने बुधवार रात खेले गए कोपा इटालिया क्वार्टरफाइनल मुकाबले में टोरिनो को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कड़े मुकाबले में फ्रांस के युवा खिलाड़ियों एंजे-योआन बॉनी और एंडी डियूफ ने इंटर की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच के 35वें मिनट में सेंटर-फॉरवर्ड एंजे-योआन बॉनी ने ताकतवर एंगल्ड हेडर के जरिए इंटर को बढ़त दिलाई। उनका शॉट सीधे टोरिनो के गोलकीपर अल्बर्टो पालेयारी के हाथों से निकलकर गोल में चला गया। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही इंटर ने बढ़त दोगुनी कर ली। 47वें मिनट में एंडी डियूफ ने मार्कस थुराम के शानदार क्रॉस पर आसान टैप-इन करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि टोरिनो ने हार नहीं मानी। मैच के लगभग एक घंटे के करीब क्रोएशियाई स्ट्राइकर सैंड्रो कुलेनोविच ने ऊंची छलांग लगाकर शानदार हेडर से गोल दागा और अपनी टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके बाद टोरिनो ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया, लेकिन इंटर की मजबूत और अनुशासित डिफेंस के सामने उन्हें सफलता नहीं मिल सकी।

## एक झलक

### रांची में तीन दिवसीय इंटर इंजीनियरिंग एक्सपो 2026 आयोजित

**रांची** : राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में इंटर इंजीनियरिंग एक्सपो 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। ओलंपिया एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित इस एक्सपो में इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक तकनीक से जुड़े देश-विदेश की कई कंपनियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान आधुनिक इंजीनियरिंग समाधान, अत्याधुनिक मशीनरी, ऑटोमेशन तकनीक और विभिन्न औद्योगिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। एक्सपो में उद्योग जगत, सरकारी संस्थानों और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आपसी सहयोग और नये व्यापारिक अवसरों पर चर्चा की। ओलंपिया एग्जिबिशन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन लोकेश चौधरी और सीईओ एसके त्रिपाठी ने कहा कि यह आयोजन नेटवर्किंग, नवाचार और व्यापार विस्तार के लिए प्रभावी मंच साबित हुआ, जहां प्रतिभागियों को नई तकनीकों और उद्योग की संभावनाओं से रूबरू होने का मौका मिला। तीन दिवसीय एक्सपो में हजारों की संख्या के लोग पहुंचे और नई तकनीक की जानकारी ली।

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक सर्विसेज फंड, सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ का मिलेगा फायदा

**रांची** : कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी / कोटक म्यूचुअल फंड) ने कोटक सर्विसेज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। यह नया फंड ऑफर (एनएफओ) 4 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। इसके जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था (जी वी ए-ग्रॉस वैल्यू एडेड) में लगभग 55% योगदान देता है और देश की 31.5% आबादी को रोजगार देता है। कंज्यूमर सर्विसेज, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, पावर और ऑयल एंड गैस जैसे कई सेक्टर तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है और लंबे समय के निवेशकों के लिए कई नए विकास के मौके पैदा कर रही है। कोटक सर्विसेज फंड का लक्ष्य इन अलग-अलग अवसरों का फायदा उठाना है। इसके लिए फंड एक सख्त और सोच-समझ कर बनाई गई निवेश रणनीति अपनाएगा, जिसमें उचित कीमत पर ग्रोथ (ग्रोथ ऐट रीजनेबल प्राइस) और बॉटम-अप बीएएमवी फ्रेमवर्क (बिजनेस, मैनेजमेंट और वैल्यू) पर ध्यान दिया जाएगा। यह फंड सभी तरह की कंपनियों में निवेश करेगा (स्मॉल कैप, मिड कैप और लार्ज कैप कंपनियां), खासतौर पर उन अच्छी क्वालिटी के बिजनेस में जिनका कैश फ्लो मजबूत हो, बिजनेस मॉडल बढ़ाया जा सके, और जिनमें लंबे समय तक अच्छा रिटर्न देने की क्षमता हो।

# भारत अगले दो-तीन दशकों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा : मुकेश

**रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा...**

- ब्लैकरॉक सीईओ ने भारत को बताया लॉन्ग-टर्म वेल्थ क्रिएशन का सबसे बड़ा अवसर
- देश की ग्रोथ का फायदा उठाने के लिए सेवर्स से इन्वेस्टर्स बने यंग इंडिया
- AI से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में आयेगा बड़ा बदलाव



**नयी दिल्ली** : रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी अम्बानी ने कहा कि भारत अगले 20-30 वर्षों में 25 से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है और यह दौर देश की युवा पीढ़ी के लिए निवेश का एक बहुत बड़ा अवसर होगा। मुम्बई में आयोजित जियो-ब्लैकरॉक कार्यक्रम 'इन्वेस्टिंग फॉर ए न्यू एरा' में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ फायरसाइड चैट के दौरान अंबानी ने भारत की विकास यात्रा का स्पष्ट खाका पेश किया। जियोब्लैकरॉक इवेंट में मुकेश अम्बानी ने कहा कि भारत पारंपरिक रूप से बचत का देश रहा है, लेकिन अब समय है कि देश के आगे बढ़ने का फायदा निवेश कर-के उठाया जाये। बचत को निवेश में बदला जाये। सेविंग्स का पैसा यदि कैपिटल मार्केट्स में निवेश हो, तो इससे न केवल परिवारों की सम्पत्ति बढ़ेगी बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि को भी गति मिलेगी। लैरी फिंक ने भी इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि लॉन्ग-टर्म इक्विटी निवेश भारत जैसे तेजी से बढ़ते देश में सम्पत्ति सृजन का सबसे प्रभावी जरिया बन सकता है। अम्बानी ने कहा कि भारत के विकास की जड़ें मजबूत नीतियों, राजनीतिक स्थिरता, बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और डिजिटल क्रांति से जुड़ी हैं। 5G, डिजिटल इंडिया और कैपिटल मार्केट्स के विस्तार से भारत दीर्घकालिक निवेश के लिए आकर्षक केन्द्र बन गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर देते हुए अम्बानी ने कहा कि अक शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में शानदार बदलाव ला सकता है। उनके अनुसार एआई के जरिये उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, बेहतर हेल्थकेयर और प्रभावी सार्वजनिक सेवाएं 1.4 अरब लोगों तक सुलभ और किफायती रूप में पहुंचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक ने भारत को एरा ऑफ इंडिया बताया, जिस पर अम्बानी ने कहा कि जो लोग भारत की दीर्घकालिक ग्रोथ पर भरोसा करेंगे, वही आनेवाले दशकों में सबसे अधिक लाभ पायेंगे।

## होंडा ने लॉन्च किये डियो 125 एक्स-एडिशन और शाइन 125 लिमिटेड एडिशन, कीमत 87,733 से शुरू



**रांची** : होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज दो नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए डियो 125 एक्स-एडिशन, जिसकी कीमत 87,733 है, और शाइन 125 लिमिटेड एडिशन, जिसकी कीमत 86,211 है (दिल्ली एक्स-शोरूम)। बदलते राइडर्स को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किये गये ये दोनों स्पेशल एडिशन एक रिफ्रेश्ड आइडेंटिटी, आकर्षक नए ग्राफिक्स और प्रीमियम डिजाइन एन्हांसमेंट्स के साथ पेश किए गए हैं, जो तेजी से बढ़ते भारतीय टू-व्हीलर मार्केट में इनकी अपील को और बढ़ाते हैं। नये स्पेशल एडिशन पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, होंडा में हम लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स लाने का प्रयास करते हैं जो भारत के न्यू-एज राइडर्स की आकांक्षाओं से जुड़ें। बिल्कुल नया डियो 125 एक्स-एडिशन और शाइन 125 लिमिटेड एडिशन, स्टाइल की नयी अभिव्यक्तियां पेश करने के साथ-साथ उस भरोसे और विश्वसनीयता को भी दशार्ते हैं, जिसकी उम्मीद ग्राहक होंडा से करते हैं। ये लिमिटेड एडिशन एक्सप्रेसिव डिजाइन को होंडा की भरोसेमंद क्वालिटी के साथ जोड़ते हैं, ताकि हर राइड आत्मविश्वास भरी और सहज महसूस हो। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, श्योगेश माथुर ने कहा, डियो 125 एक्स-एडिशन होंडा की अपनी जेन जेड डिजाइन टीम द्वारा तैयार की गयी बोल्ड और यूथफुल एनर्जी के साथ आता है, जो आज के युवा राइडर्स की व्यक्तिगत पहचान को दर्शाता है। वहीं, शाइन 125 लिमिटेड एडिशन एक क्लीन और टाइमलेस डिजाइन अप्रोच अपनाता है, जो मोटरसाइकिल के स्लीक स्कल्प्चर्ड फॉर्म और रिफाइंड लुक को उभारता है। इन नए एडिशन्स के साथ हमारा लक्ष्य राइडर्स को स्टाइल, कम्फर्ट और रोजमर्रा की भरोसेमंद परफॉर्मेंस का संतुलन देना है, ताकि वे सड़क पर आत्मविश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त कर सकें। दोनों मॉडल होंडा के सोच-समझकर किए गए डिजाइन और सभी के लिए सुरक्षित व सहज राइडिंग अनुभव पर फोकस को बरकरार रखते हैं।

## एलआईसी का मुनाफा तीसरी तिमाही में 17 फीसदी बढ़ कर 12,958 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली** : सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवनी बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 17 फीसदी बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गयी, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी के मुताबिक कुल आय भी तीसरी तिमाही में बढ़ कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गयी, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी।

## भारत-जीसीसी की एफटीए पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम-शर्तों पर हुए हस्ताक्षर



**नयी दिल्ली** : यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता के बाद भारत पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर आगे बढ़ रहा है। भारत-जीसीसी ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तें (टीओआर) पर गुरुवार को हस्ताक्षर कर दिए हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद के साथ वार्ता को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। टीओआर में नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। गोयल ने बताया कि हमारे मुख्य वातार्कार द्वारा भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच एफटीए के लिए संदर्भ की शर्तें पर हस्ताक्षर होते देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि करीब एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह रहे हैं और काम कर रहे हैं। वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 देशों वाले सीजीसी (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) के साथ हमारे संबंध एक रणनीतिक साझेदारी में बदल गए हैं और नए और बड़े आयामों तक पहुंच गए हैं। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई, 2022 में पहले ही लागू किया था। इसके बाद भारत और ओमान ने 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। अब जीसीसी के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर एक तरह से बातचीत फिर से शुरू हो रही है। उल्लेखनीय है कि जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। इससे पहले दो दौर की बातचीत 2006 और 2008 में हुई थी। जीसीसी द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने के कारण तीसरे दौर की वार्ता नहीं हो पायी थी।

## कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने अपनी लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन जर्नी के पूरे किये 15 साल

kotak Mutual Fund

**रांची/जमशेदपुर** : कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय कोटक फ्लेक्सी कैप फंड के 15 साल पूरे होने की घोषणा की है। फंड ने लॉन्च से अब तक 16.59 फीसदी की सालाना औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की है, जो विभिन्न बाजार उतार-चढ़ाव के बीच इसके मजबूत और स्थिर प्रदर्शन को दर्शाती है। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने कहा कि फ्लेक्सी कैप कैटेगरी निवेशकों को भारत की विकास यात्रा में सभी सेगमेंट्स में भागीदारी का अवसर देती है, जहां निवेश के फैसले अनुभवी टीम द्वारा लिए जाते हैं। 31 दिसंबर 2025 तक, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड डायरेक्ट प्लान-ग्रोथ ने 10 साल में 15.70 फीसदी और 5 साल में 16.87 फीसदी का सीएजीआर दिया है। फंड के सीआईओ हर्ष उपाध्याय के अनुसार, रिसर्च आधारित रणनीति और मजबूत कंपनियों पर फोकस ने इस फंड को लंबी अवधि में बेहतर नतीजे देने में मदद की है। हर्षा उपाध्याय ने कहा कि, कोटक फ्लेक्सी कैप फंड ने पिछले 15 साल में अलग-अलग मार्केट फेज को सफलतापूर्वक पार किया है, क्योंकि यह हमेशा मजबूत और लंबे समय तक कमाई करने वाली कंपनियों में निवेश पर केंद्रित रहा है, जिनमें पूंजी का सही इस्तेमाल होता है। हमारा फोकस हमेशा गहराई से की गई रिसर्च पर आधारित सही शेयर चुनने पर रहा है, न कि थोड़े समय के ट्रेंड्स के पीछे भागने पर।

## पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का मुनाफा छह फीसदी बढ़ कर हुआ 8,212 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली** : सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा लगभग छह फीसदी बढ़ कर 8,211.90 करोड़ रुपये हो गया। कम्पनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में उसका मुनाफा 7,759.56 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच कंपनी के निदेशक मंडल ने इस तिमाही के लिए प्रति शेयर चार रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय करीब नौ फीसदी बढ़ कर 29,140.57 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,821.84 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा अप्रैल से दिसंबर अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 13 फीसदी बढ़कर 25,028 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में यह 22,157 करोड़ रुपये था। पीएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) परमिंदर चोपड़ा ने कहा कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के नौ महीनों में मजबूत प्रदर्शन किया है। इस दौरान ऋण परिसंपत्तियों में सालाना आधार पर 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ा ऋण खंड 28 प्रतिशत बढ़ा है।

## हंगामा ओटीटी की लोकप्रिय एंथोलॉजी हसरतें सीजन 3 के साथ लौटीं : छह महिलाएं, छह कहानियां




**मुंबई** : भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म में से एक हंगामा ओटीटी ने हसरतें सीजन 3 के लॉन्च की घोषणा की है। यह इसकी बेहद पसंद की जाने वाली एंथोलॉजी का अगला अध्याय है, जो महिलाओं की भीतरी दुनिया, अनकही इच्छाओं और शांत विद्रोह को लगातार सामने लाता रहा है। पहले दो सीजन की शानदार सफलता के बाद, यह सीजन और ऊंचा स्तर तय करता है। इसमें दमघोंटू शादियां, सख्त परंपराएं, राजनीतिक इस्तेमाल और भावनात्मक उपेक्षा से गढ़ी गई जिंदगियों की परतें खोली गई हैं। सालों में, हसरतें ने उन कहानियों के लिए एक मजबूत जगह बनाई है, जो अक्सर अनकही रह जाती हैं। महिलाओं की इच्छाओं, पहचान और सामाजिक बंधनों के बीच के संघर्ष को ईमानदारी और बेबाकी से दिखाने के कारण इसने दर्शकों से गहरा जुड़ाव बनाया है। सीजन 3 में यह शो छह दमदार एपिसोड लेकर आया है, जिनमें थ्रिलर, क्राइम और ड्रामा के तत्व शामिल हैं। हर कहानी साहसी, निजी और पूरी तरह मानवीय है। हसरतें सीजन 3 के पहले दो एपिसोड 22 जनवरी को रिलीज हुए, इसके बाद 27 जनवरी को दो एपिसोड आए और अंतिम दो एपिसोड 4 फरवरी को रिलीज किये गये। हसरतें सीजन 3 छह मजबूत कहानियों के जरिए उन महिलाओं की यात्रा दिखाता है, जो चुप्पी, संघर्ष और आत्मबोध के बीच रास्ता तलाश रही हैं। हल्ला बोल में ज्योति की कहानी है, जो एक प्रताड़ित पत्नी है और राजनीति में कठपुतली की तरह धकेल दी जाती है, लेकिन धीरे-धीरे अपनी आवाज ढूंढती है और नियंत्रण के खिलाफ खड़ी होती है। ब्यूटी पार्लर में लखनऊ की ब्यूटीशियन सलमा गरीबी, मातृत्व और उपेक्षित शादी के बीच संतुलन बनाते हुए अपनी गरिमा की कीमत पर मिलने वाली सुरक्षा का सामना करती है। मिडनाइट ब्राइड अनन्या की कहानी है, जो एक युवा विधवा है और हवेली में सख्त नियमों में बंधी हुई है, जहां कला और एक अनपेक्षित मौजूदगी के जरिए उसकी दबाई गई इच्छाएं सामने आती हैं। दो अनजाने में एक प्रताड़ित पत्नी और एक झूठे आरोप में फंसे शख्स की मुलाकात दंगों से भरी एक रात में होती है, जहां दोनों को नाजुक सी उम्मीद मिलती है। गुपचुप रसोई में नजरअंदाज की गई फूड कॉलम्निस्ट निर्मला को अपनी रसोई में विद्रोह की जगह मिलती है, जहां उसे पहचान भी मिलती है और खतरा भी। वहीं नया किरायेदार में स्मिता की खामोश तड़प दिखाई गई है, पति के गायब होने के बाद उसकी जिंदगी लगातार निगरानी में गुजर रही है, जिसे एक युवा संगीतकार की एंट्री हिला देती है।

## पेज एक के शेष

**भारत तेजी से आगे बढ़ रहा, हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान : मोदी...**

और देश में बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दे पर सवाल करना चाहती है, लेकिन उसे बोलने नहीं दिया जा रहा है। हम सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने यह तय किया था कि अगर नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता, तो हम सदन को चलने देते और चर्चा में भाग लेते, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। हमने सुबह भी कोशिश की और शून्यकाल के दौरान भी कोशिश की, लेकिन फिर भी उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद जॉन ब्रिटास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेता प्रतिपक्ष को दो मिनट के लिए बोलने दिया जाये, ताकि लोकसभा में हमें भाषण का अवसर न दिये जाने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करा सकें। संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष के नेता की संस्था उतनी ही महत्त्वपूर्ण होती है, जितनी कि प्रधानमंत्री की। आज हमारे नेता प्रतिपक्ष एक महत्त्वपूर्ण और वैध मुद्दा उठाना चाहते थे। हमें बहुत कम ही प्रधानमंत्री के सामने अपनी बात रखने का मौका मिलता है, क्योंकि वह अक्सर सदन में उपस्थित नहीं रहते। आज वह मौजूद थे, इसलिए नेता प्रतिपक्ष अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए, लेकिन उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गयी। अपने विरोध को दर्ज कराने के लिए ही हमने सदन से वॉकआउट किया।

**केन्द्रीय बजट में झारखंड की हुई है उपेक्षा : हेमन्त...**

झारखंड गरीब है, वह इसलिए गरीब है कि और राज्यों को आगे बढ़ाना है। दिल्ली, मुम्बई, गुजरात तो आगे बढ़ाना है, तो वाहन चलायेगा कौन, सड़क, बिल्डिंग बनायेगा कौन, फैक्ट्री चलेगी, तो उसको चलायेगा कौन। उसके लिए तो मजदूर चाहिए, इसीलिए झारखंड-बिहार को लोगों ने मजदूर बना कर छोड़ दिया। लेकिन, अब झारखंड बदल रहा है, झारखंड को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का हमने काम किया, विदेश में यहां के नौजवान पढ़ाई कर रहे हैं।

हेमन्त सोरेन ने यह भी कहा कि शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। अब दो आंख और होगी और हम और अच्छे तरीके से कोडरमा को देख सकेंगे। इस दौरान राज्य के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू, पार्टी नेता प्रणव वर्मा, पूर्व विधायक केदार हाजरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव के साथ पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय, जबकि संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया।

**कोडरमा में दिखेगा बदलाव : सुदीव्य**

**राज्य** के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि साल 2019 में विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता ने हेमन्त सोरेन के साथ चलने का निर्णय किया। चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, चाहे वह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हो, चाहे वह मंईयां सम्मान हो। जब 2024 का चुनाव आया, तो झारखंड के बड़े भू-भाग में और झारखंड के ज्यादा इलाके से लोगों ने हेमन्त सोरेन के पीछे चलने का संकल्प लिया और आज देख कर यह खुशी हो रही है कि कोडरमा की जनता ने भी हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में करवट लेने का मन बना लिया है और अब यहां भी बदलाव दिखेगा। वहीं, झामुमो में शामिल होने के बाद अपने सम्बोधन में शालिनी गुप्ता ने कहा कि आज यहां नयी ऊर्जा और जुनून है। आज एक नयी दिशा मिलनेवाली है और हम सब लोगों ने जो 15 साल से लगातार संघर्ष किया, तपस्या की। आज उसके नवीनीकरण का दिन है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में असम से आये एक मुख्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड हमारा होगा। पर झारखंड उनका हुआ नहीं, लेकिन उन्हें मैं जरूर कहना चाहती हूं कि झारखंड जिनका था, जिनसे है, उन्हीं का है और उन्हीं का रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भीम साहू, बिरेन्द्र साहू, सूर्यदेव मोदी, प्रवीण चंद्रवंशी, दुर्गा शाही, आईडी राम, कल्याणी सिंह, शमशुल खान, बृजनंदन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री को पौधा देकर उपायुक्त ने किया स्वागत**

**कोडरमा** आगमन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पौधा भेंट कर उपायुक्त ऋतुराज ने स्वागत किया। हेलीकॉप्टर से कोडरमा के जेजे कॉलेज पहुंचने पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उनकी सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ऋतुराज के अलावा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन भी मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव सहित झामुमो के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

**राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर...**

निर्णय के अनुसार राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, ओलिम्पिक में पदक जीनेवाले खिलाड़ियों को सरकार 20 हजार रुपये मासिक पेंशन देगी। इसी तरह वर्ल्ड कप, एशिएन गेम्स, सैफ से लेकर नेशनल गेम्स में पदक विजेताओं को क्रमानुसार 16 हजार से पांच हजार रुपये तक की पेंशन मिलेगी।

नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को सबसे कम पांच हजार रुपये पेंशन मिलेगी। जानकारी के अनुसार कार्य विभागों मसलन पेयजल स्वच्छता, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को एकाउंटिंग और वर्क्स मैनेजमेंट में सेवा प्रदाता के रूप में सहायता देनेवाली सी-डैक कम्पनी की सेवा विस्तार दी गयी है। इसी तरह जल संसाधन विभाग के तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के 2727 पदों को कार्मिक को प्रत्यर्पित किया गया है। सिद्धो-कान्हो, कोल्हान और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के पदों को रिस्ट्रक्चर किया गया है।

**कांग्रेस को 'अबोध बालक' ने बनाया बंधक : जेपी नड्डा...**

नहीं सुनना चाहते, तो यह उनका निर्णय है, लेकिन वे दूसरों को सुनने से नहीं रोक सकते।' उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सदन के नियमों का पालन नहीं करते।

इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा, 'राज्यसभा में विपक्ष के नेता को यह समझना चाहिए कि लोकसभा की कार्यवाही पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जा सकती। इस सम्बन्ध में पूर्व सभापतियों द्वारा फैसले दिये जा चुके हैं। अगर उन्हें चर्चा करनी है, तो वे अपनी पार्टी के सदस्यों से लोकसभा में इस पर चर्चा करने को कहें। मैं कांग्रेस और देश को यह संदेश देना चाहता हूं कि मोदी सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है।'

उन्होंने कहा, 'लोकसभा में उठाये गये सवालों का जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह तैयार थे, लेकिन आपने सदन को चलने नहीं दिया। आपने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बयान की मांग की थी, जिस पर पीयूष गोयल ने बयान दिया। विपक्ष के नेता ने तय समय से 20 मिनट अधिक बोला, फिर भी हमने कहा कि आप और बोल सकते हैं। लोकतंत्र खतरे में है, ऐसा कहना गलत है और मैं इसकी निन्दा करता हूं। एक मासूम बच्चे को बंधक बना कर अपनी पार्टी को बंधक मत बनाइए।'

इस पर खड़गे ने कहा कि संसद लोकसभा और राज्यसभा से मिल कर बनती है। हमारे संविधान के अनुसार दो सदन हैं, लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वे देशहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना चाहते थे। विपक्ष सदन को बाधित नहीं करना चाहता है, लेकिन पिछले चार दिनों से सदन इसलिए नहीं चल पा रहा है, क्योंकि विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा। आप अपनी गलतियों को छिपाने के लिए एक सदन को पंगु नहीं बना सकते। आपने देश के साथ विश्वासघात किया है और राष्ट्र का अपमान किया है। जब राहुल इस बारे में बात करते हैं, तो 'आपको खुजली उठती है'। आपकी पार्टी भी नरेन्द्र मोदी का बंधक बनी हुई है।

इस बहस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह विपक्ष का सम्मान करती हैं, लेकिन वह खड़गे के भाषण से 'लिंचिंग' शब्द हटाये जाने की मांग करती हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब एक दर्जी की लिंचिंग हुई थी, लेकिन उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान एक शिक्षक का हाथ काट दिया गया था। लेकिन, उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब 40 मिनट तक यह बहस जारी रही। उसके बाद कुछ सदस्यों ने अपनी बात रखी।

**सुनिश्चित करें पारदर्शी चुनाव...**

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पर्यवेक्षकों को आयोग के मार्गदर्शक दीप के रूप में चुना गया है। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी 824 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मशीनरी को ऊर्जा प्रदान करेगी और वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें।

निर्वाचन आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पर्यवेक्षक मैदान में तैनात चुनाव अधिकारियों के मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक की भूमिका निभायें। उनकी आमद का व्यापक प्रचार हो और वे मतदाताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह सुलभ रहें, ताकि किसी प्रकार के पक्षपात की धारणा भी न बने।

डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षक आयोग के निर्देशों को अक्षरशः लागू करायें और लोकतांत्रिक मूल्यों तथा निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मतदाता सूचना पर्चियां समय से पहले वितरित की जायें, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के दौरान आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ संदेह-निराकरण सत्र भी किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मतदाता सूची तैयार करने, चुनाव संचालन, आईटी अनुप्रयोगों, मीडिया प्रबंधन तथा पांचों राज्यों की चुनावी तैयारियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

तीनों चुनाव आयुक्तों ने पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये कि वे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशा-निर्देशों से भली-भांति परिचित हों और आयोग को सीधे फीडबैक दें, ताकि सभी प्रावधानों का कड़ाई और निष्पक्षता से पालन सुनिश्चित किया जा सके। पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और मतदाताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पूरी तरह उपलब्ध रहने को भी कहा गया।

**हाथियों के झुंड ने एक परिवार के तीन सदस्यों को कुचल कर मार डाला...**

इसी दौरान पति गंगवा की चीख आवाज सुन कर गंगवा की पत्नी कमली देवी बाहर निकलीं और भागने लगीं, तो हाथी ने उन्हें भी अपने सूंढ़ में लपेट कर पटक दिया और कुचल कर मार दिया। गजराजों का आतंक यही नहीं रुका। गंगवा करमाली की भाभी भगिया देवी भी घर से भागने लगीं, तो उन्हें भी हाथी ने पकड़ कर कुचल कर मार डाला। गजराजों के झुंड के हमले से मौके पर तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि इस हमले में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोमिया प्रखंड के महुआ टांड थाना क्षेत्र के बड़की पुन्नू गांव अति नक्सल प्रभावित घनघोर जंगल से घिरा हुआ है, जहां हथियों के झुंड ने प्रवेश किया और तांडव मचाया।

**माध्यमिक पास बेरोजगारों को भत्ता, डीए में बढ़ोतरी और सिविक वॉलंटियरों के वेतन में इजाफा...**

कैशलेस सुविधा मिलेगी। इस सम्बन्ध में जल्द ही सरकारी अधिसूचना जारी की जायेगी।

बजट में सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की अर्थव्यवस्था पर भी जोर दिया गया है। गिग इकोनॉमी से जुड़े कामगारों को स्वास्थ्य साथी योजना के दायरे में लाने की घोषणा की गयी है। साथ ही, बारुईपुर में एक 'कल्चरल सिटी' के निर्माण, राज्य में छह औद्योगिक एवं आर्थिक कॉरिडोर और सूक्ष्म, कुटीर व मध्यम उद्योगों के लिए पांच नये औद्योगिक पार्क बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।

करीब चार लाख छह हजार करोड़ रुपये के इस अंतरिम बजट को चुनाव से पहले ममता सरकार का आखिरी बजट माना जा रहा है। बजट भाषण के अंत में मुख्यमंत्री द्वारा लिखी गयी एक कविता का पाठ भी किया गया, जिसके साथ ही विधानसभा में 'जय बांग्ला' के नारे गूंजे।





## एक झलक

### स्पेन में बुर्का पहनने पर बैन लगाने की तैयारी

**मैड्रिड :** स्पेन में जल्द ही मुस्लिम महिलाओं और लड़कियों के सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का पहनने और चेहरा ढकने पर बैन लगाने की तैयारी है। स्पेन के स्वायत्त शासी क्षेत्र बैलेरिक द्वीपसमूह की संसद ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान दिया है, जिसमें राष्ट्रीय सरकार से देश में बुर्का और नकाब पर बैन लगाने की मांग की गई है। प्रस्ताव का समर्थन करने वालों मैलोर्का, मेनोर्का, इबिजा और फोरमेंटेरा द्वीपों के प्रतिनिधि शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्ताव को कंजर्वेटिव पीपुल्स पार्टी (पार्टिडो पॉपुलर) और वॉक्स पार्टी के समर्थन से मिला है। धुर दक्षिणपंथी वॉक्स पार्टी ने हिजाब पर भी बैन लगाने की मांग की लेकिन इसका दोनों तरफ से विरोध किया गया। रिपोर्टों के मुताबिक, स्पेन में करीब 30 लाख मुसलमान रहते हैं। इनकी बड़ी आबादी कैटेलोनिया, मैड्रिड, वालेंसिया और अंडालूसिया में है। कई समूहों ने बैलेरिक आइलैंड की संसद के इस कदम की आलोचना की है।

### इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति चिन्ताजनक

**इस्लामाबाद :** जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक है। उनके बेटे कासिम खान ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान सरकार जानबूझकर उनके और उनके बड़े भाई सुलेमान के वीजा आवेदन रोक रही है, जिससे वे अपने पिता से मिलने पाकिस्तान नहीं जा पा रहे हैं। कासिम ने पोस्ट में लिखा कि उनके पिता को 914 दिनों से एकांत कारावास में रखा गया है, जहां उनकी सेहत बिगड़ रही है और उन्हें स्वतंत्र चिकित्सा सुविधा से वंचित रखा गया है। उन्होंने कैदी के इलाज से वंचित रखने और बच्चों को पिता से मिलने के अधिकार से वंचित करने वाला सामूहिक दंड बताया।

### गोलीबारी में 24 फलस्तीनी मारे गये

**गाजा :** गाजा पट्टी में शांति की उम्मीदें फिर टूटती दिख रही हैं। बुधवार को हुई इजराइली गोलीबारी में कम से कम 24 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मृतकों में कई महिलाएं, बच्चे और एक ड्यूटी पर तैनात पैरामेडिक भी शामिल हैं। यह घटना 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम के दौरान हुई है, जिसे लेकर लगातार उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और सात महिलाएं थीं।

# एचएएल ने वायु सेना को समय पर एलसीए मार्क-1ए की आपूर्ति करने का दिया भरोसा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायु सेना को समय पर एलसीए मार्क-1ए की आपूर्ति करने का गुरुवार को भरोसा दिया है। आपूर्ति के लिए पांच तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान तैयार कर हैं, जिनके फायरिंग और मिसाइल ट्रायल्स पूरे हो चुके हैं। वायु सेना इन फाइटर जेट की आपूर्ति स्वीकार करने से पहले इस साल मई में 'कॉम्बैट एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट' की समीक्षा करेगी। भारतीय वायु सेना ने एचएएल को दो किश्तों में 180 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान के ऑर्डर दिए हैं। पहला ऑर्डर फरवरी 2021 में 83 लड़ाकू विमानों के लिए और दूसरा ऑर्डर पिछले साल सितंबर में 97 विमानों के लिए दिया गया था। एचएएल से दोनों सौदों के तहत वायु सेना को 141 लड़ाकू और 39 ट्रेनर विमान मिलने हैं। अभी तक एक भी विमान की आपूर्ति न होने पर वायु सेना प्रमुख कई मौकों पर अपनी नाराजगी जता चुके हैं। इस बीच मई में पाकिस्तान के साथ ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भी स्वदेशी लड़ाकू विमान की जरूरत महसूस की गई थी।

दरअसल, एचएएल से वायु सेना को पहले बैच की आपूर्ति मार्च 2025 तक होनी थी, लेकिन बाद में इस टाइमलाइन को बदलकर मार्च 2026 कर दिया गया। अब तक कोई अपडेट न मिलने से 31 मार्च की अंतिम समय सीमा तक आपूर्ति पर



■ फायरिंग और मिसाइल ट्रायल्स के बाद आपूर्ति के लिए पांच तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान तैयार

सवालिया निशान मंडरा रहा है, क्योंकि इसे अभी अपनी पहली उड़ान भरनी बाकी है। इस बीच एचएएल ने आज वायु सेना को भरोसा दिया है कि पांच एयरक्राफ्ट आपूर्ति के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें तय मानकों के अनुसार प्रमुख अनुबंधित क्षमताएं होंगी। एचएएल ने कहा कि नौ और एयरक्राफ्ट पहले ही बनाए और उड़ाए जा चुके हैं। अमेरिकी कंपनी जीई से इंजन मिलने पर इन एयरक्राफ्ट को भी आपूर्ति के लिए तैयार कर दिया जाएगा। एचएएल की ओर से बताया गया है कि विमानों की सभी डिजाइन और विकास के मुद्दे का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। जल्द से जल्द विमान आपूर्ति के लिए वायु सेना के साथ बातचीत किये जाने की तैयारी है। एचएएल को आज तक अमेरिकी कंपनी से पांच इंजन मिल चुके हैं और आगे भी इंजन की आपूर्ति जल्द से होने की उम्मीद है, इसलिए एचएएल ने भरोसा दिलाया है कि वह चालू वित्त वर्ष में विमानों की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

वायु सेना ने एचएएल से तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति स्वीकार करने से पहले इस प्रोजेक्ट की समीक्षा करने की बात कही है। इस प्रोजेक्ट पर पिछले साल दिसंबर में विस्तृत चर्चा हुई थी। वायु सेना को ज्यादातर एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट अप्रैल 2026 में पूरे होने की उम्मीद है, इसलिए मई में फिर से समीक्षा की जानी है। वर्तमान में वायु सेना के पास स्वीकृत 42 फाइटर स्क्वाड्रन के बजाय सिर्फ 31 स्क्वाड्रन ही हैं। पुराने मिग-21 जैसे विमान सेवा निवृत्त हो रहे हैं, जिससे लड़ाकू ताकत पर असर पड़ रहा है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कई बार कहा है कि वे तेजस मार्क-1ए का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल एयरो इंडिया में भी उन्होंने इस प्रोजेक्ट की धीमी गति पर खुलकर नाराजगी जताई थी।

# बीजापुर में 54 लाख के इनामी 12 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में गुरूवार को 54 लाख के इनामी 12 नक्सलियों ने पुलिस के आलाधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में 08 महिला और 4 पुरुष कैडर के नक्सली शामिल हैं। इन्होंने 3 आटोमैटिक हथियार, कारतूस और विस्फोटक पुलिस को सौंपें।

बीजापुर में सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयास से आज साउथ सब जोनल ब्यूरो से संबंधित कुल 54 लाख रुपए की इनामी 8 महिला और 4 पुरुष कैडर के 12 नक्सलियों, जिसमें डीवीसीएम-1 सदस्य, बटालियन नम्बर 1, कंपनी नम्बर दो-2, पीपीसीएम-1, एसीएम -2, पार्टी सदस्य-2, पीएलजीए सदस्य-4 ने 3 आटोमैटिक हथियार, कारतूस व विस्फोटक के साथ बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर बीएस.नेगी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।



■ 08 महिला और 04 पुरुष कैडर नक्सलियों ने पुलिस को 3 ऑटोमैटिक हथियार, कारतूस और विस्फोटक सौंपा

इस अवसर पर अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अमन कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक, रोशन आहूजा और उप पुलिस अधीक्षक विशाल गर्ग भी मौजूद थे।

नक्सलियों ने कहा कि अब उन्होंने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का परित्याग कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। पुनर्वास प्रक्रिया के तहत प्रत्येक कैडर को प्रोत्साहन स्वरूप 50 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बीजापुर जिले में 01 जनवरी 2024 से अब तक 888 नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं, 1163 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 231 नक्सली विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं। आत्मसमर्पण करने वाले 12 नक्सलियों में- 42 वर्षीय सोमडू मड़कम, साकिन यमपुर सेण्ड्राबोरपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर पद-दरभा डीविजन डीव्हीसीएम(कटेकल्याण एरिया कमेटी इंचार्ज), घोषित इनामी राशि 8 लाख रुपए, एके-47 हथियार और 1 मैग्जीन के साथ पुनर्वास।

# देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शुभारम्भ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन से देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी को आगामी तीन वर्षों के भीतर पूरे देश में शुरू किया जाएगा और यह टैक्सी चालकों के आर्थिक सशक्तीकरण का एक बड़ा माध्यम बनेगी।

अमित शाह ने कहा कि फिलहाल भारत टैक्सी की शुरूआत गुजरात के कुछ शहरों के साथ दिल्ली और एनसीआर में की जा रही है लेकिन अगले तीन साल से भी कम समय में यह देश के हर राज्य और प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक भारत टैक्सी टैक्सी चालकों के कल्याण का एक सशक्त मॉडल बनेगी।




टैक्सी चालकों को 'सारथी' की संज्ञा देते हुए शाह ने कहा कि अभी तक उनकी टैक्सी का पहिया किसी और की कमाई करता था, लेकिन भारत टैक्सी के माध्यम से अब वही पहिया उनकी अपनी कमाई और समृद्धि के लिए घूमेगा। उन्होंने कहा कि सहकार टैक्सी जो भी मुनाफा कमाएगी, उसमें से तीन वर्ष बाद केवल 20 प्रतिशत राशि सहकार टैक्सी के पास रहेगी, जबकि शेष 80 प्रतिशत राशि प्रति किलोमीटर की औसत के आधार पर सीधे सारथियों के खातों में स्थानांतरित की जाएगी। सहकार टैक्सी के मालिक भी स्वयं सारथी ही होंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी देश की माताओं और बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने 'सारथी दीदी' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए बताया कि ऐप पर एक अलग विंडो के माध्यम से महिला यात्रियों के लिए महिला चालक उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुरक्षित हो सकेगी।

शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार टैक्सी क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारिता टैक्सी क्षेत्र में कदम रख रही है। सहकारिता का मूल उद्देश्य यह है कि छोटे-छोटे संसाधनों वाले लोग मिलकर बड़े कार्य कर सकें। भारत टैक्सी इसका एक अनूठा उदाहरण है, जहां टैक्सी चलाने वाला ही कंपनी का मालिक है, न कि कोई निजी कॉरपोरेट संस्था। उन्होंने कहा कि संभवतः यह दुनिया की पहली ऐसी सहकारी टैक्सी सेवा है, जिसकी मालिकाना हक सीधे चालकों के पास है।

## विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने में प्लास्टिक उद्योग की भूमिका अहम : रेखा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भारत मंडपम में आयोजित प्लास्टइंडिया के 12वीं अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक प्रदर्शनी और सम्मेलन में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के नए विकास, रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़ी तकनीकों को देखा। साथ ही देशभर में सफाई, कचरा अलग करने और सस्टेनेबल जीवनशैली का संदेश दे रही 'स्वच्छता यात्रा' मोबाइल यूनिट से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने में प्लास्टिक उद्योग की अहम भूमिका है। जिम्मेदारी से उत्पादन 100 फीसद रीसाइक्लिंग, दोबारा उपयोग और नवाचार से यह क्षेत्र पर्यावरण की रक्षा के साथ रोजगार और विकास को भी बढ़ावा देता है। दिल्ली सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे राजधानी स्वच्छ, हरित और विकास की दिशा में आगे बढ़ती रहे। प्लास्टइंडिया प्रदर्शनी 5 से 10 फरवरी तक चलने वाला यह वैश्विक कार्यक्रम भारत सरकार के रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## दिशा के साथ रिश्ते की खबर पर तलविन्दर ने चुप्पी तोड़ी

**मुम्बई :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अक्सर अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। टाइगर श्रॉफ के साथ उनके रिश्ते ने एक समय खूब सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए। अब हाल के दिनों में दिशा का नाम पंजाबी गायक तलविंदर के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों के डेटिंग की खबरें सोशल मीडिया से लेकर एंटरटेनमेंट गलियारों तक छाई हुई हैं। इस बीच तलविंदर ने पहली बार इन चर्चाओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। एक इंटरव्यू के दौरान तलविंदर ने दिशा के साथ अपने रिश्ते की अफवाहों पर बात करते हुए कहा कि (नुपुर सेनन और स्टेबिन बेन) से शादी पहले उनकी आपसी जान-पहचान बढ़ी थी, लेकिन अचानक सामने आई इन खबरों ने उन्हें भी हैरान कर दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी भी तरह के दबाव या अफवाहों के आगे झुकना नहीं चाहते और फिलहाल एक-दूसरे को समझने की कोशिश कर रहे हैं।



गायक ने आगे जोड़ा, 'अगर लोग अफवाह फैलाना चाहते हैं, तो मैं इसे अफवाह ही रहने दूंगा।' प्यार और रिश्तों पर अपने विचार शेयर करते हुए तलविंदर ने कहा, ंमैं हर दिन प्यार में पड़ जाता हूं, मैं अभी भी प्यार में पड़ रहा हूं।ं हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान ने फैंस की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। गौरतलब है कि उदयपुर में नुपुर सैनन और स्टेबिन बेन की शादी के दौरान दिशा और तलविंदर को पहली बार साथ देखा गया था, जिसके बाद से दोनों के रिश्ते को लेकर कयासों का दौर जारी है।

## मृत कौवों में मिला एच5एनआई संक्रमण पशुपालन विभाग ने जारी की चेतावनी

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलनाडु राज्य में पिछले कुछ महीनों से बर्ड फ्लू का प्रकोप की स्थित चिंताजनक होता जा रही है। चेन्नई में कुछ दिनों पहले मृत मिले कौवों में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बाद राज्य सरकार ने पशुपालन सुरक्षा विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश ने दिए। विभाग ने सतर्क रहने की चेतावनी दी है कि यह संक्रमण मनुष्यों में भी फैलने की आशंका है। राज्य में बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण राज्य का पशु चिकित्सा विभाग के दल मुर्गी फार्मों, बतख पालन केंद्रों आदि पर पशु चिकित्सा दल गहन निगरानी कार्य में लगे हैं। केरल से सटे तमिलनाडु के सीमावर्ती क्षेत्र, विशेषकर कोयंबटूर के आसपास के इलाकों में बर्ड फ्लू के



प्रसार को रोकने के लिए चेक पोस्टों पर पशु चिकित्सा दल और अधिकारी तैनात किए गए हैं। केरल से तमिलनाडु आने वाले वाहनों की सख्त जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। कोयंबटूर जिले में स्थित मुर्गी फार्मों और बतख पालन केंद्रों में यदि पक्षियों में किसी प्रकार की बीमारी या अचानक मृत्यु के मामले सामने आते हैं, तो तुरंत पशुपालन विभाग को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत को हिन्दुत्व पर गर्व, हिन्दुत्व ही राष्ट्रत्व है : मोहन

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वैचारिक स्तर पर भारत को हिंदुत्व पर गर्व है, हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है। सनातन की धारा शाश्वत रूप से बहती रहे, इस उद्देश्य से संतवृंद और सरकार समन्वित रूप से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति को नए आयाम तक पहुंचाने में आदि शंकराचार्य का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मध्य प्रदेश की धरा से आदि शंकराचार्य का विशेष संबंध रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट के आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



■ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरिद्वार में संत सम्मेलन को किया संबोधित

हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का संचार कर रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

**संत महात्माओं को दिया सिंहस्थ-2028 का निमंत्रण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदि शंकराचार्य की परंपरा के संवाहक, वैदिक सनातन संस्कृति के उन्नायक, देश के प्रथम भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

समारोह में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि संतवृंद के आशीर्वाद से देश में पिछले वर्षों में हुआ बदलाव अद्भुत है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गया है और तेजी से एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

## चेचक से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिठापुरम :** उमर अली शाह रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट (यूएआरडीटी), पिठापुरम के तत्वावधान में डॉ. बी. आर. अंबेडकर गुरुकुलम गर्ल्स स्कूल और जूनियर कॉलेज में चिकन पॉक्स और कंजंक्टिवाइटिस से बचाव के लिए होम्योपैथिक दवाओं का वितरण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया किया।



आयोजकों ने बताया कि यह इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल के कहने पर स्टूडेंट्स में चिकन पॉक्स और कंजंक्टिवाइटिस को फैलने से रोकने के लिए किया गया था।

एमबीएम मल्टीस्पेशलिटी होम्योपैथी क्लिनिक की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुल्ला उमा माहेश्वरी ने इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया और बात की। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों को चिकन पॉक्स के लक्षण, बीमारी फैलने के कारणों और क्या सावधानियां बरतनी हैं, इन बातों कोआसान तरीके से समझाया गया। साथ ही, उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना और गंदे हाथों से आंखों को न छूना जैसे बचाव के तरीके बहुत जरूरी हैं।

इसी तरह, यह भी बताया गया कि होम्योपैथिक दवाएँ शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाती हैं और वायरस से असरदार तरीके से लड़ने में मदद करती हैं, और जब इम्यूनिटी मजबूत होती है, तो बीमारियों से इंफेक्शन होने का चांस कम हो जाता है। स्टूडेंट्स को बताया गया कि होम्योपैथी से बीमारियों से बचाव मुमकिन है।

इस प्रोग्राम में डॉ. बी. आर. अंबेडकर गुरुकुलम गर्ल्स स्कूल और जूनियर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डी. शशिकला, हेल्थ सुपरवाइजर जी. चक्रम्मा, टीचर बी. लक्ष्मी, वी. माधवी, हरिका, स्टूडेंट्स और उमर अली शाह रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट के मेंबर एस. साई कुमार ने हिस्सा लिया और प्रोग्राम को सफल बनाया।